राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 219
लखनऊ, रविवार 12 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्यायें 10

भारत किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम : राजनाथ 03


# सीएम ने की मियांपुर का नाम बदलकर रविंद्र नगर करने की घोषणा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि पापी पाकिस्तान और टुकड़ों में बंटने वाला है। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति का सबसे बड़ा दंश हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों ने झेला है। मुख्यमंत्री ने मियांपुर का नाम बदलकर 'रविंद्र नगर' करने की घोषणा की और कहा कि अब किसी क्षेत्र की पहचान गुलामी के प्रतीकों से नहीं होगी। इस अवसर पर उन्होंने तीन विधानसभा क्षेत्रों की 417 करोड़ रुपये की 213 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने बड़ी संख्या में लाभार्थियों को चेक भी प्रदान किए।



▶ बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी में मुख्यमंत्री योगी ने वितरित किए भूमिधरी अधिकार पत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखीमपुर खीरी जनपद में लगभग सात हजार परिवारों यानी लगभग 35 हजार लोगों को भौमिक अधिकार प्रदान किए गए हैं। पलिया के बाद अब मोहम्मदी में भी एक हजार परिवारों को यह अधिकार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना बांग्लादेश से 1947 और 1971 में आए परिवारों को उनका अधिकार देने की है। पापी पाकिस्तान ने अपने कर्मों से भारत का विभाजन कराया, फिर पाकिस्तान के भी टुकड़े हुए। इंतजार करिए, अभी यह और टुकड़ों में बंटने वाला है, लेकिन पाकिस्तान के पापों की सजा वहां रह रहे हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को मिली, क्योंकि उनके यहां किसी अन्य धर्म के लिए कोई जगह नहीं है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ने इन लोगों को ठुकराया और उनकी जमीन व पैतृक संपत्ति पर कब्जा किया। लेकिन, त्रासदी के बाद यहां आने वालों को पूर्व सरकारो ने अधिकार नहीं दिया। उनके वोट तो लिए, लेकिन मालिकाना हक कभी नहीं दिया। बल्कि, उनकी पहचान छिपाने के लिए गांव का नाम मियांपुर रख दिया गया, जबकि वहां एक भी मियां नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आपकी पहचान मियांपुर नहीं, बल्कि राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रविंद्रनाथ ठाकुर के नाम पर 'रविंद्र नगर' के रूप में होगी। बंगाल की भूमि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की भूमि है। भारत को राष्ट्रगान गुरुदेव ने दिया और राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय हैं। यह वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने का वर्ष है। इस अवसर पर आपको उस भूमि का स्वामित्व प्राप्त हुआ है, जहां आप दशकों पहले आकर बसे थे, लेकिन अब तक अधिकार नहीं मिला था।

योगी ने कहा कि दशकों पहले आपसे किए गए अधूरे वायदों को पूरा करने के लिए वह प्रधानमंत्री मोदी की ओर से आए हैं। आपके पूर्वज बांग्लादेश में रह रहे थे, लेकिन आपको मालिकाना अधिकार पीएम मोदी के सबका साथ-सबका विकास संकल्प के कारण भारत में मिल रहा है।

बांग्लादेश में प्रताड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन भारत की ओर आशा व विश्वास से देखते हैं। भारत उनके साथ खड़ा होगा। आप लोग केवल सीमा पार कर के नहीं आए थे, अपने साथ टूटे हुए सपनों की पीड़ा लेकर आए थे। भारत ने आपको गले लगाया। आपकी जाति, संप्रदाय या मत नहीं पूछा, आपको अपनाया और आपके साथ खड़ा रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संघर्ष से आज आपको यह अधिकार मिल पाया है।

### थारू समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमें वापस लेगी सरकार : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी के लोगों को बड़ी सौगात दी। महात्मा ज्योतिबा फुले व महाराणा सांगा के जन्मदिवस के एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जनपद में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है। इसके साथ ही सीएम ने फिर चेताया कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने और नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी। मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया और पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने थारू जनजाति के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देखी और अपनी संस्कृति को बचाकर रखने के लिए उनकी सराहना भी की।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,990/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,780/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,60,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में दुबई से आ रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह दुबई से काठमांडू जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। काठमांडू में मौसम खराब होने पर वहां लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली। उसके बाद पायलट ने लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को कॉल किया और लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने के बाद विमान को सुबह 8.22 बजे अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। फ्लाई दुबई की फ्लाइट (एफजेड-1133) में 154 यात्री सवार थे। सूत्रों के मुताबिक, फ्लाइट यूपी के अंबेडकरनगर के ऊपर थी, तभी पायलट के केबिन में धुआं महसूस हुआ। उस समय फ्लाइट 36 हजार फीट की ऊंचाई पर थी। पायलट ने धुआं महसूस होते ही लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे कॉल किया। मेडे कॉल के बाद यात्रियों को ऑक्सीजन मास्क उपलब्ध करा दिए गए। लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति लेकर फ्लाइट को शाम 5.17 बजे सुरक्षित लैंड कराया।

### हमीरपुर बना उत्तर प्रदेश का सबसे बेहतर जिला, पाया पहला स्थान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीएम डैशबोर्ड की मार्च माह की जारी रिपोर्ट में हमीरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है जबकि बरेली दूसरे और रामपुर तीसरे स्थान पर रहे। यह रैंकिंग जिलों के विकास कार्यों, राजस्व प्रबंधन और कानून-व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर तैयार की गई है।

### सीबीआई ने थाईलैंड से वांछित अपराधी साहिल चौहान का प्रत्यर्पण कराया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को थाईलैंड से हरियाणा पुलिस के वांछित आरोपित साहिल चौहान का प्रत्यर्पण किया। वह लंबे समय से हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध हथियारों के इस्तेमाल जैसे मामलों में वांछित था। सीबीआई ने बताया कि साहिल चौहान भुप्पी राणा गैंग का सक्रिय सदस्य है और साल 2017 में यमुनानगर के जगाधरी कोर्ट परिसर में गैंग प्रतिद्वंद्विता के दौरान गोलीबारी के मामले में दोषी ठहराया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद वह फरार होकर विदेश चला गया था। सीबीआई ने गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सहयोग से इंटरपोल चैनलों के माध्यम से कार्रवाई करते हुए उसे बैंकॉक से निर्वासित कर दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत वापस लाया, जहां हरियाणा पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। एजेंसी ने बताया कि साहिल चौहान ने 4 जनवरी 2017 को यमुनानगर के जगाधरी कोर्ट परिसर में मोनू राणा पर गोलियां चलाई थीं, जब उसे लंबित आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए अदालत लाया गया था। इस घटना के बाद उसके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल हुआ और अदालत ने उसे 10 साल की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में जमानत पर रिहा होने के बाद वह फरार हो गया और विदेश भाग गया।

# बंगाल चुनाव-2026 : कटवा रैली में प्रधानमंत्री का सीएए लागू करने व घुसपैठ रोकने का वादा

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कटवा में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए नागरिकता, घुसपैठ और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का स्पष्ट रुख सामने रखा।

उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा, विशेषकर मतुआ और नामशूद्र शरणार्थी परिवारों के लिए। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की सरकार लोगों में भय का माहौल बना रही है, जबकि केंद्र सरकार का उद्देश्य शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मतुआ और नामशूद्र समाज के लोग संविधान के संरक्षण में हैं और उन्हें उनका अधिकार जरूर मिलेगा। दक्षिण बंगाल में प्रभाव रखने वाले मतुआ समुदाय का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने पर सभी पात्र आवेदकों को शीघ्र नागरिकता दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि घुसपैठियों को अब अपना सामान बांध लेना चाहिए, भाजपा सरकार बनने पर उन्हें राज्य छोड़ना होगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में पश्चिम बंगाल में भय और असुरक्षा का वातावरण बना है। उन्होंने इसे तृणमूल के डर का शासन बताते हुए कहा कि यह चुनाव उस माहौल को समाप्त करने का अवसर है। भाजपा के एजेंडे को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता में आने पर तृणमूल सरकार के भ्रष्टाचार पर श्वेतपत्र जारी किया जाएगा और राजनीतिक हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आलू किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए राज्य सरकार की नीतियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। महिला मतदाताओं से विशेष अपील करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जहां महिलाओं की अधिक भागीदारी होती है, वहां भाजपा को मजबूत समर्थन मिलता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनने पर पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना लागू की जाएगी और राज्य की मौजूदा योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि उनमें पारदर्शिता लाई जाएगी।

▶ बंगाल में भाजपा की सरकार बनी, तो सीएए लागू करने में आएगी तेजी, घुसपैठियों को छोड़ना होगा बंगाल : मोदी



# स्थायी युद्धविराम की तलाश में अमेरिका-ईरान

**एजेंसी, इस्लामाबाद।**

अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद वार्ता शनिवार को शुरू हो गयी, जो 40 दिनों तक चले विनाशकारी संघर्ष के बाद घोषित दो सप्ताह के नाजुक युद्धविराम को स्थायी बनाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कर रहे हैं, जिनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर शामिल हैं।ईरान की ओर से 71 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल वार्ता में भाग ले रहा है, जिसमें वार्ताकार, तकनीकी विशेषज्ञ और मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं।

इस दल का नेतृत्व संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ़ कर रहे हैं, जबकि विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी इसमें शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी पक्ष 15 सूत्री प्रस्ताव लेकर आया है, जिसमें ईरान से परमाणु हथियार छोड़ने, उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार सौंपने, रक्षा क्षमताओं पर सीमाएं स्वीकार करने और हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने जैसी मांगें शामिल हैं।



▶ ईरान के साथ वार्ता विफल रही तो फिर हमला होगा : ट्रंप

इस बीच, वार्ता से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यदि बातचीत विफल होती है, तो अमेरिकी युद्धपोतों को फिर से हमले के लिए तैयार किया जा रहा है।

वार्ता कई दिनों तक चलने की संभावना है और युद्धविराम को औपचारिक रूप देने की प्रक्रिया अभी स्पष्ट नहीं है। वार्ता से एक दिन पहले ईरान ने हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर ईरानी रियाल में शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखकर अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट की है।

### लेबनान में सीजफायर पर जोर, ईरान ने कहा- बातचीत भी संघर्ष का हिस्सा

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने लेबनान में तत्काल युद्धविराम की आवश्यकता पर जोर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बघई ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए सीजफायर बेहद जरूरी है और इस मुद्दे को पाकिस्तान के समक्ष भी प्रमुखता से उठाया गया है। ईरान ने स्पष्ट किया कि वहां जारी हमलों को जल्द से जल्द रोका जाना चाहिए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और क्षेत्र में स्थिरता लौट सके। इस्माईल बघई ने यह भी कहा कि कूटनीतिक बातचीत किसी भी संघर्ष का अहम हिस्सा होती है। उनके मुताबिक, वार्ता और संवाद के जरिए ही दीर्घकालिक समाधान निकाला जा सकता है, इसलिए दोनों प्रक्रियाएं— संघर्ष और बातचीत—साथ-साथ चलती हैं।

# पीडीए करेगा शुद्धिकरण : अखिलेश

**एजेंसी, जयपुर।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को जयपुर दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला। वहीं नीतीश कुमार को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वे उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते थे लेकिन भाजपा ने उन्हें राज्यसभा सदस्य बनाकर उनके साथ 'धोखा' किया है। उन्होंने इसे एक राजनीतिक षड्यंत्र बताया।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) भाजपा का शुद्धिकरण करेगा। अखिलेश यादव ने व्यंग्यात्मक अंदाज में योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बिना उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो दूसरों से प्रमाण पत्र मांगते हैं, उनके पास खुद का प्रमाण पत्र नहीं है।



शंकराचार्य को मिली धमकियों के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि उनके विचार महत्वपूर्ण हैं और वे नकली संतों के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने योग, खेल और विदेश यात्रा से जुड़े उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री पर तंज कसा।

# तेल कंपनियों पर केंन्द्र सरकार का झटका

**आर.बी.सिंह**

लखनऊ। मिडल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने का भय बना हुआ है। जिसकी वजह से केंद्र सरकार ने तेल रिफाइनिंग कंपनियों पर टैक्स लगाकर एक बड़ा झटका दिया है।

शनिवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक भारत सरकार ने डीजल एवं विमान ईंधन पर एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ा दी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है,जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी हुई है। सूचना के मुताबिक सरकार ने डीजल के निर्यात पर लगने वाले टैक्स शुल्क को दोगुने से भी अधिक कर दिया है, जबकि इससे पहले डीजल पर निर्यात शुल्क 21.50 और विमान ईंधन पर 29.50 प्रति लीटर था, जो अब बढ़ाकर घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने और वैश्विक कीमतों में आए अंतर का लाभ उठाने के लिए संशोधित करते हुए दो गुना कर दिया है। सरकार के इस फैसले से रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी नामी गिरामी कंपनियों के मार्जिन पर सीधा असर पड़ने जा रहा है, जो बड़े पैमाने पर डीजल का निर्यात करती है। हालांकि पेट्रोल पर राहत बनी रहेगी। बताते चलें सरकार हर 15 दिन में इन शुल्कों की समीक्षा करती है, ताकि घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता और कीमतों को संतुलित रखा जा सके।



▶ भारत सरकार ने लगाया एक्सपोर्ट पर बड़ा टैक्स

विशेषज्ञों का मानना है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच तेल कंपनियां अतिरिक्त लाभ कमा रही थीं। इसी मुनाफे के एक हिस्से को टैक्स के रूप में वसूलने के लिए सरकार विंडफॉल टैक्स का उपयोग करती है। जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि कंपनियां केवल निर्यात पर ध्यान न दें, बल्कि घरेलू बाजार की जरूरतों पर भी प्राथमिकता दें।

# चारधाम यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह, 15 लाख पार रजिस्ट्रेशन

**एजेंसी, देहरादून।**

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2026 को लेकर देश भर के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए अब तक 15 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। केदारनाथ धाम के लिए सर्वाधिक 5.21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। पर्यटन विभाग के अनुसार शनिवार शाम पांच बजे तक यमुनोत्री धाम के लिए 2,67,097 श्रद्धालुओं, गंगोत्री धाम के लिए 2,74,297 श्रद्धालुओं, केदारनाथ धाम के लिए 5,21,841 श्रद्धालुओं और बद्रीनाथ धाम के लिए 4,50,477 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। कुल 15,13,712 श्रद्धालु चार धाम के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। हेमकुंड साहिब के लिए 13,098 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण 17 अप्रैल से शुरू होगा। श्रद्धालु आधिकारिक वेबसाइट (registrationandtouristcare.uk.gov.in) या (Tourist Care Uttarakhand) मोबाइल एप तथा हेल्पलाइन नंबर 1364 और 0135-3520100 के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं।



### सरकार बनाने जा रही नियम

# दिल्ली में 2028 से नहीं बिकेगी पेट्रोल वाली बाइक व स्कूटर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली में सर्दियों के दौरान पॉल्यूशन का जो हाल होता है वह किसी से छिपा नहीं है। गाड़ियों से निकलने वाला धुआं इसका सबसे बड़ा कारण है। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार की नई ईवी पॉलिसी (2026-2030) का ड्राफ्ट पब्लिक कर दिया गया है। अगले 30 दिनों तक आम जनता और एक्सपर्ट्स इस पर अपनी राय दे सकते हैं।

इस पॉलिसी का सीधा मकसद दिल्ली की सड़कों से पेट्रोल और डीजल की गाड़ियों को धीरे-धीरे हटाकर इलेक्ट्रिक गाड़ियों को लाना है। सरकार ने इसके लिए बाकायदा समय सीमा तय कर दी है ताकि लोग और कंपनियां अभी से इसकी तैयारी शुरू कर दें। इस ड्राफ्ट में सबसे चौंकाने वाला फैसला पेट्रोल वाली टू-व्हीलर और ऑटो को लेकर है। अगर यह पॉलिसी लागू होती है, तो 1 जनवरी, 2027 से दिल्ली में सिर्फइलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (ऑटो) का ही नया रजिस्ट्रेशन हो पाएगा। वहीं, 1 अप्रैल 2028 से पेट्रोल वाले टू-व्हीलर्स (स्कूटर-बाइक) का नया रजिस्ट्रेशन पूरी तरह बंद करने का प्रस्ताव है।

ओला-उबर जैसे एग्रीगेटर्स के लिए भी नियम सख्त कर दिए गए हैं। यानी 1 जनवरी, 2027 से ये कंपनियां अपने बेड़े में नई पेट्रोल गाड़ियां शामिल नहीं कर पाएंगी। सिर्फ आम जनता ही नहीं, सरकार ने खुद के लिए और स्कूलों के लिए भी कड़े नियम बनाए हैं। अब सरकार जो भी नई गाड़ियां खरीदेगी या लीज पर लेगी वे 100 पर्सेंट इलेक्ट्रिक होंगी। स्कूल बसों को लेकर भी टारगेट तय किया गया। यानी दूसरे साल में 10 पर्सेंट, तीसरे में 20 पर्सेंट और साल 2030 तक कम से कम 30 पर्सेंट स्कूल बसें इलेक्ट्रिक होनी चाहिए। इसके अलावा, दिल्ली के अंदर चलने वाली नई बसें भी इलेक्ट्रिक ही खरीदी जाएंगी। अगर भविष्य में हाइड्रोजन जैसी कोई और क्लीन टेक्नोलॉजी आती है तो उसे भी शामिल करने का ऑप्शन खुला रखा गया है। लोगों को इलेक्ट्रिक गाड़ियों की ओर अट्रैक्ट करने के लिए सरकार ने सब्सिडी का पिटारा खोल दिया है। बता दें कि 2.25 लाख रुपये तक के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर पर बैटरी के हिसाब से सब्सिडी मिलेगी। इलेक्ट्रिक कारों पर भी 1 लाख रुपये तक की छूट का प्रस्ताव है।

### अविमुक्तेश्रानंद सरस्वती को अतीक अहमद की तरह मारने की मिली धमकी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज को अतीक अहमद की तरह जान से मारने की धमकी मिली है। इस संबंध में शनिवार को वाराणसी के भेलूपुर थाना में शंकराचार्य के शिष्य की ओर से तहरीर दी गई। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भेलूपुर थाना प्रभारी विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्य की ओर से तहरीर देते हुए एक ऑडियो क्लिप भी सुनाई गई है, जिसमें धमकी दी जा रही है। यह ऑडियो मैसेज के माध्यम से भेजा गया है और उसमें शंकराचार्य को अतीक अहमद की तरह जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले में शंकराचार्य के शिष्य की ओर से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम अज्ञात व्यक्ति की तलाश कर रही है।

### घोषणा | राजनाथ सिंह ने किया बड़ा ऐलान

# अब सीधे सेना खरीदेगी किसानों से फल और सब्जियां

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और यदि युवा इसमें जुड़ते हैं तो नवाचार बढ़ेगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी और देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। यहां आयोजित तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि युवाओं के पास ज्ञान, ऊर्जा और नवाचार की क्षमता है, जिसे कृषि की ओर भी मोड़ने की आवश्यकता है।

ड्रोन, सेंसर और मोबाइल तकनीक के जरिए खेती को स्मार्ट बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार भी इस दिशा में हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि खेती आने वाले समय में गर्व का विषय बने और हमारे किसान अपनी पूरी आन, बान, शान और सम्मान के साथ जीवन जिएं।



देश के कृषि मंत्री रह चुके सिंह ने कहा कि देश के युवा आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और तकनीक और नवाचार में उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारतीय युवा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। सिंह ने किसान के खेत से बाजार तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वह सिर्फ अन्न नहीं उगाता, वह पूरी अर्थव्यवस्था को उगाता है। उन्होंने कहा कि वह रोजगार को उगाता है। उद्योग को उगाता है। सेवाओं को उगाता है।

सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए सेनाओं में पिछले कुछ वर्षों में मोटे अनाजों को बढ़ावा दिया है और इसके जरिए ज्वार, बाजरा और रागी के आटे को अपनी सेनाओं के लिए उपलब्ध कराना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में छावनी क्षेत्र के आसपास के किसानों की आय में अच्छी-खासी बढ़ोतरी हुई है और सबसे अच्छी बात यह है कि इससे किसानों को जैविक खेती के लिए भी प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा, हम अपने प्रयासों से जय जवान-जय किसान के नारे को फिर से चरितार्थ कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने छावनी इलाकों के आसपास रहने वाले किसानों से ही जैविक खेती वाले फल और सब्जियां खरीदने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यानी आप किसान भाई अपने खेतों में जैविक तरीके से (बिना किसी रासायनिक खाद का इस्तेमाल किए) जो सब्जियां और फल उगाएंगे, वह सीधे हमारे जवानों की थाली में पहुंचेगा। इससे आपको फायदा होगा क्योंकि आपकी पैदावार को हमारे सैनिकों तक पहुंचाया जाएगा और इससे आपको अच्छी कीमत मिलेगी।

# पारदर्शी चुनाव के लिए सूची शुद्धता पर फोकस

## 10 से 17 अप्रैल तक मतदाता सूची का निःशुल्क अवलोकन, बीएलओ रहेंगे तैनात

- मतदाता सूची सत्यापन पर आयुक्त का जोर, दलों से सक्रिय सहयोग की अपील
- त्रुटि सुधार के लिए अपील, व्यवस्था तय, डीएम व सीईओ स्तर तक विकल्प उपलब्ध



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के बाद रोल प्रेक्षक आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर मतदाता सूची के गहन सत्यापन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में आयुक्त ने सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा की कि वे बूथवार मतदाता सूची का सूक्ष्म परीक्षण कर लें। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किया गया है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों और सुझावों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित बन सके। बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी सत्यापन प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया और निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची 10 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक सर्वसाधारण के निःशुल्क अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची जनसामान्य के निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराएंगे। जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने निकटतम मतदेय स्थल पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम, पता एवं अन्य विवरणों की शुद्धता की पुष्टि अवश्य कर लें। किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर संबंधित बीएलओ या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क कर आवश्यक संशोधन कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, संबंधित मतदाता 15 दिन के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) के समक्ष अपील कर सकते हैं। यदि डीएम के निर्णय से संतुष्टि न हो, तो 30 दिन के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के समक्ष अपील का प्रावधान भी उपलब्ध है। अंत में आयुक्त ने सभी राजनीतिक दलों एवं मतदाताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए जिम्मेदारीपूर्वक सहयोग करने का आह्वान किया, ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक सदर गोंडा प्रतीक भूषण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य सभी राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## एसपी ने सुनी जनता की फरियाद, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा थाना को0 नगर में जनसुनवाई की गयी। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कटरा बाजार में जनसुनवाई के दौरान 09 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया।




इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## विद्युत तार गिरने से पत्रकार की मौत पर मजिस्ट्रेटी जांच, चार सदस्यीय कमेटी गठित



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में हिन्दुस्तान दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार रंजीत कुमार तिवारी (34 वर्ष) की विद्युत तार गिरने से हुई दर्दनाक मृत्यु के मामले में प्रशासन ने गंभीर रुख अपनाया है। घटना की वास्तविकता एवं जिम्मेदारियों का निर्धारण करने हेतु जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार द्वारा चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत सुशील कुमार यादव, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मनकापुर/तरबगंज जितेन्द्र गौतम तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय को शामिल किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि उक्त कमेटी घटना के सभी पहलुओं—तकनीकी, प्रशासनिक तथा परिस्थितिजन्य तथ्यों—की गहन जांच करेगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं लापरवाही या चूक तो इस हादसे का कारण नहीं बनी। प्रशासन ने जांच कमेटी को निर्देशित किया है कि वे संयुक्त हस्ताक्षरित विस्तृत जांच रिपोर्ट 15 दिवस के भीतर अपर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

गौरतलब है कि ग्राम पथवलिया, पोस्ट पोर्टरगंज निवासी पत्रकार स्व0 रंजीत तिवारी की आकस्मिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों एवं पत्रकार संगठनों ने घटना की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस क्रम में पत्रकार समाज कल्याण समिति रजिस्टर्ड संगठन के सभी साथी इस घटना में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करता है और दोषी अधिकारियों को दंडित करने की मांग करता है ।

## खबरें एक नजर में

### गोण्डा के महानायक जादूगर मिस्टर इंडिया को ओ. पी. शर्मा स्मृति सम्मान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जादू की दुनिया के स्तंभ स्वर्गीय जादूगर ओ.पी. शर्मा की स्मृति में आयोजित जादूगर ओ.पी. शर्मा स्मृति सम्मान समारोह में देश-विदेश के जादूगरों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान जादू कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई कलाकारों को सम्मानित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने स्व. ओ.पी. शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अद्भुत जादू कला, प्रेरणादायक व्यक्तित्व और भाईचारे की भावना से जादूगरों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनकी विरासत आज भी जादू की दुनिया को दिशा देने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया (गोंडा) सहित जादूगर ओ.पी. शर्मा जूनियर, जादूगर अखिलेश जैवसाल, जादूगर एस. कुमार और जादूगर जे.पी. सम्राट को जादूगर ओ.पी. शर्मा स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जादूगर ओ.पी. शर्मा स्मृति सम्मान समारोह समिति (पंजीकृत) द्वारा किया गया। समारोह में उपस्थित कलाकारों और दर्शकों ने स्व. ओ.पी. शर्मा को शत-शत नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### अज्ञात ट्रक की टक्कर से चाचा की मौत, भतीजा घायल, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा में शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में चाचा की मौत हो गई, जबकि उनका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। यह घटना रात करीब 10:45 बजे ग्राम रजवापुर के पास हाईवे पर हुई। ग्राम रजवापुर निवासी 30 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद और आकाश उर्फ ननकु पुत्र नरेश मोटरसाइकिल से इमलिया चौराहे की तरफ से अपने घर लौट रहे थे। घर की तरफ मुड़ते समय अज्ञात ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिनेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आकाश उर्फ ननकु गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल दूर जा गिरी और उसमें आग लग गई, जिससे वह जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी इंचार्ज गुरगुट्टा, सुरपति त्रिपाठी ने बताया कि घायल आकाश को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा भेजा गया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मृतक दिनेश कुमार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।जानकारी के अनुसार, दिनेश और आकाश ने कुछ दिन पहले ही इमलिया चौराहे पर चने-भुजे की दुकान खोली थी। वे दुकान बंद करके अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

### चलती बाइक में लगी आग, युवक गंभीर रूप से झुलसा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मिहीपुरवा इलाके में शुक्रवार को एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। इस घटना में रिसिया थाना क्षेत्र के गोदनी बसाही गांव का रहने वाला बाइक सवार युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, युवक शुक्रवार को अपनी बाइक से मिहिपुरवा इलाके में स्थित अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। जब वह सेमरहना के पास पहुंचा, तभी उसकी बाइक में अचानक आग लग गई। जब तक वह वाहन को रोक पाता, आग ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। युवक को जलता देख आसपास के लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया है।

### लकड़ी लेने गई महिला पर तेंदुए ने किया हमला, बायां हाथ बुरी तरह जख्मी, जिला अस्पताल में भर्ती



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कतर्नियाघाट इलाके में तेंदुए के हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला जंगल के किनारे लकड़ी लेने गई थी, तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। ग्रामीणों और वनकर्मियों के शोर मचाने पर तेंदुआ उसे छोड़कर भाग गया। यह घटना शुक्रवार को मूर्तिहा इलाके में हुई। सुरजीपुरवा गांव की रहने वाली शांति देवी जंगल के पास लकड़ी इकट्ठा कर रही थीं। तेंदुए ने उनके बाएं हाथ पर हमला कर उसे बुरी तरह चबा डाला। महिला की चीख सुनकर पास से गुजर रहे वनकर्मी और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। उनके शोर मचाने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घायल शांति देवी को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा शांति देवी का इलाज किया जा रहा है। कतर्नियाघाट के प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि महिला अकेले जंगल में लकड़ी लेने गई थी। पास में ही वन विभाग का कार्य चल रहा था, जिसके कारण वनकर्मियों और अन्य लोगों ने समय रहते महिला की जान बचा ली।

## किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नगर कोतवाली इलाके में शुक्रवार देर रात एक किशोरी का शव घर में फंदे से लटका मिला। परिवार के सदस्य उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मर्चरी में रखवाया है। यह घटना नगर कोतवाली इलाके के नाजिरपुरा में हुई। समीउल्लाह अपनी 17 वर्षीय बेटी फिजा के साथ रहते हैं। शुक्रवार देर रात फिजा ने घर के कमरे में लगे कुंडे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के सदस्यों ने जब उसे फंदे से लटका देखा, तो उसे तुरंत नीचे उतारा और इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। नगर कोतवाली पुलिस ने शव को अस्पताल की मर्चरी में रखवा दिया है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## शिक्षा ही वह चाबी है जिससे सारे ताले खोले जा सकते हैं : ए.के. नंद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

धैर्य-संकल्प,साहस और समर्पण के प्रतीक थे ज्योतिबाराव फूले। शैक्षिक सशक्तिकरण के प्रेरणास्रोत थे। असली शिक्षक दिवस के जनक थे ज्योतिबाराव फूले।शिक्षा वह अग्नि है जो गुलामी के कफ़न को दफन कर देती है। नारी शिक्षा और संघर्ष के प्रणेता थे ज्योतिबाराव फूले। सत्य को जानने वाला समाज ही उन्नति कर सकता है इसलिए सत्य शोधक समाज की आवश्यकता है।

सत्य शोधक समाज के निर्माता थे ज्योतिबाराव फूले।फूले के अनुसार शिक्षा उसे कहते हैं जो सही को सही और गलत को गलत कहने की क्षमता को विकसित करती है। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई के जनक थे ज्योतिबाराव।



भारत के क्रांति सूर्य थे ज्योतिबाराव। उन्होंने अपनी लोकप्रिय पुस्तक किसान का चाबुक के प्रस्तावना में अविद्या को ही हमारी अवनति का कारण माना। विद्या बिने मति गई, मति बिने नीति गई,नीति बिने गति गई, गति बिने वित्त गई, वित्त बिने शूद्र खंगले। विवेक की कसौटी आत्म निरीक्षण है।साहस का उदय सत्य से होता है।

सत्यनिष्ठ व्यक्ति न तो कोई भेद-भाव मान सकता है और न ही द्वेष रखता है। फूले जी ने प्रमाणित कर दिया कि शिक्षा ही वह चाबी है जिससे सारे ताले खोले जा सकते हैं। उक्त विचार ज्योतिबाराव फूले साहेब के 199वें जन्मोत्सव पर पंचसील बुद्ध विहार केशवपुर पहड़वा, कहारन पुरवा में मास संगठन के राष्ट्रीय संगठक और मास संदेश के सम्पादक ए.के.नन्द ने व्यक्त किया।

किशोरीलाल ने कहा कि मानवता और मानव मूल्यों की पुनर्स्थापना एवं नैतिकता के विकास में फूले की विचारधारा सदैव प्रासंगिक रहेगी। टीपी अशोक एडवोकेट ने कहा कि उनके विचार पत्र और पुस्तकें सामाजिक क्रांति के ज्योति स्तम्भ बने रहेंगे। राम प्रकाश बौद्ध ने कहा कि क्रांति ज्योति फूले ने खंडित मानवता को एक सूत्र में पिरोने के लिए आजीवन संघर्ष किया। छोटेलाल ने कहा फूले दम्पत्ति ने 1848 से 1852 के 4 वर्ष की अवधि में 18 विद्यालय खोलकर एक कीर्तिमान स्थापित किया। गुरबचन गौतम ने कहा कि फूले साहेब के विचारों को आत्मसात करके ही हम समाज और राष्ट्र का कल्याण कर सकते हैं।

नीलम, शांति, लखपता, सविता, किरन, मीना, रीना, अनूप, केएल बौद्ध, हरीलाल, टीएल गौतम, शोभाराम, अजीत, वीरेन्द्र, धीरेन्द्र आदि ने कार्यक्रम में सहभाग किया। कार्यक्रम कुशल संचालन आरपी बौद्ध ने किया। कार्यक्रम का स्थगन टीपी अशोक ने मंगल मैत्री और सब सुख गाथा से एकेनन्द ने किया।

## एसपी ने थाना फखरपुर का किया औचक निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना फखरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्पडेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रार्थना पत्रों को विधिवत रजिस्टर में अंकित कर समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में थाना प्रभारी स्वयं फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करें। एसपी ने आगंतुकों एवं फरियादियों के साथ शिष्ट एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने, उनके बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता तथा शौचालयों की साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। मालखाने के निरीक्षण के दौरान माल को क्रमवार एवं वर्षवार सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही रजिस्टरों के सुव्यवस्थित रख रखाव पर विशेष बल दिया गया। मेस का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर, हवालात, बैरक एवं शौचालयों का निरीक्षण कर समुचित स्वच्छता, पानी की उपलब्धता एवं संसाधनों के व्यवस्थित रख-रखाव हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले सभी आगंतुकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित एवं विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से मुख्यालय न जाना पड़े। थाना परिसर स्थित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन तथा अभियान के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये।



- थाने पर करें निस्तारण, मुख्यालय न आए फरियादी : विश्वजीत श्रीवास्तव

### जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच व निस्तारण के लिये अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

जनपद के प्रत्येक थाना स्तर पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने राजस्व टीम के साथ थाना फखरपुर में उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई । इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच हेतु विधिक निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए । थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही भूमि विवाद के मामले में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।

## वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन

- बच्चो को अंक पत्र, प्रोत्साहन पुरस्कार, मिष्ठान का किया वितरण

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय अहिरन पुरवा बनिया गांव में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रशिक्षण संस्थान बहराइच के प्रवक्ता राम पाल वर्मा,नोडल शिक्षक संकुल अभिकेश त्रिपाठी,शिक्षक पवन शुक्ला के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ बच्चो द्वारा सरस्वती वंदना,स्वागत गीत से किया। नशा मुक्ति नाटक, सोशल मीडिया पर आधारित नाटक, पृत्वी राज चौहान पर आधारित नाटक, बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ,स्कूल चलो अभियान,कजरी गीत,भक्ति ,देश भक्ति,लोक नृत्य,कत्थक नृत्य आदि थीम्स पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चो ने अतिथियों एवं जनमानस के हृदय को मोहित कर दिया।कार्यक्रम में बच्चो को



अंक पत्र, प्रोत्साहन पुरस्कार,मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आचार्य दीप नारायण पाण्डेय ने किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधान शिक्षिका वन्दना सिंह ने वहां उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ अध्यक्ष बृजेश तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजेश कुमार मिश्र, शिक्षक विनोद पाण्डेय, शिक्षक नवनीत ओझा,पंकज चतुर्वेदी,सपना त्रिवेदी,राज देव गिरी,फिरोजखान,ग्राम प्रधान अजय उपाध्याय,प्रबंध समिति की अध्यक्ष रेशमा बनो,ग्राम के गणमान्य जन एवं समस्त ग्रामवासी जन उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान की निकली रैली

- मेधावी छात्रों को किया सम्मानित, बीएसए ने किया उद्घाटन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को तहसील कैसरगंज के प्राथमिक विद्यालय अबुल्लापुर में स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) आशीष कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह तथा मीहीपुरवा के अजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीएसए आशीष कुमार सिंह ने कहा कि गांव के सरकारी स्कूलों में ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं। छात्रों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। वार्षिक परीक्षा के मेधावी



विद्यार्थियों को मेडल, पुरस्कार और अंकपत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने विद्यालय परिसर में नीम का पौधा भी रोपित किया। नई कक्षा में नामांकन के लिए आए बच्चों का टीका-चंदन लगाकर स्वागत किया गया और उन पर पुष्प वर्षा की गई। इसके बाद स्कूल चलो अभियानरैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के माध्यम से शिक्षकों और बच्चों ने गांव-गांव जाकर अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में मिलने वाली निःशुल्क सुविधाओं की भी जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या सविता सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एआरपी विनय शुक्ला, संतोष अभिषेक श्रीवास्तव, विनय सिंह, शिक्षक नेता आसिफ अली, गिरीश यादव, कल्पना मिश्रा, संतोष गुप्ता, मधुलिका वर्मा और शुभम सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अवैध कब्जे के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

- दो बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर जताया आक्रोश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के रामपुर धोवियाहार गांव में अवैध कब्जे के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। शनिवार को दर्जनों ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे और शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों, जिनमें हनीफ, मोबिन और कंधई शामिल थे, ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ दबंग लोग रास्ते की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। इससे गांव में आवागमन बाधित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इस संबंध में पहले भी दो बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।



ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कब्जा नहीं हटाया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। इस मामले पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शिकायत की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम सीएम का फूंका पुतला

### कांग्रेस नेताओं पर टिप्पणी के विरोध में किया प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोपहर बाद असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन कांग्रेस नेताओं, विशेषकर मल्लिकार्जुन खड़गे पर सरमा की टिप्पणी के विरोध में किया गया।कांग्रेस जिला अध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने नगर स्थित कांग्रेस भवन के पास इकट्ठा होकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कार्यकर्ताओं से पुतला छीनने का प्रयास किया। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मुख्यमंत्री सरमा ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगी, तो वे और बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में पार्टी के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश

- भूमि विवाद व कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने पर जोर

**तुलसीपुर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना हरैया तथा थाना लालिया में



फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया।

इस दौरान डीएम ने थाना स्तर पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से भूमि विवाद तथा कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि विवादों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में पूर्ण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

थाना समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन राजकीय महिला आईटीआई का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, मई 2026 तक कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम लैबुड़वा में निर्माणाधीन राजकीय महिला आईटीआई का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्यदाई संस्था को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि मई 2026 तक समस्त निर्माण कार्य पूर्ण कर भवन का हैंडओवर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आगामी



सत्र में समय से शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने भवन की संरचना, कक्षों, प्रयोगशालाओं एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया और आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अगस्त 2026 तक इस संस्थान में कक्षाओं का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र की बालिकाओं को तकनीकी शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भारत किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम : राजनाथ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद रक्षामंत्री गोमती नगर (लखनऊ) जनकल्याण महासमिति के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए।

**पश्चिम एशिया संकट के बाद उत्पन्न हालात से कोई देश अछूता नहीं लेकिन भारत ने उन चुनौतियों पर विजय पाने में कामयाबी हासिल की**

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी चुनौती से निपटने में भारत सक्षम है। भाजपा सरकार के रहते कोई भी संकट देश में आने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार है इसलिए किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बाद उत्पन्न हालात से कोई देश अछूता नहीं है लेकिन भारत ने उन चुनौतियों पर विजय पाने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है।

राजनाथ ने कहा कि मुझे यह देखकर भी बड़ी खुशी होती है कि हमारा लखनऊ रक्षा क्षेत्र में भी बढ़-चढ़ कर योगदान दे रहा है। यह लखनऊ के लिए गर्व की बात है कि इसे आगरा और कानपुर के साथ डिफेंस नोड घोषित किया गया। अब लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का विनिर्माण भी शुरू हो चुका है। गर्व की बात यह है कि इसकी पहली खेप हमारी सेना को सौंप भी दी गई है। इसके साथ ही रक्षा उपकरणों से जुड़े कई और छोटे-बड़े कारखाने भी यहां स्थापित हो रहे हैं। लखनऊ का विकास, बेहद सुनियोजित योजना के तहत चल रहा है। यह विकास की गंगा है जिसकी धारा में, गरीब का, व्यापारी का, बुजुर्ग का और नौजवान का, सबका कल्याण समाया है। हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि लखनऊ वासियों का रहन-सहन सुख-सुविधाओं से सम्पन्न और परिपूर्ण रहे।

उन्होंने बताया कि जब आउटर रिंग रोड के चारों ओर, ये 4-6 लेन की सड़कें और तीन एक्सप्रेसवे जुड़ जाएंगे, तो लखनऊ 400-500 किलोमीटर के दायरे के लिए सबसे बड़ा सप्लाई सेंटर बन जाएगा। मतलब यह कि गांव से लेकर शहर तक, हर जरूरत का सामान लखनऊ से आसानी से और जल्दी पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 927 का निर्माण होने वाला है। जो आउटर रिंग रोड के पास से बाराबंकी से शुरू होकर बहराइच तक जाएगा। यह 101 किलोमीटर लंबा फोरलेन का मार्ग होगा और इसके साथ ही फोरलेन की सर्विस रोड भी बनेगी। इस प्रोजेक्ट पर करीब 7,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अभी बाराबंकी से बहराइच जाने में जो ढाई घंटे लगते हैं, वह समय घटकर मात्र सवा घंटे का रह जाएगा। इस सड़क के आसपास, स्टेट कैपिटल रीजन यानी राज्य राजधानी क्षेत्र के विकास का एक नया कॉरिडोर भी बनेगा।

### रक्षा मंत्री ने सेना के मध्य कमान के स्मृतिका युद्ध स्मारक में अत्याधुनिक लेज़र, लाइट व साउंड शो का किया उद्घाटन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ छावनी स्थित सेना के मध्य कमान के स्मृतिका युद्ध स्मारक में एक अत्याधुनिक लेज़र, लाइट और साउंड शो का उद्घाटन किया। लगभग 30 मिनट का यह हिंदी मल्टीमीडिया शो, उन्नत प्रोजेक्शन, साउंड और लाइटिंग तकनीकों के माध्यम से भारतीय सेना के इतिहास, उसकी ऑपरेशनल उपलब्धियों और राष्ट्र-निर्माण में उसके योगदान को बयां करता है। यह शो भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और विरासत को समर्पित एक श्रद्धांजलि है। इसकी कहानी में भारत के प्रमुख युद्धों और ऑपरेशन्स, सेंट्रल कमांड की ऐतिहासिक भूमिका, अवध क्षेत्र की वीरता और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अनुरूप समकालीन सैन्य



आधुनिकीकरण को शामिल किया गया है। यह शो प्रतिदिन शाम के समय स्मृतिका युद्ध स्मारक में आयोजित किया जाएगा और जल्द ही इसे आम जनता के लिए भी खोल दिया जाएगा। इस मल्टीमीडिया प्रस्तुति में भारत के प्रमुख युद्धों का एक समग्र अवलोकन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विशेष रूप से 1947-48, 1962, 1965 और 1971 के संघर्षों के प्रमुख ऑपरेशनल पहलुओं के साथ-साथ ऑपरेशन मेघदूत और ऑपरेशन विजय के दौरान दिए गए विशिष्ट योगदानों को रेखांकित किया गया है। भारतीय सशस्त्र बलों के विभिन्न ऑपरेशन्स में मध्य कमान द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को इसमें प्रमुखता से दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त, इसमें अवध क्षेत्र के परमवीर चक्र विजेताओं की असाधारण वीरता को भी उजागर किया गया है, जिसे अवध की गहरी सैन्य परंपराओं और राष्ट्र की रक्षा में उसके विशिष्ट योगदान के संक्षिप्त विवरण के साथ खूबसूरती से पिरोया गया है।

# चिकित्सा विभाग की अहम कड़ी हैं फार्मासिस्ट : ब्रजेश पाठक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार को इंदिरानगर में आयोजित डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में शामिल हुए। इस अवसर ब्रजेश पाठक ने कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सा विभाग की अहम कड़ी हैं। वे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं। फार्मासिस्ट डॉक्टरों द्वारा लिखे गए नुस्खों के अनुसार मरीजों को सुरक्षित और सही दवाएं उपलब्ध कराते हैं। दवाओं के उपयोग, खुराक, दुष्प्रभावों और परस्पर क्रियाओं के बारे में मरीजों को परामर्श देते हैं। आपके लिए हमारे घर और दफ्तर के दरवाजे सदैव खुले हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मासिस्ट की भूमिका केवल मरीजों को दवा देना ही नहीं वरन मरीजों की सुरक्षा और सही उपचार सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में हम लोगों के दायित्व अलग हो सकते हैं लेकिन लक्ष्य हमारा एक ही है। प्रदेश के लोगों को सुरक्षित और उच्च गुणवत्तापरक इलाज उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि फार्मासिस्ट हमारे परिवार का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित एसोसिएशन के प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामानाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमें संयुक्त रूप से अपने विभाग को प्रदेश और देश में नंबर वन बनाना है। वर्ष 2017 से पहले स्वास्थ्य विभाग की क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपा नहीं है। आज हम सभी ने बहुत मेहनत से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है लेकिन मंजिल अभी दूर है। हमें अभी और काम करना है और प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापरक इलाज पहुंचाना है।

कार्यक्रम में महानिदेशक चिकित्सा डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक, प्रशिक्षण डॉ. रंजना खरे, प्रदेश अध्यक्ष, डीपीआरए जेके सचान, महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, आरके निगम, जेडी, पैरामेडिकल डॉ. सुनील वर्मा, अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आरके वर्मा, संप्रेक्षक, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद नागेंद्र भूषण पांडेय जी, निदेशक, पैरामेडिकल डॉ. संजू अग्रवाल एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

ब्रजेश पाठक ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से जो भी मांग पत्र प्राप्त हुआ है, उनके स्तर जो संभव होगा, उसका प्रस्ताव तैयार कर मांग को जरूर पूरा कराया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने डीजी, हेल्थ को तत्काल ही प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे हर परिस्थिति में एसोसिएशन के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े हैं।

## खबरें एक नजर में

### शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग, दो कमरों में रखा सामान जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज थानाक्षेत्र में शनिवार यानी 11 अप्रैल को सुबह एक मकान में आग लग गई। आग दूसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। जिससे दो कमरों में रखा सामान जलकर खाक हो गया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। एफएसओ चौक पुष्पेंद्र कुमार यादव ने बताया फायर स्टेशन चौक को सुबह 11 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दो दमकल गाड़ियां और हजरतगंज फायर स्टेशन से एक गाड़ी मौके पर रवाना की गई। मौके पर पहुंची टीम ने देखा नबी उल्लाह रोड स्थित नई बस्ती रीवर बैंक कॉलोनी निवासी मोहम्मद शरीफके घर की दूसरी मंजिल पर आग लगी है। आग कॉपी-किताब और जनरल स्टोर के सामान में तेजी से फैल रही थी। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर विभाग के अनुसार आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। फायर टीम सूचना पर समय रहते पहुंच गई हालांकि सकरी गलियां होने की वजह से घटनास्थल पर पहुंचने में समय लग गया। कई पाइप जोड़कर राहत कार्य शुरू किया गया। इसके बाद 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पूरी तरह काबू पा लिया गया।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने की आत्महत्या पत्नी से चल रहा था विवाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में पैथोलॉजी में काम करने वाले युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। उसका पत्नी से विवाद चल रहा था। 10 अप्रैल को कोर्ट की तारीख पर ससुराल पक्ष ने जान से मारने की धमकी दी थी। जिससे परेशान युवक ने आत्मघाती कदम उठाया। मृतक श्याम विहार कॉलोनी निवासी अजय कुमार शुक्ला के बेटे अमरदीप कुमार शुक्ला (37) निजी पैथोलॉजी लैब में सैंपल कलेक्शन का काम करते थे। परिजनों के मुताबिक, उनका अपनी पत्नी प्रीति के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। दोनों की दो संतान हैं। शादी के कुछ साल बाद से अमरदीप कुमार शुक्ला और प्रीति का विवाद चल रहा था। 10 अप्रैल को उनकी कोर्ट में तारीख थी। वहां पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। वहां मौजूद प्रीति के जीजा सर्वेश ने जान से मारने की धमकी दी थी। कोर्ट से लौटने के बाद अमरदीप काफी परेशान था। देर रात उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। रात को जब पिता उठे तो अमरदीप खून की उल्टियां कर रहा था। परिवार के लोग उसे लेकर आनन-फानन में ट्रामा सेंटर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है परिवार की तरफसे अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कुर्सी रोड महायोजना के खिलाफ 12 अप्रैल को जुटेगें व्यापारी, आन्दोलन की रणनीति पर होगी चर्चा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महायोजना-2031 के अन्तर्गत कुर्सी रोड के चौड़ीकरण के प्रस्ताव को लेकर व्यापारी कल 12 अप्रैल को अपराह्न 12 बजे एकजुट होकर भावी रणनीति तैयार करेंगे। बैठक के आयोजकों ऋषि त्रिवेदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखण्ड आर्यावर्त आर्य महासभा, संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अंजनी कुमार और उद्यमी आराधना कुमारी ने आज यहां जारी बयान में बताया कि कल कुर्सीरोड स्थित एसएस ग्रांड होटल में होने जा रही इस बैठक में व्यापारियों के साथ रोड चौड़ीकरण की सीमा में आने वाले शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधि, आवास के स्वामी मौजूद होंगे, जो कुर्सी रोड महायोजना-2031 के विरोध में भावी रणनीति तैयार करेंगे। मालूम हो कि इस महायोजना के अन्तर्गत कुर्सी रोड के चौड़ीकरण होने से हजारों व्यापारी, गृह स्वामी, मल्टी स्टोरी, होटल, छात्रावास, धार्मिक स्थल पूर्णतः ध्वस्त होने की कगार पर है, जिससे लोगों की न सिर्फपूरे जीवन की कमाई दांव पर लगी है बल्कि हजारों परिवारों के सामने जीवनयापन पर संकट खड़ा हो जायेगा।

# नियम-कानून से नहीं चल रहा विपक्ष, संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना गलत : केशव

लखनऊ/आज़मगढ़, समृद्धि न्यूज।

कप्तानगंज क्षेत्र के बड़सरा खालसा गांव में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा एमएलसी विजय बहादुर पाठक के आवास पहुंचकर उनके पिता स्व. राधेश्याम पाठक को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बड़सरा खालसा स्थित भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी विजय बहादुर पाठक के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने उनके पिता स्वर्गीय राधेश्याम पाठक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस



दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने मतदाता सूची (एसआईआर) के मुद्दे पर सपा द्वारा उठाए जा रहे सवालों को अनर्गल बताते हुए कहा कि विपक्ष नियम-कानून से नहीं चल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में केवल उन्हीं लोगों के नाम हटाए गए हैं, जो मृतक हैं या स्थानांतरित हो चुके हैं, साथ ही कुछ घुसपैठियों के नाम भी सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम छूट गया है तो उसके लिए फॉर्म-6 की सुविधा उपलब्ध है, जबकि संशोधन और विलोपन के लिए फॉर्म-7 और 8 भी भरे जा सकते हैं। इसके बावजूद समाजवादी पार्टी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़ा कर रही है और अपने समर्थकों को फॉर्म भरवाने के लिए प्रेरित नहीं कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मजबूत संगठन वाली पार्टी है, जो बूथ स्तर तक सक्रिय है। जिन क्षेत्रों में भाजपा समर्थकों के नाम सूची से कटे हैं, वहां पार्टी कार्यकर्ता उन्हें पुनः जुड़वाने का कार्य करेंगे। धुरंधर पोस्टर विवाद पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे बड़े अपराधियों को किसने संरक्षण दिया, यह सभी जानते हैं। महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण लागू किया गया, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# नगर विकास योजनाओं को दें रफ्तार, दो माह में दिखे जमीनी परिणाम : शर्मा

**जनहित सर्वोपरि, अप्रैल, मई में युद्धस्तर पर काम कर जनता को त्वरित लाभ देने पर जोर**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पिछली वित्तीय वर्ष में जो योजनाएं किसी कारणवश अधूरी रह गई हैं, उन्हें चालू वित्तीय वर्ष में तत्काल शामिल कर प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कियाजाए। मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के अंतर्गत नए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएं तथा दीनदयाल योजना, स्मार्ट पालिका योजना, सेफ सिटी योजना, एयर क्वालिटी योजना, मलिन बस्ती योजना एवं आदर्श नगर पंचायत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए। अप्रैल और मई माह नगर विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन दो महीनों में योजनाओं की व्यापक समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रस्ताव प्राप्त किए जाएं और युद्धस्तर पर कार्य कर अधिकतम परियोजनाएं पूर्ण की जाएं ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। किसी भी फाइल को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और प्रत्येक प्रकरण पर समयबद्ध कार्यवाही की जाए। कार्य योजनाओं को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लंबित द्वितीय किस्त को केंद्र सरकार से धनराशि प्राप्त होते ही पात्र लाभार्थियों को तत्काल जारी किया जाए ताकि वे वर्षा ऋतु से पूर्व अपने आवासों का निर्माण पूर्ण कर उसमें निवास कर सकें।

# जिसको शांति से मतलब नहीं, वह सुलह करा रहा : सलमान खुर्शीद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने अमेरिका-ईरान के बीच पाकिस्तान के मध्यस्थता करने पर कहा है कि जिसको शांति से कोई मतलब नहीं, आज वो विश्व शांति की मध्यस्थता कर रहा है। वह शांतिदूत बन बैठा है। यहां हमारी कमी रह गई। हम जो कर सकते थे वह नहीं किया।

एसआईआर प्रक्रिया पर बोले की जिन लोगों का नाम कट गया है, अभी उनके पास उत्तर प्रदेश में समय है। वह इस समय का सदुपयोग करें और अपने नाम को इसमें जुड़वा ले। यह बेहद महत्वपूर्ण काम है इसमें सबको



हिस्सा लेना चाहिए। सलमान खुर्शीद शहर के कैसरबाग के गांधी भवन में शनिवार को आयोजित कांग्रेस के अधिवक्ता सम्मेलन में पहुंचे थे। उनके अलावा सम्मेलन में राज्यसभा सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कई नेता और वकील पहुंचे। पाकिस्तान के अंदर अमेरिका और ईरान के बीच हो रही मध्यस्थ की वार्ता पर खुर्शीद कहा कि वहां इसलिए हो रहा है क्योंकि हमारी सरकार ने अगुआई नहीं की। विश्वभर में जो हमारी क्षमता और अस्तित्व रहा है अगर उसके हिसाब से मौजूदा सरकार ने काम किया होता तो आज हम नेतृत्व कर रहे होते। कूटनीति और विदेश नीति का सही उपयोग न होना आज पाकिस्तान इसकी मध्यस्थता कर रहा है। सलमान खुर्शीद ने कहा कि अधिवक्ता संविधान की लड़ाई लड़ रहे हैं और आज हम लोग इन्हें अधिवक्ताओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं।

इसका लक्ष्य है कि इस कार्यक्रम से जो हम लोगों को प्रेरणा मिले, उसे आम जनता तक पहुंचाया जाए। संवैधानिक व्यवस्था को सुरक्षित करना एक बड़ी चुनौती है मौजूदा समय में जिससे हम संगठित होकर करेंगे। संविधान को बचाना और जन-जन को न्याय दिलाना ही हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है।

# सूचना आयुक्त वीरेन्द्र सिंह ने लगाया 25,000-का दण्ड

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

आज-कल घर में नौकरों को रखना कितना खतरनाक होता है, इस बात की मिसाल जनपद मेरठ में स्थित संयुक्त राष्ट्र एवं भारत सरकार में ऊँचे पदों पर रही डाव श्रीमती मार्गेट नारायण की कोठी से प्रमाणित है।

जनपद मेरठ में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती मार्गेट नारायण की कोठी में उनके जेठ द्वारा नौकरों को घर की बाहरी रख रखाव के लिए रखा गया था। जेठ की मृत्य के बाद नौकरों ने घर पर अवैध रूप से कब्जा जमाया एवं कोरोना काल के दौरान पुराना मीटर हटवा कर नौकरानी मीनू ने अपने नाम से नवीन मीटर एवं विद्युत कनेक्शन अपने नाम कर लिया। इसकी जानकारी जब भवनस्वामिनी को हुई तो उन्होने 13.05.2024 को चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर उप्र पावर कार्पोरेशन, शक्तिभवन, लखनऊ को सूचित किया।

कोई कार्यवाही न होने पर 27.05.2024 को जनसूचना अधिकार अधिनियम-2005 के तहत मेरठ से सूचना मांगी, जिस का उत्तर 21.06.2024 को प्राप्त हुआ। 27.09.2024 को द्वितीय अपील सूचना आयोग में दर्ज की गई। सूचनाआयुक्त वीरेन्द्र सिंह ने मामले का संज्ञान लिया एवं अनेक बार महेश कुमार अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-प्रथम, जनपद मेरठ को तलब किया। कारण बताओं नोटिस भेजे गये। समस्त नोटिसों का कोई संज्ञान नहीं लिया एवं गलत धाराओं में सूचना बाधित करने का प्रयास महेश कुमार ने किया। अन्ततः दि 07.08.2025 कोमहेशकुमार के ऊपर रू0 25,000-का अर्थदण्ड लगाया। महेश कुमार को 16.10.2025, 23.12.2025 एवं 25.02.2026 को आयोग के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर दिया, उन्होने अपना पक्ष नहीं रखा। 25.02.2026 को महेश कुमार को सूचना का दोषी पाते हुये 25,000- की दण्ड वसूली के आदेश जिलाधिकारी, मेरठ को भेजे गये।

### उप्र में तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला, देवरिया के एसपी पुलिस मुख्यालय भेजे गए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इनमें दो जिलों के पुलिस कप्तान भी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय से जारी सूची के मुताबिक, 2014 बैच के आईपीएस संजीव सुमन को देवरिया पुलिस कप्तान के पद से हटाकर उन्हें पुलिस मुख्यालय लखनऊ से सम्बद्ध किया गया है। उनकी जगह पर अम्बेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर को देवरिया का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है। वहीं, प्राची सिंह को सेना नायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ से हटाते हुए अम्बेडकर नगर का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

# पीएम श्रम योगी मानधन योजना का विशेष अभियान, कई जिलों ने बनाया रिकॉर्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM) में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा रही है। 15 जनवरी से 15 मार्च 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कई जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नए मानक स्थापित किए हैं, जिससे पूरे प्रदेश में योजना की गति तेज हुई है। विशेष अभियान के तहत फिरोजाबाद ने 349 नामांकन के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि गाजियाबाद (262) और बस्ती (238) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अग्रणी जिलों में अपनी जगह बनाई। इसके अलावा बांदा, बरेली, अंबेडकर नगर, हापुड़ और बिजनौर जैसे जिलों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 की समग्र प्रगति पर नजर डालें तो हरदोई 929 नामांकन के साथ पहले स्थान पर रहा। आजमगढ़ (597) और गाजियाबाद (547) ने भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर खुद को मॉडल जिलों के रूप में स्थापित किया है। प्रतापगढ़, बस्ती, बलिया, मेरठ और वाराणसी जैसे जिलों की सक्रियता भी उल्लेखनीय रही। योगी सरकार की ओर से चलाए गए इस विशेष अभियान का सकारात्मक असर यह रहा कि अधिकांश जिलों में नामांकन की गति में तेजी आई है।

**संबोधन** — **नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की करोड़ों माताओं-बहनों के सम्मान का संकल्प**

# संसद व विधानसभाओं में महिला नेतृत्व के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा : बेबीरानी मौर्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक ऐतिहासिक और युगांतरकारी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम देश की करोड़ों माताओं बहनों के सम्मान का संकल्प है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल, समावेशी और सशक्त भविष्य की आधारशिला है। यह महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में सशक्त भागीदार और निर्णयकर्ता बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

बेबी रानी मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा लाया गया यह कानून देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान और अधिकारों का राष्ट्रीय संकल्प है। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाएं मतदान और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं, लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व अभी भी अपेक्षाकृत कम है। भागीदारी बढ़ी है, लेकिन प्रतिनिधित्व संतुलित नहीं है। इसी



अंतर को समाप्त करने के लिए यह कानून अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वैश्विक और भारतीय अनुभव यह दर्शाते हैं कि जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो नीतियां अधिक संवेदनशील बनती हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न शोधों के अनुसार जेंडर गैप कम होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था में बड़े स्तर पर वृद्धि संभव है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में हुए ठोस कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते खुले, बड़ी संख्या में महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उन्हें मिला।

उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, मातृत्व अवकाश में वृद्धि जैसे कदमों ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर लगभग 46 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व यह दर्शाता है कि महिलाओं को अवसर मिलने पर वे प्रभावी नेतृत्व प्रदान करती हैं। अब यही मॉडल संसद और विधानसभाओं में लागू होगा, जिससे नीति निर्माण अधिक जन-केंद्रित और जवाबदेह बनेगा। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 केवल आरक्षण का प्रावधान नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समान अवसर और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक व्यापक सुधार है। विकसित भारत 2047 का सपना महिला नेतृत्व के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा कि जब नारी सशक्त होती है, तो समाज सशक्त होता है और जब समाज सशक्त होता है, तो राष्ट्र मजबूत होता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल, समावेशी और सशक्त भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय एवं महिला मोर्चा कि प्रदेश मंत्री ममता पाण्डेय भी उपस्थित रहीं।

# केजीएमयू के चिकित्सकों ने दो मरीजों का घुटना प्रत्यारोपण कर दर्द से दिलाई निजात

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के आर्थोपेडिक विभाग के चिकित्सकों ने दो मरीजों का घुटना प्रत्यारोपण कर दर्द से निजात दिलाने का काम किया। पहले मरीज हरि प्रसाद हैं। इनकी आयु 76 वर्ष है। वह उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के निवासी हैं। पिछले चार वर्षों से दोनों घुटनों में लगातार दर्द से पीड़ित थे। समय के साथ उनकी स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी। उन्हें चलने-फिरने में अत्यधिक कठिनाई होने लगी और उनकी दैनिक गतिविधियाँ प्रभावित हो गई थीं।

दूसरे मरीज सत्यनारायण हैं। इनकी आयु 65 वर्ष हैं। यह प्रयागराज के निवासी हैं। यह पिछले तीन वर्षों से दोनों घुटनों के दर्द से परेशान थे। इन दोनों



परिवारों के लिए यह समय अत्यंत भावनात्मक और चुनौतीपूर्ण कदम था, क्योंकि पूरा परिवार वर्षों तक दर्द सहते देखा था। इस अत्यंत जटिल सर्जरी को केजीएमयू के डॉ. नरेन्द्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में ऑर्थोपेडिक सर्जनों की टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। घुटना प्रत्यारोपण में डॉ. मनीष कुमार, डॉ. आकाश सिंह, डॉ. तुषार सिंह और डॉ. आयुष तिवारी शामिल रहे। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. हेमलता वर्मा, डॉ. शिवम, डॉ. गोविन्द और डॉ. हरीश ने घुटना प्रत्यारोपण में सहयोग किया। डॉ. नरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने शनिवार को हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि सर्जरी के बाद दोनों मरीजों की स्थिति स्थिर है। वे केजीएमयू में नियमित फिजियोथेरेपी के माध्यम से तेजी से रिकवरी कर रहे हैं और अब दोनों मरीज अपने पैरों पर खड़े होकर चलने लगे हैं।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** कार और टेंपो की टक्कर में चालक समेत कई लोग घायल हो गए। घटना 8 अप्रैल की बताई जा रही है। गांव आलमपुर निवासी गंगाराम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा देवेश कुमार टेंपो लेकर शाहजहांपुर से पुवायां की ओर जा रहा था। जैसे ही वह रतन सिंह मेडिसिटी कॉलेज के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक अज्ञात अर्टिगा कार ने तेज रफ्तार में टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो चालक देवेश कुमार समेत उसमें बैठी सवारियां राधा वर्मा और अंशिका वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। दुर्घटना में टेंपो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने गंगाराम की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।** भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र पाल के नेतृत्व में ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद किया और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को विस्तार से समझाया। इस दौरान सुरेंद्र पाल ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों, युवाओं, व्यापारियों और आम जनता के हित में लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है, जिनका लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर योजना धरातल पर उतरे और उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कृषि, रोजगार, स्वरोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। साथ ही लोगों की समस्याएं भी सुनी गई और उन्हें संबंधित विभागों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजीव बंसल ने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में सर्वेश पाल, सुभाष चंद्र, रामरतन शर्मा, आरबी श्रीवास्तव, सत्यपाल, वीरेंद्र सिंह, आशीष मिश्र, रणधीर सिंह, रोहित सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### सेल एग्री कमोडिटीज व केवी क्लब क्रिकेट टीम के साथ होगें मैच प्रारंभ

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** सेल एग्री कमोडिटीज लिमिटेड इनायतपुर की नाइस क्रिकेट क्लब टीम का पुवायां की केवी क्लब किक्रेट टीम के साथ तीन टी-20 के मैच प्रारम्भ होने जा रहे है। जोकि क्षेत्र के सभी क्रिकेट प्रेमियों के लिये बड़े ही गर्व की बात है। क्रिकेट मैच आगामी प्रत्येक रविवार को खेला जाएगा। आयोजन के मुख्य अतिथि विनोद कुमार धीर मामा जी होगें। उक्त प्रतियोगिता में सभी क्रिकेट प्रतिभागियों को अपना कौशल दिखाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। नाइस किकेट क्लव टीम की ओर से उमेश आंवला, प्रसून मिश्रा, नरोत्तम मांझी, विजय सरोहा, पवन प्रकाश, जोगिन्दर शर्मा, लवदीप, सचिन, पवन पांडे, श्याम मिश्रा, इन्द्रपाल सिहं, विपिन सक्सेना, सेंकी बंसल आदि खिलाड़ी खेलेगें। केवी क्लव टीम की ओर से अग्रेस सिंह, जुग्गन ठाकुर, दीपक शुक्ला, वरून मिश्रा, मनु, ईशु, हर्षित, विपिन पंडित, रवीन्द्र मलिक, उदयसिहं, विवेक सिहं, पवन, गौरव, अमन, विष्णु आदि खिलाड़ी खेलेगें।

### बच्ची से अश्लीलता का आरोपी नाटकीय ढंग से पहुंच गया अस्पताल

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** खेत पर चारा लेने गई बच्ची को एक दरिंदा गलत नीयत से झोपड़ी में खींच ले गया । उससे अश्लीलता की सूचना मिलते ही सीओ व कोतवाल भरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । तब तक वह फरार हो गया। देर रात रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई। शनिवार सुबह आरोपी नाटकीय ढंग से अस्पताल में भर्ती हो गया। जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक व्यक्ति की नौ वर्षीय बेटी शुक्रवार शाम करीब छह बजे खेत पर चारा लेने गई थी। समीप चरागाह में झोपड़ी डालकर रह रहा एक अधेड़ उम्र का दरिंदा बच्ची को झोपड़ी में खींच ले गया। और उससे अश्लीलता की। बच्ची किसी तरह उसके चंगुल से छुटकर सहमी हुई घर पहुंची और अपनी माता पिता को घटना बताई। पीड़ित पिता ने डायल 112 पुलिस बुलाई । सूचना मिलते ही सीओ ज्योति यादव व कोतवाल जुगुल किशोर पाल भरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । तब तक आरोपी फरार हो चुका था। देर रात उच्चाधिकारियों को घटना का संज्ञान कराए जाने के बाद पॉस्को समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आर्ट में पीस ने आरोपी के निकटतम लोगों को हिरासत में ले लिया । और रात में ही पीड़ित बच्ची का मेडिकल कराया। उधर शनिवार सुबह आरोपी राजू उर्फ प्रेम प्रकाश पुत्र राम विलास तबियत खराब कह सीएचसी जा पहुंचा। सीएचसी से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । जहां उसके आरोपी होने की जानकारी होने पर उसे पुनः तिलहर सीएचसी भेज दिया गया। जैसे ही इसकी जानकारी कोतवाल जुगुल किशोर पाल को हुई तो वह सीएचसी जा धमके। हालांकि तबियत खराब होने की बिना पर उसे फिर जिला अस्पताल भेज दिया गया। जहां पुलिस का एक गार्ड भी उसके साथ लगाया गया है। उधर मोहल्ले बालों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी की तमाम घिनौनी हरकतों का पुलिस के सामने खुलासा किया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि डॉक्टरों के मुताबिक आरोपी ठीक है और उसे जल्द ही कब्जे में लेकर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### साले पर जानलेवा हमला करने वाला बहनोई गिरफ्तार




**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** वहन के घरेलू विवाद में समझाने गए युवक पर बहनोई व उसके भाई ने बांका प्रहार कर गंभीर रूप से घायल किए जाने के मामले में पीड़ित की वहन ने पति समेत दो लोगों के खिलाफ जान लेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी जुनैद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी जुनैद की पत्नी नाजमा ने नौ अप्रैल को दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि का भाई दिनांक 26 मार्च की सुबह करीब सात बजे उसकी सुसराल मे घरेलू विवाद के चलते मोहल्ले में रहने वाले उसके भाई मकदूम पुत्र महमूद समझाने आया था। आरोप है कि इसी दौरान उसके पति जुनैद व उनके भाई जहांगीर ने भाई मकदूम पर बंका से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल सीएचसी ले गए जहां से गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसके पेट में गांव और सीने की हड्डी टूट गई। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुख्य आरोपी जुनैद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फुले की जयंती सपाईयों ने मनाई

समृद्धि न्यूज




**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रख्यात समाज सुधारक लेखक महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फुले की जयंती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फुले जी के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता दोदराम वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अजफर अली खान, सपा के जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफ़ीज़ अंसारी,संतोष कुमार पाल, सपा युवज़न सभा के प्रदेश सचिव पार्थ यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव सरताज खान, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारुकी, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार, सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजपाल फौजी, पार्वती सैनी, कविता कठेरिया, आयुष यादव, विनीत यादव, असलम खान, बिलाल खान, देवेंद्र कुमार मिश्रा, गुफरान खान, मनोज यादव, मोहम्मद अली हुसैन, महिपाल सिंह यादव,श्यामा सिंह यादव,अनिल भास्कर,मोहम्मद फिरोज, तय्यब खान, सुरजीत यादव, मोहम्मद रमीज, आशीष कुमार कनौजिया मोहम्मद इकबाल, आशीष कुमार कनौजिया, आरिफ खान, रवि प्रकाश पांडे आदि मौजूद रहे।

## विधायक को करणी सेना के साथ किसानों ने ज्ञापन सौंपा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** करणी सेना के प्रदेश महामंत्री ओमवीर सिंह राठौड़ ने क्षेत्र के किसानों के साथ किसानों के हित के लिए ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा और मांग की बरी खास में सरकारी क्रय केंद्र जल्द से जल्द चालू कराने और किसानों का गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर तुलवाये जाने की मांग की। कहा किसान फसल 5 माह में तैयार करता है जिसके बाद भी किसानों का गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों न बिक कर औने-पौने दाम मे बिक रहा है और तो और किसानों हर बार परेशानियां भुगतनी पड़ती है। ज्ञापन देने वालों में शेखर सिंह, आकाश मिश्रा उर्फ गुल्लू, सुर्य प्रताप सिंह, दीपक शर्मा, अरविन्द कुमार सिंह,



सचिन शुक्ला, श्याम सुंदर सिंह, राना प्रताप सिंह, आशीष चौहान, हलधर सिंह, सौरभ सिंह, अतुल सिंह चौहान, छोटे सिंह, प्रमोद शुक्ला, मुनीश्वर वर्मा, आकाश श्रीवास्तव, मूलचंद कश्यप के साथ साथ क्षेत्र के किसानों के साथ तमाम करणी सैनिक मौजूद रहें।

## परशुराम नगर में चलाया गया गांव बस्ती चलो अभियान



**समृद्धि न्यूज, पुवायां।** नगर के मोहल्ला परशुराम नगर में भाजपा के गांव बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत सुरेश वर्मा बटुआ वालों के सयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को गांव बस्ती चलो अभियान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की जिला मंत्री मंजू आनंद ने भाजपा सरकार द्वारा जनता के लिए किए जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने घर घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क कर समस्याओं को सुना मंजू आनंद के साथ सुरेश वर्मा बटुआ, मधू सिंह, बिजेंद्र प्रजापति, संजीव शुक्ला सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किताब माफियाओं का शाहजहांपुर में फूंका गया पुतला

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के कार्यकर्ताओं ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी और किताबों के नाम पर अभिभावकों के शोषण का मामला उठाया है। राष्ट्रीय गौ सेवक संघ ने इस पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय गौ सेवक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी एडवोकेट के नेतृत्प में तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता खिरनी बाग चौराहा पर एकत्र हुए और किताब माफियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किताब माफियाओं का पुतला फूंका और



ज्ञापन सौंपा गया। आरोप लगाया गया है कि जिले के कई प्राइवेट स्कूल अभिभावकों पर अपनी तय दुकानों से ही किताबें खरीदने का दबाव बना रहे हैं। यही नहीं, आरोप है कि स्कूल और किताब विक्रेता मिलकर किताबों की कीमतों में मनमानी बढ़ोतरी कर रहे हैं, जिससे खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के अभिभावकों को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि किताबों पर 10 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक ज्यादा कीमत वसूली जा रही है, और कई बार दुकानदार गलत किताबें देकर उन्हें वापस लेने से भी इनकार कर देते हैं। संघ ने आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में कुछ अधिकारियों की मिलीभगत भी हो सकती है, जिससे यह गोरखधंधा लगातार फल-फूल रहा है। राष्ट्रीय गौ सेवक संघ ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि अभिभावकों को इस तरह के शोषण से राहत मिल सके। इस दौरान राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री व सीबीए के महासचिव राजेश अवस्थी एडवोकेट, जिलाध्यक्ष गोविंद मिश्रा, अंकुर शुक्ला, अभय, विनोद, रामसिंह, नीरज, नितिन, दिलदार, उजैब, विश्व मोहन, संतोष शर्मा, राजेंद्र, अवनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## क्राइम इंस्पेक्टर का बाथरूम में मिला शव, हार्ट अटैक से मौत की आशंका

▸ ऑफिस नहीं पहुंचने पर पुलिसकर्मी आवास पर पहुंचे तो बाथरूम में पड़े मिले राजेश

समृद्धि न्यूज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** कोतवाली में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर के देर तक ऑफिस न पहुंचने पर और कॉल का जवाब नहीं देने पर पुलिसकर्मी उनके आवास पर पहुंचे। जहां राजेश बाथरूम में पड़े मिले।। पुलिसकर्मियों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही



स्पष्ट होगा। पुवायां कोतवाली में क्राइम इंस्पेक्टर के पद पर तैनात 45 वर्षीय राजेश कुमार अगस्त माह में पुवायां थाने में आए थे। उनका परिवार उन्नाव में ही रहता है। जबकि वह सरकारी आवास में अकेले रहते थे। शनिवार की सुबह जब वह ऑफिस नहीं पहुंचे तब साथी पुलिसकर्मियों ने उनके मोबाइल नंबर पर कई बार कॉल की पर कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद पुलिसकर्मी उनके आवास पर पहुंचे। जहां वह दिखाई नहीं दिए। पुलिसकर्मियों ने बाथरूम में चेक किया तो वहां उन्होंने राजेश कुमार को बाथरूम में पड़ा देखा। निरीक्षण में पाया गया कि वह नहाने की तैयारी कर रहे थे। उनके कपड़े बाथरूम के बाहर रखे थे। जिसके बाद उन्हें सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। डाक्टरों के अनुसार हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है, लेकिन मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। परिवार में उनकी पत्नी सुनीता और बेटी सौम्या व एक बेटा वैभव है। बेटी सौम्या ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई कंप्लीट कर ली है और बेटा वैभव 9 वीं कक्षा में पढ़ता है।

## नायब तहसीलदार ने सुनी समस्याएं



समृद्धि न्यूज

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** थाना परिसर में शनिवार को नायब तहसीलदार अमित कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की संख्या काफी कम रही और प्राप्त सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि समाधान दिवस में कुल दो शिकायतें प्राप्त हुई।जिनका तत्काल समाधान कर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी शिकायत लंबित नहीं है।

समाधान दिवस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस और राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर समस्याओं के समाधान में सहयोग प्रदान किया।

## राष्ट्रीय बजरंग दल का एक दिवसीय बौद्धिक प्रशिक्षण संपन्न

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के वैचारिक मार्गदर्शन हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय बौद्धिक प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया। नंगली आश्रम में आयोजित इस शिविर में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और आगामी कार्ययोजना पर मंथन किया। घ्इस प्रशिक्षण वर्ग में परशुरामपुरी जिले के मुख्य रूप से पांच ब्लॉकों तिलहर, ददरौल, जलालाबाद, मिर्जापुर और कलान के कुल 17 प्रमुख पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को दो वैचारिक सत्रों में विभाजित किया गया था, जिसमें संगठन के अनुशासन और कार्यपद्धति पर विस्तार से चर्चा हुई। घ्प्रांत महामंत्री पंकज गुप्ता और प्रांत मंत्री एडवोकेट अर्पित भामाशाह ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करते हुए राष्ट्रीय



बजरंग दल के आगामी पांच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा तैयार करना। संगठन को गांव-गांव और वार्ड स्तर तक पहुंचाने के लिए समिति विस्तार पर जोर। हनुमान चालीसा केंद्रों की संख्या बढ़ाने और उन्हें सक्रिय करने की योजना। घ्इस अवसर पर जिले के प्रमुख पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने संगठन के लक्ष्यों को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया।

## विश्व होम्योपैथिक दिवस पर डा. रवि मोहन को रेडक्रास ने किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** विश्व होम्योपैथिक दिवस के सुभावसर पर बिसरात रोड प्रताप इन्क्लेव स्थित फूड स्टोरी होटल में होम्योपैथिक के जनक डा. सैमुअल हैनीमैन चित्र के समक्ष दीप प्रज्वल्लित कर पुष्पांजलि अर्पित कर और उनके जीवनकाल का परिचय देते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए चिकित्सकों ने अपने विचार प्रकट करते हुए धूमधाम से डा सैमुअल हैनीमैन का जन्मदिन मनाया। होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के सम्मान में इंडियन रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा विजय जौहरी ने जनपद में मानवता के साथ समर्पण सेवा एवं सहयोग के साथ चिकित्साभ्यास कर रहे प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डा रवि



मोहन को रेडक्रास का मैडल पहनाकर शाल ओढ़ाकर राम नाम का दोपट्टा पहनाकर रेडक्रास का प्रतीक चिन्ह देते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। दिए गए प्रशस्ति पत्र में उल्लेख है कि यह प्रशस्ति पत्र डॉ. रवि मोहन को विश्व होम्योपैथिक दिवस के शुभ अवसर पर उनकी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, समर्पण एवं समाज के प्रति योगदान के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से सम्मानपूर्वक प्रदान किया जा रहा है। इन्होने अपने ज्ञान, सेवा भावना और निष्ठा के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने एवं रोगियों की सेवा में अतुलनीय योगदान दिया है, जो अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। हम उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे इसी प्रकार समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे। अंत में डा विजय जौहरी ने कहा कि बाबा विनोवा भावे के अनुसार कोई भी चिकित्सा पैथी सिम्पैथी के बिना अधूरी है। कार्यक्रम में डा एसपी कौशल, डा बीएन रस्तोगी, डा संगीता मोहन, डा मणिका चैधरी, डा गौरव कौशल, डा आंचल, डा शम्मी सचदेवा, डा हरीश सचदेवा, डा राखी चटर्जी, डा शुभ्रा श्रीवास्तव, डा रमित कौर, डा अनूप श्रीवास्तव, डा मनीषा, डा गुरूप्रीत, डा मालू थिंड बंडा, डा शिवम रस्तोगी, डा संध्या सक्सेना, डा एसी वर्मा, डा महेन्द्र अग्रवाल, डा महेन्द्र शुक्ला, डा एसके मिश्रा, डा प्रणव चौधरी आदि ने भाग लिया।

## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पुवायां में वार्षिकोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पुवायां प्रथम में वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाए गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए नगर पालिका परिषद पुवायां के अधिशासी अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में बच्चो के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। बच्चां के द्वारा शिक्षोंमुखी कार्यक्रम इको क्लब बालिका शिक्षा आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए इसके बाद प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय बच्चों को रिपोर्ट कार्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात्



कैरियर गाइडेंस के लिए आये हुए बिभिन्न क्षेत्रो के एक्सपर्ट व्यक्तियों द्वारा बच्चो को क़ानून चिकित्सा, व्यापार, पत्रकारिता, शैक्षिक प्रशासन आदि क्षेत्रो के सम्बन्ध में जानकारी प्रादान कर उनको मार्गदर्शित किया गया। विद्यालय की शिक्षिका सुश्री पारुल मौर्य द्वारा पीएम श्री स्कूल के बारे में उसकी सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से उपस्थिति गणमान्य व्यक्तियों एवं अभिभावकों को अव गत कराया गया अनूप बरनवाल के द्वारा बहुत ही रोचक ढंग से बच्चो के साथ एक्ट कर प्रतिभाग कराया गया एवं गौरव त्रिपाठी द्वारा अपनी सुरीली आवाज का जादू विखेरते हुए गीत गाकर क्कार्यक्रम में समा बाँध दिया गया द्य अंत में उपस्थिति अथितियो का आभार प्रकट कर प्रधानाध्यिका रश्मि त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में ओमप्रकाश त्रिवेदी, सुमन त्रिवेदी, पुष्पेन्द्र चौहान, रिया श्रीवास्तव, मंगल प्रसाद, विभा बाजपेयी, सम्रद्धि, वत्सला, अनूप बरनवाल, गौरव त्रिपाठी, स्मृति भारद्वाज, जितेन्द्र मौर्या, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन राजीव गुप्ता के द्वारा किया गया।

## सपा नेता व पूर्व प्रधान का निधन

समृद्धि न्यूज

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कस्बे के तीन बार प्रधान रहे सोमेश्वर प्रसाद का शुक्रवार सुबह 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

उनके निधन की सूचना मिलने पर कई राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुईं। इनमें प्रगतिशील किसान भाजपा नेता कौशल मिश्रा, राजीव मिश्रा, अनूप मिश्रा, मुकेश दीक्षित, सपा के पूर्व विधायक राजेश यादव, राधेश्याम यादव, अरुण यादव, पूरन लाल मिश्रा, मदनपाल सिंह राजेंद्र पाल सिंह गुर्जर प्रमुख थे। शाम 6



बजे गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नहीं छीन सकते मताधिकार

यह भारत के प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकार–मताधिकार–का सवाल है। इसे न तो कोई छीन सकता है और न ही स्थगित कर सकता है। स्थगित के मायने हैं कि कोई बात नहीं, आप पांच साल के बाद वाले चुनाव में मतदान कर लेना। नहीं, यह बिल्कुल गलत, असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ऐसा हुआ है और हडक़ंप मचा है। लोगों में भय और आशंका है कि अंततः उनकी नागरिकता रद्द कर दी जाएगी! चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कई राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में किए हैं। बेशक बिहार में तूफान मचा और इसे राजनीतिक, चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें की गईं, लेकिन नाकाम रहीं। चुनाव सम्पन्न हो गया और भाजपा–एनडीए की सरकार बरकरार रही। बंगाल में 'तार्किक विसंगति श्रेणी' की प्रक्रिया के बाद भी 27.16 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए। कुल 90.83 लाख से अधिक नाम काटे गए हैं। क्या वे सभी घुसपैठिए या फर्जी मतदाता थे? आयोग ने आज तक यह स्पष्ट क्यों नहीं किया? जिनकी मृत्यु हो गई, उनका आंकड़ा छोड़ दीजिए, उनके अलावा यह कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। इतने लोगों के मताधिकार छीने गए हैं। चुनाव आयोग के पास मताधिकार छीनने की कोई संवैधानिक शक्ति नहीं है। यदि लाखों नाम काटे गए हैं, तो उनका ब्यौरा भी देना पड़ेगा, क्योंकि यह मौलिक अधिकार का सवाल है। यह आंकड़ा 4 लोकसभा सीट के मतदाताओं की कुल संख्या से भी अधिक है, नतीजतन इस बार के विधानसभा चुनाव में कुल 6,75,54,184 मतदाता ही वोट डाल सकेंगे। बंगाल में एसआईआर से पहले मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से अधिक थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी 7.61 करोड़ से ज्यादा पात्र मतदाता थे। जिन 27.16 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम अधर में लटके हैं अथवा जो नाम अब भी संदिग्ध हैं, वे निश्चित तौर पर 23 और 29 अप्रैल के मतदान में मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे, क्योंकि नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मतदाता सूचियां 'फ्रीज' कर दी गई हैं। यानी उनमें अब कोई संशोधन नहीं किया जा सकता। हालांकि ये लाखों मतदाता ट्रिब्यूनल के सामने अपनी शिकायतें, आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं, लेकिन ट्रिब्यूनल ही लूले–लंगड़े हैं। उनके पास कमरा, कुर्सी, मेज, डिजिटल नेटवर्क की सुविधाएं ही नहीं हैं। सर्वोच्च अदालत के आदेश पर जिन न्यायिक समितियों को मतदाताओं के मामलों की जांच करनी थी, उनमें से कई समितियां तो गठित ही नहीं हुई हैं। मतदाताओं को 'न्याय' कौन और कैसे देगा? मान लीजिए कि तार्किक विसंगति के मामलों की जांच के बाद 10 लाख नाम सही पाए गए और उनकी एक पूरक मतदाता सूची चुनाव आयोग ने प्रकाशित भी कर दी, तो उन्हें कौन वोट डालने देगा? क्या चुनाव अधिकारियों को 'पूरक सूची' संबंधी निर्देश दिए गए हैं? वे वोट कैसे डाल सकेंगे, जबकि मतदाता सूचियां तो 'फ्रीज' हो चुकी हैं। पात्र मतदाता भी वोट कैसे डाल सकेगा? इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत के जस्टिस बागची का फैसला 'संवैधानिक' नहीं लगता। उन्होंने कहा है कि ऐसे मतदाता भविष्य की मतदाता–सूची में स्थान पा सकते हैं। वे भविष्य के चुनावों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। बेशक हम न्यायाधीश के फैसले पर सवाल नहीं कर सकते, लेकिन यह सवाल जरूर करेंगे कि यह अधिकार किसने दिया कि पांच साल बाद मतदान कर लेना? मताधिकार तो चिरस्थायी, सार्वकालिक, निरंतर है। चुनाव जब भी होंगे, तो देश के नागरिक को अपना प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक अधिकार 'सदैव' है। बेशक एसआईआर चुनाव आयोग के संवैधानिक दायित्वों में आता है, लेकिन यह जनता–विरोधी साबित नहीं होना चाहिए। बंगाल में 75–80 फीसदी मुसलमानों के नाम काटे गए हैं और कुछ हिंदुओं या गैर–मुस्लिमों पर भी छुरी चली है, ताकि तटस्थता की बानगी पेश की जा सके। सवाल है कि जिस व्यक्ति ने संविधान के भीतर खूबसूरत, सांस्कृतिक चित्र बनाए, उसके परिजनों को 'मतदाता' क्यों नहीं माना गया? एक पासपोर्ट धारक का नाम सूची से गायब क्यों है? बीएसएफ का जो जवान सरहदों पर देश की रक्षा कर रहा है, उसे पात्र मतदाता क्यों नहीं माना गया? ऐसी असंख्य विसंगतियां अब भी मौजूद हैं। यदि कोई प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने जाता है, तो उसके साथ दुर्व्यवहार क्यों किया जाता है? क्या वह ही 'महामहिम' हैं? बहरहाल इन मुद्दों पर आंदोलित होना चाहिए। आशा है कि विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न होंगे।

# सबरीमाला मंदिर पुनर्विचार में आस्था व परंपरा का ध्यान रखना जरूरी है

*डॉ. निवेदिता शर्मा*

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2018 के सबरीमला निर्णय पर पुनर्विचार की प्रक्रिया को लेकर आज हमने यह माल लिया है कि यह भारत की सभ्यतागत चेतना, उसकी आध्यात्मिक परंपराओं और आधुनिक संवैधानिक मूल्यों के बीच संतुलन खोजने का एक गंभीर प्रयास है। सबरीमाला मंदिर विवाद का मूल प्रश्न महिलाओं के प्रवेश से जुड़ा अवश्य है, किंतु इसकी गहराई इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह उस बिंदु को छूता है जहां भारतीय सभ्यता की हजारों वर्षों से चली आ रही जीवंत परंपराएं आधुनिक न्यायशास्त्र के साथ संवाद करती हैं।

इससे पूर्व 2018 में दिए गए 4:1 बहुमत के निर्णय ने 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगी परंपरागत रोक को समाप्त कर दिया था। इसे एक वर्ग ने लैंगिक समानता की जीत के रूप में प्रस्तुत किया, किंतु इस निर्णय का विरोध हुआ, यहां समझनेवाली बात यह है कि इसे लेकर पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी सामने आईं, जिन्होंने इस न्यायालयीन निर्णय का विरोध किया। सभी को समझना होगा कि सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा को नैष्ठिक ब्रह्मचारी के रूप में पूजा जाता है। यह एक विशिष्ट आध्यात्मिक अनुशासन का प्रतीक है।

भारतीय परंपरा में देवता का स्वरूप ही उपासना की पद्धति को निर्धारित करता है। ऐसे में यदि उस स्वरूप से जुड़ी परंपराओं में परिवर्तन किया जाता है, तब वह सिर्फ सामाजिक सुधार नहीं होता है, उस देवता की अवधारणा में हस्तक्षेप के समान हो जाता है। यही कारण है कि अनेक श्रद्धालु इस मामले को समानता बनाम भेदभाव के सरल द्वंद्व के रूप में नहीं देखते, बल्कि इसे आस्था की अखंडता के प्रश्न के रूप में समझते हैं।

इस विवाद का एक महत्वपूर्ण आयाम न्यायपालिका की बढ़ती भूमिका है, विशेषकर धार्मिक मामलों में। अनिवार्य धार्मिक प्रथाओं का सिद्धांत, जो शिरूर मठ मामले में विकसित हुआ था, प्रारंभ में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए था, किंतु समय के साथ यह सिद्धांत न्यायालयों को यह निर्धारित करने का अधिकार देने लगा है कि किसी धर्म की मूलभूत प्रथाएं कौन-सी हैं। यह परिवर्तन चिंताजनक है, क्योंकि इससे न्यायपालिका उन क्षेत्रों में प्रवेश करने लगती है, जो मूलतः धर्मशास्त्रीय और आध्यात्मिक हैं।

याचिकाकर्ताओं का यह तर्क महत्वपूर्ण है कि न्यायाधीश, चाहे कितने ही विद्वान क्यों न हों, वे सदियों पुरानी परंपराओं की आध्यात्मिक गहराई का पूर्ण आकलन नहीं कर सकते। यदि न्यायालय यह तय करने लगें कि कौन-सी प्रथा आवश्यक है और कौन-सी नहीं, तो वे आस्था के निर्णायक बन जाते हैं। यह धार्मिक स्वायत्तता के सिद्धांत के विपरीत है, जोकि भारतीय संविधान की आत्मा में निहित है।



पुनर्विचार याचिकाओं में धार्मिक स्वायत्तता की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। धार्मिक संगठनों का तर्क है कि भारतीय धर्मों को अब तक स्पष्ट कानूनी पहचान नहीं मिली है, जिसके कारण वे अपने अधिकारों की प्रभावी रक्षा नहीं कर पाते। इस स्थिति में राज्य का हस्तक्षेप बढ़ जाता है, जोकि धार्मिक स्वतंत्रता के लिए चुनौती बन सकता है। इस संदर्भ में यह सुझाव भी महत्वपूर्ण है कि न्यायालयों को धार्मिक मामलों में विशेषज्ञों और धर्माचार्यों से परामर्श करना चाहिए। जैसे तकनीकी मामलों में विशेषज्ञों की राय ली जाती है, वैसे ही धर्म से जुड़े मामलों में भी संबंधित परंपराओं के ज्ञाताओं की सहभागिता आवश्यक है। यह दृष्टिकोण न्यायिक प्रक्रिया को अधिक संतुलित और संवेदनशील बना सकता है। केरल सरकार के रुख में आया परिवर्तन भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। पहले जहां उसने 2018 के निर्णय का समर्थन किया था, वहीं अब उसने यह स्वीकार किया है कि दीर्घकालिक परंपराओं पर निर्णय लेने से पहले धार्मिक विद्वानों से परामर्श आवश्यक है। यह बदलाव इस तथ्य को रेखांकित करता है कि आस्था से जुड़े प्रश्न केवल कानूनी तर्कों के माध्यम से हल नहीं किए जा सकते। संवैधानिक नैतिकता बनाम सामाजिक नैतिकता का विमर्श भी इस विवाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संवैधानिक नैतिकता हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों की ओर उन्मुख करती है, किंतु इसका प्रयोग सावधानीपूर्वक होना चाहिए। यदि इसे इस प्रकार उपयोग किया जाए कि वह ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं को पूरी तरह नकार दे, तो यह एक प्रकार की न्यायिक अतिरेकता बन सकती है। वहीं, सामाजिक नैतिकता का हवाला देकर हर परंपरा को बिना जांच के स्वीकार करना भी उचित नहीं है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि इन दोनों के बीच एक संतुलन स्थापित किया जाए। न्यायालय को यह समझना होगा कि भारतीय समाज में धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि सामूहिक पहचान और सांस्कृतिक निरंतरता का आधार है।

इस पूरे विवाद के केंद्र में एक और गहरी समस्या है, पाश्चात्य कानूनी ढांचे और भारतीय सभ्यतागत वास्तविकताओं के बीच असंगति का होना। पश्चिमी विचारधारा में धर्म को प्रायः एक संगठित, केंद्रीकृत संस्था के रूप में देखा जाता है, जहां नियम स्पष्ट और संहिताबद्ध होते हैं। उनके लिए ये धर्म सिर्फ एक रिलीजन है। ऐसे में रिलीजन के अर्थ में धर्म बहुत सीमित हो जाता है, इसके विपरीत भारत में धर्म जीवन का समग्र दर्शन है, जोकि विविधता, बहुलता और संदर्भानुकूलता पर आधारित है। यहां परंपराएं स्थानीय, जीवंत और निरंतर विकसित होती रहती हैं।

ऐसी स्थिति में यदि पश्चिमी उदारवादी अवधारणाओं, जैसे कि व्यक्तिगत अधिकारों की पूर्ण प्राथमिकता को भारतीय संदर्भ में बिना समुचित अनुकूलन के लागू किया जाता है तो यह स्वाभाविक रूप से टकराव उत्पन्न करता है। सबरीमाला मंदिर का निर्णय इसी टकराव का एक उदाहरण माना जा सकता है, जहां व्यक्तिगत अधिकारों को सामूहिक आध्यात्मिक परंपराओं के ऊपर प्राथमिकता दी गई।

न्यायालय को आज यह भी ध्यान देना चाहिए कि सबरीमला आंदोलन का एक उल्लेखनीय पहलू यह रहा कि इसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली है। यह तथ्य उस धारणा को चुनौती देता है कि यह संघर्ष केवल महिलाओं के अधिकारों के विरुद्ध था। अनेक महिलाएं स्वयं इस परंपरा के पक्ष में खड़ी हुईं, क्योंकि वे इसे भेदभाव नहीं, बल्कि एक विशेष आध्यात्मिक अनुशासन का हिस्सा मानती हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारतीय समाज में आस्था और पहचान के प्रश्न केवल अधिकारों की भाषा में नहीं समझे जा सकते हैं।

पुनर्विचार याचिकाओं में धार्मिक स्वायत्तता की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। धार्मिक संगठनों का तर्क है कि भारतीय धर्मों को अब तक स्पष्ट कानूनी पहचान नहीं मिली है, जिसके कारण वे अपने अधिकारों की प्रभावी रक्षा नहीं कर पाते। इस स्थिति में राज्य का हस्तक्षेप बढ़ जाता है, जोकि धार्मिक स्वतंत्रता के लिए चुनौती बन सकता है। इस संदर्भ में यह सुझाव भी महत्वपूर्ण है कि न्यायालयों को धार्मिक मामलों में विशेषज्ञों और धर्माचार्यों से परामर्श करना चाहिए। जैसे तकनीकी मामलों में विशेषज्ञों की राय ली जाती है, वैसे ही धर्म से जुड़े मामलों में भी संबंधित परंपराओं के ज्ञाताओं की सहभागिता आवश्यक है। यह दृष्टिकोण न्यायिक प्रक्रिया को अधिक संतुलित और संवेदनशील बना सकता है।

केरल सरकार के रुख में आया परिवर्तन भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। पहले जहां उसने 2018 के निर्णय का समर्थन किया था, वहीं अब उसने यह स्वीकार किया है कि दीर्घकालिक परंपराओं पर निर्णय लेने से पहले धार्मिक विद्वानों से परामर्श आवश्यक है। यह बदलाव इस तथ्य को रेखांकित करता है कि आस्था से जुड़े प्रश्न केवल कानूनी तर्कों के माध्यम से हल नहीं किए जा सकते। संवैधानिक नैतिकता बनाम सामाजिक नैतिकता का विमर्श भी इस विवाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संवैधानिक नैतिकता हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों की ओर उन्मुख करती है, किंतु इसका प्रयोग सावधानीपूर्वक होना चाहिए। यदि इसे इस प्रकार उपयोग किया जाए कि वह ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं को पूरी तरह नकार दे, तो यह एक प्रकार की न्यायिक अतिरेकता बन सकती है। वहीं, सामाजिक नैतिकता का हवाला देकर हर परंपरा को बिना जांच के स्वीकार करना भी उचित नहीं है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि इन दोनों के बीच एक संतुलन स्थापित किया जाए। न्यायालय को यह समझना होगा कि भारतीय समाज में धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि सामूहिक पहचान और सांस्कृतिक निरंतरता का आधार है।

सबरीमाला प्रकरण में प्रस्तुत उदाहरण जैसे कुछ मंदिरों में पुरुषों का प्रवेश प्रतिबंधित होना या विशेष परिस्थितियों में ही अनुमति मिलना यह दर्शाते हैं कि भारतीय धार्मिक परंपराएं अत्यंत विविध और विशिष्ट हैं। इन्हें एक समान मानक से नहीं परखा जा सकता। प्रत्येक परंपरा का अपना ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संदर्भ होता है।

विचार

# वैश्विक संकटों के बीच विश्व बैंक अकेला नहीं जो भारत की गाथा कह रहा

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

इस समय पश्चिम एशिया में संघर्ष, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें विश्व अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई हैं, पर इन सबके बीच भारत का प्रदर्शन आश्चर्यजनक रूप से संतुलित और सुदृढ़ दिखाई देता है। विश्व बैंक से लेकर तमाम अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं आश्वस्त कर रही हैं कि भारत जिस तरह से अपनी अर्थव्यवस्था और भविष्य की दृष्टि से हर चुनौती के लिए तैयार दिख रहा है, वह काबिले तारीफ है।

**वस्तुतः** वर्ल्ड बैंक द्वारा 2026 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर को 6.6 प्रतिशत तक बढ़ाना इस बात का प्रमाण है कि भारत हर परिस्थिति पर नियंत्रित करने की क्षमता रखने वाला राष्ट्र है। यहां समझनेवाली बात है कि यह इतना आसान भी नहीं है, जितना कि बाहर से किसी को दिखाई दे, क्योंकि महंगाई, ऊर्जा लागत और वैश्विक अस्थिरता जैसे खतरे सामने खड़े हैं। ऐसे मे यदि हम वर्ल्ड बैंक के अतिरिक्त अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के अनुमानों पर दृष्टि डालें, तब एक समान संदेश सामने आता है, वह है कि भारत स्थिर है, सक्षम है और आगे बढ़ने के लिए तैयार है।

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने भी 2026 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इसका मानना है कि भारत की आर्थिक संरचना इतनी मजबूत है कि वह बाहरी झटकों को सहजता से झेल सकती है, क्योंकि इसकी रीढ़ घरेलू मांग है, न कि केवल निर्यात। इसी प्रकार एशियन डेवलपमेंट बैंक ने 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाते हुए स्पष्ट किया है कि भारत का बुनियादी ढांचा निवेश और विनिर्माण क्षेत्र में सुधार इसे 2026 में पूरे वर्ष भर वैश्विक संकटों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यही विचार ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक को-ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट के भी हैं, जोकि भारत की वृद्धि को 6.6 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत के बीच मानता है और यह रेखांकित करता है कि भारत की कर प्रणाली, श्रम सुधार और निर्यात रणनीति इसे अन्य अर्थव्यवस्थाओं से अलग बनाती है।

अब बात यहां मूडीज़ के साथ स्टैंडर्ड एंड पुअर्स और फिच रेटिंग्स जैसी रेटिंग एजेंसियों की भी कर लेते हैं, यह भी भारत के संदर्भ में लगभग 6.4 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि का अनुमान देती हैं। इन संस्थाओं का एकमत विश्वास इस तथ्य को पुष्ट करता है कि भारत आज के समय में सिर्फ संभावनाओं की अर्थव्यवस्था से कहीं आगे होकर अपना प्रदर्शन कर रहा है।

**घरेलू मांग है भारत की सबसे बड़ी शक्तिः-** भारत की आर्थिक मजबूती का सबसे बड़ा आधार उसकी घरेलू मांग है। जब वैश्विक बाजारों में मांग घटती है, तब भी भारत के भीतर उपभोग का स्तर अपेक्षाकृत स्थिर रहता है। यह एक ऐसी विशेषता है जो बहुत कम देशों में देखने को मिलती है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में संभावित कटौती, सरकारी योजनाओं के माध्यम से आय में वृद्धि और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती क्रय शक्ति ने उपभोग को निरंतर बनाए रखा है। यही कारण है कि वैश्विक मंदी का प्रभाव भारत पर सीमित रहता है। वहीं, भारत सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे में किया जा रहा निवेश आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है। सड़कें, रेलवे, बंदरगाह और डिजिटल नेटवर्क इन सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पूंजीगत व्यय किया जा रहा है।

यह निवेश वर्तमान विकास को सतत बढ़ा रहा है, बल्कि यह भी कह सकते हैं कि यह भविष्य के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार करता है। क्योंकि जब निजी निवेश अनिश्चितता के कारण धीमा पड़ता है तब सरकारी निवेश अर्थव्यवस्था को गति देने का कार्य करता है।

**डिजिटल क्रांति और ऊर्जा बनी नई अर्थव्यवस्था की पहचानः-** भारत की डिजिटल क्रांति इन दिनों आर्थिक गतिविधियों को एक नई दिशा दे रही है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), आधार और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) जैसी प्रणालियों ने आर्थिक लेन-देन को सरल और तेज बना दिया है। छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगों तक, डिजिटल तकनीक ने सभी को सशक्त बनाया है। यह परिवर्तन भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे ले जाने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। इसके अलावा एक कारण देश में ऊर्जा की पर्याप्तता भी है। दरअसल, पश्चिम एशिया के संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को अस्थिर कर दिया है। तेल की कीमतों में वृद्धि से महंगाई बढ़ने का खतरा बना हुआ है। लेकिन भारत ने इस चुनौती का सामना करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, रणनीतिक भंडार का निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा (सोलर, विंड) की ओर तेजी से बढ़ते कदम, वस्तुतः ये सभी प्रयास भारत को इस संकट से बचाने में सहायक सिद्ध हुए हैं।

**मुद्रास्फीति और संतुलन की नीतिः-** यहां कहना यह भी होगा कि वर्तमान में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने महंगाई को नियंत्रित करने के लिए संतुलित मौद्रिक नीति अपनाई है। जहां एक ओर ब्याज दरों के माध्यम से मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विकास की गति को भी प्रभावित नहीं होने दिया जा रहा। सरकार द्वारा लक्षित सब्सिडी प्रदान करना और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

इन्हीं तथ्यों को ओर बेहतर तरीके से पुस्तक द इंडिया वे में एस. जयशंकर और गहराई से स्पष्ट करते हैं, उनका कहना है कि भारत की नीति रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित है, यानी कि भारत अपने निर्णय स्वयं लेता है और वैश्विक दबावों के अनुसार अपनी दिशा नहीं बदलता। इंडिया सीक्स टू शेप ग्लोबल आउटकम्स, नॉट जस्ट रिएक्ट टू देम। इसी प्रकार इंडिया अनबाउंड के लेखक गुरचरण दास इस बात को रेखांकित करते हैं कि आर्थिक सुधारों ने भारत को लचीला और आत्मनिर्भर बनाया है। इकोनॉमिक फ्रीडम हैज़ अनलीश्ड इंडियाज़ एंटरप्रेन्योरियल एनर्जी। निश्चित तौर पर यह विचार भारत की वर्तमान आर्थिक नीतियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

इसके साथ ही भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा जनसंख्या बनकर उभरी है। एक विशाल कार्यबल न सिर्फ उत्पादन क्षमता को बढ़ाता है, यह नवाचार और उद्यमिता को भी प्रोत्साहित करता है। वस्तुतः जब दुनिया के कई विकसित देश वृद्धावस्था की समस्या से जूझ रहे हैं, तब भारत की युवा ऊर्जा उसे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। कुल मिलाकर कहना यही है कि वर्ष 2026 का वैश्विक परिदृश्य भले ही आज तमाम चुनौतियों से भरा हुआ है, किंतु भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि मजबूत नीतियां, संतुलित दृष्टिकोण और दीर्घकालिक योजनाएं किसी भी संकट को अवसर में बदल सकती हैं। आज यह 6.4 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि दर भारत की आर्थिक क्षमता, नीति-निर्माण की दक्षता और जनता की ऊर्जा का प्रतीक बनकर हमारे सामने है।

साहित्य



## काश

**पूजा चक्रवर्ती**

नहीं, मैं समझ नहीं पाई थी,
जब मुझे निहारते,
तेरी आँखें भर आई थीं।
मैंने तवज्जो तब भी नहीं दिया,
जब तूने मेरा दुपट्टा सही किया।
तू झुमके लाया,
मैं खनक में उसकी खो गई,
न समझी वो दोस्ती तेरी,
कब प्यार में तब्दील हो गई।
मेरे आगे चलता दबंग तू,
काश तुझे मैं और जान पाती,
ये तरीक़े सारे इज़हार के तेरे,
मैं वक्त रहते पहचान पाती।
पहचान पाती कि इन निगाहों के पीछे
तेरे दिल में एक शोर है,
ये तेरी दोस्ती से बढ़कर
शायद कुछ और है।
उस झुमके की खनक में
एक दबी-सी आवाज़ भी थी,
वो महज़ तोहफ़ा नहीं,
तेरे प्यार का आग़ाज़ भी थी।



## राशिफल

**मेषः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति के लिए मन चिंतित होगा।

**वृषभः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुनः-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**कर्कः-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंहः-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्याः-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत् स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाएं सफलता की राह पर संघर्ष के लिये प्रेरित करेंगी। परिजनों के दुख-सुख के प्रति चिंतित होंगे।

**वृश्चिकः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा।

**धनुः-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय के लिये प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकरः-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभः-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

**मीनः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव।

# भविष्य का अमृत ईंधन है 'थोरियम'

*डॉ. नुपूर निखिल देशकर*

तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्र से हाल ही में प्राप्त एक महत्वपूर्ण उपलब्धि ने भारत की ऊर्जा यात्रा को नई दिशा दी है। वैज्ञानिकों ने परमाणु अभिक्रिया की संतुलित अवस्था, जिसे 'क्रिटिकैलिटी' कहा जाता है, सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली है। यह उपलब्धि एक वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता के साथ भारत के ऊर्जा आत्मनिर्भरता के सपने की ओर एक ठोस कदम है। इस परिप्रेक्ष्य में थोरियम एक ऐसे भविष्य के अमृत ईंधन के रूप में उभर रहा है, जिसे लेकर अब उम्मीद है कि आने वाले समय में ऊर्जा क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी।

थोरियम की सबसे बड़ी विशेषता उसका अत्यधिक ऊर्जा घनत्व है। सामान्यतः यह माना जाता है कि एक टन थोरियम से उतनी ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है जितनी लगभग 35 लाख टन कोयले से मिलती है। यह तुलना न केवल थोरियम की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि यह भी स्पष्ट करती है कि यदि इसका प्रभावी उपयोग किया जाए तो ऊर्जा संकट का स्थायी समाधान संभव है। भारत की भौगोलिक संरचना इसे थोरियम के मामले में विशेष रूप से समृद्ध बनाती है। विश्व के सबसे बड़े थोरियम भंडारों में भारत का महत्वपूर्ण स्थान है। केरल के अलप्पुझा और कोल्लम तट, तमिलनाडु के कन्याकुमारी और मनावलकुरिची, ओडिशा के चांदीपुर तट तथा आंध्र प्रदेश के कुछ तटीय क्षेत्रों में मोनाज़ाइट रेत के रूप में थोरियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यह संसाधन भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की स्थिति में भी ला सकता है। अनुमान है कि यह भंडार हजारों वर्षों तक देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है।

थोरियम की इस अपार संभावना को भारत ने बहुत पहले पहचान लिया था। वर्ष 1950 में महान वैज्ञानिक डॉ. होमी जहांगीर भाभा ने इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई। उन्होंने यह समझ लिया था कि भारत में यूरेनियम की सीमित उपलब्धता के कारण थोरियम ही भविष्य का विकल्प बन सकता है। हालांकि, थोरियम का सीधा उपयोग संभव नहीं है; इसे पहले यूरेनियम-233 में परिवर्तित करना पड़ता है, जो एक जटिल और महंगी प्रक्रिया है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए डॉ. भाभा ने भारत के लिए त्रि-स्तरीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की परिकल्पना की। इस कार्यक्रम के पहले चरण में प्राकृतिक यूरेनियम का उपयोग कर ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ प्लूटोनियम तैयार किया जाता है। दूसरे चरण में इस प्लूटोनियम की सहायता से थोरियम को यूरेनियम-233 में परिवर्तित किया जाता है।

तीसरे और अंतिम चरण में इस परिवर्तित ईंधन का उपयोग कर बड़े पैमाने पर ऊर्जा उत्पादन किया जाता है। यह एक दीर्घकालिक और वैज्ञानिक रूप से जटिल योजना थी, लेकिन इसकी सफलता भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना सकती है। थोरियम का उपयोग केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है। यह एक रेडियोधर्मी धातु है जिसका उपयोग रेडियोमेट्रिक डेटिंग में किया जाता है, जिससे चट्टानों और जीवाश्मों की आयु का निर्धारण संभव होता है। इसके अलावा, मैग्नीशियम के साथ मिश्रधातु के रूप में इसका उपयोग उच्च ताप सहनशील और मजबूत सामग्री बनाने में होता है, जो विमानन और उन्नत तकनीकी क्षेत्रों में अत्यंत उपयोगी है। हालांकि, इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को अपने प्रारंभिक वर्षों में कई बाधाओं का सामना करना पड़ा। प्रशासनिक उदासीनता, संसाधनों की कमी और 1974 के पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने इसकी गति को धीमा कर दिया। इसके अतिरिक्त, तकनीकी चुनौतियों और वैश्विक सहयोग की कमी के कारण भी यह कार्यक्रम अपेक्षित प्रगति नहीं कर सका।

इक्कीसवीं सदी के प्रारंभिक वर्षों में एक और गंभीर समस्या सामने आई थोरियम की तस्करी और अवैध खनन। 2004 के बाद से समुद्री तटीय क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर मोनाज़ाइट रेत के गायब होने की घटनाएं सामने आईं। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, लाखों टन सामग्री अवैध रूप से विदेशों, विशेषकर चीन, को भेजी गई। यदि ये आरोप सत्य हैं, तो यह न केवल आर्थिक नुकसान है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। वर्तमान समय में भारत सरकार ने इस दिशा में नए सिरे से प्रयास शुरू किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में थोरियम आधारित ऊर्जा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जा रही है। डॉ. भाभा का जो सपना दशकों पहले अधूरा रह गया था, वह अब साकार होता दिखाई दे रहा है। भारत के पास विश्व के लगभग 25 फीसद थोरियम भंडार हैं, जो इसे इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बना सकते हैं। सरकार ने स्वदेशी तकनीकों के विकास पर जोर देते हुए छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत भारी जल रिएक्टर जैसी परियोजनाओं को बढ़ावा दिया है। इन रिएक्टरों का उद्देश्य थोरियम के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करना है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नीतिगत सुधार और निवेश में वृद्धि ने इस क्षेत्र को नई ऊर्जा प्रदान की है। आज जब पूरी दुनिया ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब थोरियम एक स्वच्छ, सुरक्षित और दीर्घकालिक विकल्प के रूप में सामने आया है। थोरियम आधारित ऊर्जा उत्पादन में रेडियोधर्मी कचरा अपेक्षाकृत कम होता है और इसकी सुरक्षा भी अधिक होती है। यही कारण है कि इसे भविष्य का गेम-चेंजर ईंधन कहा जा रहा है।

अतः यह कहा जा सकता है कि थोरियम न केवल भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि यह देश को वैश्विक ऊर्जा मानचित्र पर एक अग्रणी स्थान भी दिला सकता है। आवश्यकता है तो केवल दूरदर्शिता, पारदर्शिता और सतत प्रयासों की। यदि भारत अपने इस प्राकृतिक संसाधन का सही दिशा में उपयोग करता है, तो वह न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि विश्व को भी स्वच्छ और सतत ऊर्जा का मार्ग दिखा सकेगा।

*(लेखिका प्राध्यापिका एवं स्तम्भकार हैं)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### आल इंडिया मजिलिसे इत्तहादुल मुस्लिमीन के अशरफ मंसूरी बने जिलाध्यक्ष

**उरई (जालौन)।** जनपद में आल इंडिया मजिलिसे इत्तहादुल मुस्लिमीन में बड़ा फेरबदल प्रदेशाध्यक्ष शौकत अली की अनुसंशा के अनुरू बुंदेलखंड अध्यक्ष सादिल अली ने जिलाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अशरफमंसूरी को सौंप दी। पार्टी में जिम्मेदारी मिलने के बाद अशरफ मंसूरी ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि जिन्हें देश की आजादी के 78 सालों बाद भी मुख्यधारा से नहीं जोड़ा गया उन्हें जोड़ने का काम किया जायेगा जिसमें किसान, नौजवानों के साथ अल्पसंख्यक शामिल होंगे। उन्होंने जब प्रदेश में सपा की सरकारी बनी तब उसका सबसे 'यादा लाभ उनके सजातीय लोगों को मिला और ऐसा ही हाल बसपा सरकार के दौरान देखने को मिला। इसीक्रम में कांग्रेस शासनकाल में भी उनके सजातीय लोगों को फायदा हुआ लेकिन आजादी के 78 वर्षों से मुस्लिम अल्पसंख्यक इन सभी राजनैतिक दलों को वोट देने का काम करता रहा। आज देश की बद से बदतर मौम से भी नीचे आ गया। हम आज भी उसी तरह से वोट डालने का काम करेंगे जैसे 78 वर्षों से डालते आये बस फर्क इतना होगा कि पाटी झंडा और निशान हमारा होगा। बाकी सांसद, विधायक, नेता मंत्री दबे कुचले मजलूम, मजदूर, किसान आर्थिक रूप से पिछड़े नौजवानों को बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई सिंघासन के लिये नहीं हमारी लड़ाई हमारे अधिकारों की है जो आज तक हमें नहीं मिले। इस दौरान चिराग हुसैन, शफीक अंसारी, भूरे खां, हसन खांन मामू, मु. इस्माइल अंसारी, शोएब मंसूरी, नसीर खां, मु.दाउद अंसारी, साहिल मंसूरी, फरमान अंसारी, रफीक अहमद सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### थाना दिवस में चार शिकायतें आईं, दो का मौके पर निस्तारण

**कालपी (जालौन)।** कोतवाली कालपी में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उप जिलाधिकारी मनोज कुमार ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे और आमजन की समस्याएं सुनी गईं। थाना दिवस के दौरान कुल चार शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष दो शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित टीमों को मौके पर भेजा गया। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र और निष्पक्ष समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर, उपनिरीक्षक रामजीलाल, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, लेखपाल राघवेंद्र सिंह एवं लेखपाल योगेश कुमार सहित अन्य राजस्व व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने समन्वय के साथ कार्य करते हुए शिकायतों की सुनवाई की। थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम मनोज कुमार ने राजस्व कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें और निष्पक्ष जांच के आधार पर ही कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता पर किया जाए, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप लोगों को राहत मिल सके।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति के फेज पांच



के द्वतीय चरण की सफलता के लिए गुरुवार को पुलिस की मिशन शक्ति टीम के सदस्यों ने महिलाओं और छात्राओं को जागरूक कर योजना की जानकारी दी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में सबसे अधिक प्रोत्साहन मिशन शक्ति योजना को मिल रहा है। सरकार ने महिलाओं के स्वाबलंबन और सुरक्षा कों लेकर मिशन शक्ति फेज पांच के द्वितीय चरण की सफलता के लिए शनिवार को मिशन शक्ति में लगे पुलिस कर्मियों ने पचदेवरा थाना के अनगपुर मे जाकर महिलाओ को एकत्रित कर चौपाल का आयोजन कर जागरूक किया गया।उपनिरीक्षक अविनाश पाठक के नेतृत्व में टीम मौजूद रही। बिलग्राम कोतवाली में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बसहरपुरवा मे बुद्ध अम्बेडकर विद्यालय में जाकर बालिकाओं को एकत्रित कर चौपाल का आयोजन किया गया बालिकाओं को *गुड टच और बेड टच तथा टू यंग मैरी की विडिओ क्लिप दिखाई गयी व बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर बालिकाओं को जागरूक किया गया हेल्पलाइन नंबरों 112,1090,1930, 181,108,102, आदि की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया । छोटी बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे मे बताया गया । बालिकाओं को साइबर आपराध के बारे मे जानकारी देकर बचाव के उपाय भी बताये गये व साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे मे भी जानकारी दी गयी । बालिकाओं को आत्मनिर्भर , स्वाभलंबी , व जागरूक नागरिक बनने की प्रेणना दी गयी व बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय भी बताये गए। टीम ने बताया कि किसी भी अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में वे कैसे और कहां शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

### थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/ महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन पर जनपद में चोरी,लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक सुजीत जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 69/2026 धारा 303 (2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 नफर वांछित अभियुक्तगण अभि उर्फ



अवि अहिरवार पुत्र राजू अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष , आकाश यादव उर्फ कल्लू पुत्र महेन्द्र सिंह यादव उम्र करीब 19 वर्ष , सचिन पुत्र मुकेश यादव उम्र करीब 18 वर्ष निवासीगण ग्राम बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा को कुलपहाड़ से बेलाताल की ओर जाने वाली रोड के अंडरब्रिज के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की गयी 01 मोटरसाइकिल व 01 ओप्पो मोबाइल फोन तथा 01 अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गयी।

### पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली नगर का किया निरीक्षण, फरियादियों की सुनी समस्याएं

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, आवासीय बैरक सहित थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों का गहन अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के प्रमुख अपराधों की समीक्षा करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों, संवेदनशील स्थलों एवं मुख्य मार्गों की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही भूमि विवाद एवं अन्य आपराधिक प्रकृति के मामलों की समीक्षा कर उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। आगामी 14 अप्रैल को



आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जुलूस, कार्यक्रमों के रूट निर्धारण, संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा आयोजकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए, जिससे सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सकें।

# संत जन जागरण यात्रा में गरजे महामंडलेश्वर

▸ केंद्र व प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर घेरा

**समृद्धि न्यूज़, जहानाबाद, फतेहपुर।**



कस्बा जहानाबाद उस समय पूरी तरह सियासी रंग में रंग गया जब समाजवादी पार्टी की संत जन जागरण यात्रा के दौरान संतों का विशाल समागम हुआ। मंच से दिए गए तीखे और आक्रामक बयानों ने कार्यक्रम को पूरी तरह राजनीतिक तापमान दे दिया। पंचायती निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश में अब फेकू नंबर-वन की राजनीति चल रही है। उन्होंने फिल्मों कुली नंबर-1 और बीवी नंबर-1 का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश में फेकू नंबर-1 देखने को मिल रहा है, जो केवल बातें करने में माहिर है और जमीन पर कोई काम नहीं दिखता। उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग भगवान राम का नाम लेकर राजनीति करते हैं, उन्होंने ही राम मंदिर को अपने आधिपत्य में ले लिया, जबकि वास्तविक संघर्ष और योगदान संत समाज का रहा है। उन्होंने गौ, गंगा, यमुना और बेटियों की सुरक्षा जैसे मुद्दों को उठाते हुए कहा कि इन विषयों पर केवल भाषण दिए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर हालात चिंताजनक बने हुए हैं। प्रदेश सरकार पर हमला तेज करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है, उन्हें सड़कों पर घसीटा जा रहा है, लेकिन सरकार मौन बनी हुई है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो समाज को खुद आगे आकर लड़ाई लड़नी पड़ती है। राजनीतिक संदेश देते हुए उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को शूरवीर बताते हुए कहा कि वह वफादार नेता हैं, लेकिन उनके आसपास के लोग ही उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी सत्यात्मा नन्दगिरी महाराज सहित कई संतों ने भी अपने विचार रखे और जनता से जागरूक होकर सही नेतृत्व चुनने की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (पूर्व सांसद) ने जनसभा को संबोधित करते हुए वर्ष 2027 में सपा की सरकार बनाने का आह्वान किया और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव में जुटने की अपील की। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं बिंदकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामेश्वर दयाल ने भी मंच से सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था से परेशान है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव केपी यादव ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक लवकुश मिश्रा, राजेंद्र निगम, महेश यादव, जगभान निषाद, मौजीलाल यादव, राजबहादुर उत्तम, राम तीर्थ परमहंस दयाशंकर प्रधान, अनीश उर्फ प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

### सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया सम्मानित



**फतेहपुर।** सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में मेधावियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर उत्साहित किया गया। साथ ही साथ अपने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के प्रति विशेष जागरूक अभिभावकों को भी स्मृति चिन्ह देखकर मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धेश्वर धाम लालपुर के महंत बाल चैतन्य ब्रह्मचारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नु श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक शिव शंकर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि की श्रृंखला में वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्रा (मुन्ना मिश्रा),पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, पुष्पराज पटेल, विनय तिवारी एवं विवेक नागर की गरिमा में उपस्थिति रही। परीक्षा परिणाम में विजेंद्र प्रताप सिंह कक्षा-(7ए) ने 99.56 अंक पाकर विद्यालय टॉप किया। 9बी3 की प्रतिभा सिंह 99.08 अंक पाकर पूरे विद्यालय में द्वितीय स्थान में रही।इसी प्रकार 99: अंक पाकर आयुषी वर्मा ने पूरे विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया।कुल 105 मेधावियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देखकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शिक्षा के प्रति विशेष सचेष्ठ कुल 215 अभिभावकों को सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ सुसंस्कारों पर विशेष बल देने के लिए समाज में जाना जाता है, आगामी समय में हम आधुनिक संसाधनों (स्मार्ट बोर्ड एवं प्रत्येक कक्षा हेतु कम्प्यूटर आदि) के माध्यम से और अच्छी (उत्कृष्टतम)शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवबाबू, खागा शाखा के प्रधानाचार्य राज कपूर, गंगानगर शाखा के प्रधानाचार्य मोहित, सहित पूरा स्टाफ पूरे उल्लास के साथ कार्यक्रम के संपादन में लग रहा।

### संडीला में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** शनिवार सुबह संडीला से हरदोई की ओर पॉल संख्या 1123 के पास एक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक छानबीन शुरू की। जांच के दौरान मृतक की पहचान बृजेश (उम्र 36 वर्ष) पुत्र छेदीलाल निवासी बेहसरी थाना संडीला जनपद हरदोई के रूप में हुई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक संडीला विद्या सागर पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### दूसरे से बात करने पर पति ने पीटकर की पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** बिलग्राम थाना छेत्र में दूसरे से फोन पर बात करने से नाराज पति ने डंडे से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को आला क़त्ल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 9 अप्रैल को सीएचसी बिलग्राम से थाने पर सूचना प्राप्त हुई कि गुडिया देवी पत्नी जितेन्द्र निवासी ग्राम गनीपुर थाना बिलग्राम को मृत अवस्था में सीएचसी बिलग्राम लाया गया।

### बेटी शिक्षा अभियान अब डिजिटल हुई उड़ान गोष्ठी का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** फोरम फॉर एडवांसिग वुमेन्स एजेण्डा (फावा) एवं वात्सल्य लखनऊ के सहयोग से नेहरू युवा संगठन-टीसी, द्वारा बेटी शिक्षा अभियान- अब डिजिटल हुई उड़ान विशयक जागरूकता अभियान अर्न्तगत जनपद-फतेहपुर के विकास खण्ड-भिटौरा के ग्राम-सकूलपुर में जागरूकता रथ के माध्यम से समुदाय एवं किशोरी बालिका को शिक्षा एवं डिजिटल जागरूकता संदेष प्रसारित कर दस दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन अवसर पर ब्लाक एजुकेशन ऑफिसर भिटौरा, दिसी रिछारिया ने कहा कि बालिको को डिजिटल जागरूकता की अति आवश्यकता है क्योंकि उनकी शिक्षा में आज डिजिटल सहयोग से नई जानकारी, देश विदेश की खबरे एवं सूचनाऐं, शिक्षा में विभिन्न नए प्रयोग, रोजगार के नए अवसर, सरकार की



योजनाओं तक पहुंच, बैंकिग लेन देन में सहूलियत, सामाजिक जुडाव में सहयोग के अवसर देता है। लेकिन वही इसके इसके दुरूपयोग से उपयोगकर्ता को विभिन्न तरह की शारीरिक, मानसिक, आर्थिक तथा सामाजिक समस्यों का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस बाल कल्याण अधिकारी थाना हुसेनगंज उपनिरीक्षक राजेश कुमार पाठक ने समुदाय एवं बच्चों से साइबर जागरूकता हेतु क्या करें-क्या न करें संबंधित टिप्स दी जिसमें मुख्यतः सोशल मीडिया संबंधित अनजान व्यक्तियों के फोन कॉल, विडियो कॉल एवं व्हाट्सअप कॉल से बचे, निजी व अंतरंग तस्कीरें किसी से साझा न करें, सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफाइल हमेशा लॉक रखें, किसी अनजान लिंक को ओपन न करें, किसी अपरिचित से व्हाट्सअप नं0 शेयर न करें और कामुक चैट से बचे, पासवर्ड बदलते रहें तथा जन्मतिथि या मोबाइल नं0 को पासवर्ड न बनाऐं, बैंक संबंधित जानकारी किसी को न दें आदि जानकारी दी तथा किसी भी असुविधा एवं समस्या कर हेल्प लाइन नं0 1930 पर कॉल करके समाधान, सलाह अवश्य प्राप्त कर लें आदि जानकारी दी। इस दस दिवसीय डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिजिटल साथी का चुनाव, डिजिटल साथी का प्रशिक्षण, सामुदायिक बैठकें, घर-घर बेल बजाओ, सॉप सीढी खेल द्वारा डिजिटल उपयोग से फायदे एवं जोखिम की जानकारी, हस्ताक्षर अभियान, पंपलेट वितरण, सोशल मीडिया गेम, जागरूकता रैली, प्रचार रथ आदि गतिविधियां संचालित की गई। कार्यक्रम विकास खण्ड भिटौरा के ग्राम-सरैला, सकूलपुर, सातमील, हुसेनगंज एवं अरबपुर में संचालित किया गया। कार्यक्रम संचालन में संस्था प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद साहू, समन्वयक रंजना, सहयोगी सुधांशू द्विवेदी, सलमा खान, नसरीन आदि ने सहयोग किया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत-विजयपुरा वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विजयपुरा वि0स0 सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा/बी0बी0राम0जी0/15-16वां केन्द्रीय वित्त/पंचम छठम राज्य वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन/आ0जी0एस0ए0 योजनान्तगत व ग्राम पंचायत को अना निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर/आयकर विभाग में पंजीकृत कर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, इंटरलाकिंग इंट, ब्रिक गिट्टी, स्टोन गिट्टी/सोलिंग, राउण्डेड स्टील बार, स्टील/सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेट चूना, डिस्टेंमार, स्टील/एसबेस्टस, हयूम पाईप, मोरंग, मिक्स मैटेरियल/जी0एस0बी0, बोल्डर, पटिया, गाटर, ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर, समर्सिबल, प्लास्टिक पानी टंकी, टाईल्स, कोटा स्टोन, प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री, पी0बी0सी0 पाईप, लोहे फाईबर/एल्युमिनियम दरवाजा/खिड़की, पानी का टैंकर, टैंकर द्वारा पानी की आपूति.स्ट्रीट सोलर लाईट, निर्माण संबधी उपकरण, बिजली उपकरण व अन्य सामग्री, जे0सी0बी0 कम्प्रेशर/ब्राईब्रेटर/ मिक्सर मशीन/रोलर का भाड़ा पर आपूर्ति ट्राई साईकिल/टेलिया रिक्शा ई-रिक्शा स्वच्छता संबंधी समस्त सामग्री, फागिंग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार । इच्छुक आपूर्तिकर्ता कर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500/- रूपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते है वो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म की रुपया 5000/- का एन0एस0सी0/एफ0डी0आर / ग्रा050 के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टेण्डर बिना बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**श्याम गिरी**
**ग्राम प्रधान-विजयपुरा**
**वि0ख0-सीटी, मिर्जापुर**

**धीरेन्द्र गुप्ता**
**ग्राम सचिव- विजयपुरा**
**वि0ख0-सीटी, मिर्जापुर**

### कार्यालय ग्राम पंचायत-सरैया वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरैया वि0ख0 सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा/वी0बी0राम0जी0/15-16वां केन्द्रीय वित्त/पंचम छठम राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/आ0जी0एस0ए0 योजनार्न्तगत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर/आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, इंटरलाकिंग ईट, ब्रिक गिट्टी, स्टोन गिट्टी/सोलिंग राउण्डेड स्टील बार, स्टील/ सरिया माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेट, चूना, डिस्टेम्पर स्टील/एसबेस्टस हयूम पाईप, मोरंग, मिक्स मैटेरियल/जी0एस0बी0 बोल्डर, पटिया, गाटर ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर, समसिंबल, प्लास्टिक पानी टंकी, टाईल्स, कोटा स्टोन, प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री पी0बी0सी0 पाईप, लोहे फाईबर/एल्युमिनियम दरवाजा खिड़की पानी का टैंकर टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट सोलर लाईट निर्माण संबंधी उपकरण बिजली उपकरण व अन्य सामग्री जे0सी0बी0 कमप्रेशर/ब्राईब्रेटर मिक्सर मशीन/रोलर का भाड़ा पर आपूर्ति, ट्राई साईकिल ठेलिया रिक्शा ई-रिक्शा, स्वच्छता संबंधी समस्त सामग्री, फागिंग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500/-रूपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जी उपस्थित रहना चाहते है वो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म को रुपया 5000/-का एन0एस0सी0/एफ0डी0आर/ग्रा0प0 के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टेण्डर बिना बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**ज्वाला देवी**
**ग्राम प्रधान-सरैया**
**वि0ख0-सीटी, मिर्जापुर**

**धीरेन्द्र गुप्ता**
**ग्राम सचिव- सरैया**
**वि0ख0-सीटी, मिर्जापुर**

### कार्यालय ग्राम पंचायत-गुरसण्डी वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुरसण्डी विन्ख0 सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा/वी0बी0राम0जी0/15-16वां कन्द्रीय वित्त/पथम छठम राज्य वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन/ आ0जी0एस0ए0 योजनानंतगत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर/आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, इंटरलाकिंग इंट, ब्रिक गिट्टी स्टोन मिट्टी / सोलिग, राउण्डेड स्टील बार, स्टील/ सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेट, चुना, डिस्टेम्पर, स्टील/ एसबेस्टस, हयूम पाईप, मोरंग सिक्स मैटेरियल/जी0एस0बी0 बोल्डर, पटिया, गाटर, ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर समर्सिबल प्लास्टिक पानी टंकी वाईल्स, कोटा स्टोन प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट शौचालय सामग्री, पी0वी0सी0 पाईप, लोहे/फाईबर/एल्युमिनियम दरवाजा/ खिड़की, पानी का टैंकर टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट सोलर लाईट, निर्माण संबंधी उपकरण बिजली उपकरण व अन्य सामग्री जे0सी0बी0 कम्प्रेशर/ब्राईब्रेटर/ मिक्सर मशीन/ रोलर का भाडा पर आपूर्ति, ट्राई साईकिल ठेलिया रिक्शा ई-रिक्शा स्वच्छता संबंधी समस्त सामग्री, फागिग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500 रूपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते है बो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म को रुपया 5000 का एन0एस0सी0/एफ0डी0आर/ ग्रा0पं0 के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टेण्डर बिना बताये निविदा अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**शीला देवी**
**ग्राम प्रधान गुरसण्डी**
**वि0ख0-सीटी, मिर्जापुर**

**धीरेन्द्र गुप्ता**
**ग्राम सचिव- गुरसण्डी**
**वि0ख0-सीटी, मिर्जापुर**

### कार्यालय ग्राम पंचायत-नुऑव वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नुऑव वि0ख0 सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा/ वी0बी0राम0जी0/15-16वा केन्द्रीय वित्त/पंचम छठम राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/आ0जी0एस0ए0 योजनान्तगत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर/आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, इंटरलाकिंग ईंट, ब्रिक गिट्टी, स्टोन गिट्टी/सोलिंग राउण्डेड स्टील बार, स्टील/ सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेट चूना, डिस्टॅम्पर, स्टील / एसबेस्टस, हयूम पाईप, मोरंग, मिक्स मैटेरियल/जी0एस0बी0, बोल्डर पटिया, फटर ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर. समर्सिबल, प्लास्टिक पानी टंकी टाईल्स, कोटा स्टोन प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री, पीवीसी पाईप, लोहे फाईबर एल्युमिनियम दरवाजा खिडकी पानी का टैंकर, टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति स्ट्रीट सोलर लाईट निर्माण समधी उपकरण बिजली उपकरण व अन्य सामग्री जे0सी0बी0 कम्प्रेशर/बाईबेटर/ मिक्सर मशीन रोलर का भाड़ा पर आपूर्ति, ट्राई ससाईकिल उलिया रिक्शा ई-रिक्शा स्वच्छता सबंधी समस्त सामग्री, फागिंग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आपश्यकतानुसार। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फार्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500/-रूपया में प्राप्त कर सकते है। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बना लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित प्रायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते है वो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म को रुपया 5000 का एन0एस0सी0एफ0डी0आर/ग्रा0प0 के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टैप्यार बिना बताये निविदा अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**सन्जू**
**ग्राम प्रधान-नुऑव**
**वि0ख0-सीटी, मिर्जापुर**

**धीरेन्द्र गुप्ता**
**ग्राम सचिव- नुऑव**
**वि0ख0-सीटी, मिर्जापुर**

# वार्षिकोत्सव में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**




प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज,नरैनी,देवा मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने विद्यालय के 530 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता और मेहनत करने वालों को सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि आज मंच पर सम्मानित हो रहे छात्र-छात्राएं अपने परिश्रम का परिणाम प्राप्त कर रहे हैं, जो उनके लिए गर्व की बात है। साथ ही उन्होंने उन विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया जो इस बार सम्मानित नहीं हो सके, कि वे भविष्य में कड़ी मेहनत कर अपनी पहचान बना सकते हैं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि सम्मानित बच्चों से अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट एंड गाइड के जिला मुख्यायुक्त डॉ. राम कुमार गिरि ने की। उन्होंने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए कहाकि यह संस्थान उनके संरक्षण में निरंतर उन्नति कर रहा है और माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज की वरीयता सूची में अपना स्थान बनाए हुए है।कार्यक्रम का संचालन आशीष पाठक ने किया, जबकि अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्र कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष परिहार, जिला मंत्री इक्ष्वाक मौर्य, प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कुमार त्रिपाठी,वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश वर्मा,रवि वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग,शिक्षक,अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा पलटने से दो किशोर घायल, एक गम्भीर

रामसनेहीघाट बाराबंकी। जैदपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बड़ी छंदवल गांव में शनिवार को तेज रफ्तार और अनियंत्रित ऑटो रिक्शा पलटने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक किशोर रिक्शे के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक अन्य सवार भी जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार, करीब 15 वर्षीय अतुल कुमार पुत्र रामविलास ऑटो में सवार था। अचानक रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और अतुल उसके नीचे दब गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, रिक्शे में सवार 17 वर्षीय विक्की पुत्र बासदेव को भी चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पलटे रिक्शे को हटाकर दोनों घायलों को बाहर निकाला। एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अतुल की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अंबेडकर पार्क की सरकारी जमीन से हटाया गया अवैध कब्जा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत सुबेहा स्थित अंबेडकर पार्क की सरकारी भूमि पर वर्षों से किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए हटा दिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर तथा एसडीएम हैदरगढ़ के आदेश के अनुपालन में की गई।

नायब तहसीलदार रामजी द्विवेदी राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कब्जा हटवाने की कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि संतराम नामक व्यक्ति द्वारा कई वर्षों से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था। संबंधित व्यक्ति ने न्यायालय में उक्त भूमि पर अपना दावा भी प्रस्तुत किया था, लेकिन न्यायालय ने उसके दावे को खारिज कर दिया। न्यायालय के आदेश और जिलाधिकारी के निर्देश के बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कब्जा हटवाया। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा कब्जा करने का प्रयास किया गया तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। मौके पर राजस्व निरीक्षक उमेश साहू, हल्का लेखपाल प्रणव कुमार शुक्ला, अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार तथा प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## एक सप्ताह से बाधित है विद्युत आपूर्ति, जिम्मेदार बेसुध

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के तारागंज गांव की विद्युत आपूर्ति पिछले एक सप्ताह से बाधित है। तमाम शिकायतो के बावजूद विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या के समाधान की गुहार लगायी गयी है। गांव निवासी अनमोल मिश्रा, कृष्ण कुमार तिवारी, पवन कुमार, अर्जुन राजपूत, आशीष कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले आई आंधी में गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी इस संबंध में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी परंतु समस्या का फिर भी निस्तारण नहीं हो सका और 1912 पर की गई शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया गया। जिसके बाद इसकी शिकायत आवारा अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता तक की गई परंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका। सही से विद्युत आपूर्ति न होने की वजह से इस भीषण गर्मी में ग्रामीण बुरी तरह से परेशान है यही नहीं लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। इस संबंध में जब विद्युत वितरण खंड हैदरगढ़ के अधिशासी अभियंता रमेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक फेस खराब है, विद्युत कर्मी भेज कर लाइन सही करवाई जा रही है।

## सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस, जनसुनवाई कर शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना अटरिया में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व से संबंधित विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवादों के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील मामलों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों, भूमि विवादों एवं अवैध कब्जों से जुड़े मामलों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायतों के निस्तारण का पूर्ण विवरण दर्ज करने तथा समस्त अभिलेखों को अद्यतन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम प्रधान पर सरकारी जमीन पर कब्जे का मामला दर्ज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है, जहां संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने वाले ही आरोपों के घेरे में आ गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार तहसील अमेठी के ग्राम पंचायत मधुपुर खदरी में तालाब की सुरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में ग्राम प्रधान के पति रवि कौशल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरकारी जमीन के रखरखाव और सुरक्षा की पहली जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की होती है, लेकिन यहां उसी पद से जुड़े व्यक्ति पर अतिक्रमण का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि लेखपाल की तहरीर के आधार पर अमेठी कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### भीषण आग से जलकर राख हुआ घर का सामान

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिले के विकास खण्ड संग्रामपुर क्षेत्र के शुकुलपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक घर को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे घर में रखा सामान, भूसा और गेहूं जलकर पूरी तरह राख हो गया। घटना के समय ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और सामूहिक प्रयास से आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे अन्य घरों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। बताया जा रहा है कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना में पीड़ित परिवार को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह अपने नुकसान की भरपाई कर सके।

### एक किलो 250 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत शनिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं की चेकिंग की जा रही थी तभी वाराणसी की तरफ से एक संदिग्ध कार आती हुई दिखाई दी जिसे रुकने का इशारा करने पर कार सवार भागने का प्रयास करने पर पुलिस टीम द्वारा घेरकर पकड़ लिया गया। चालक ने अपना नाम अजीत गुप्ता पुत्र स्व. नरेश गुप्ता निवासी ग्राम नावाडीह थाना पथलगड्डा जनपद चतरा राज्य झारखंड तथा दूसरे ने अपना नाम सोनू कुमार साहू पुत्र राम चन्द्र निवासी ग्राम सजवी जोरी थाना वशिष्ठ नगर जनपद चतरा बताया। तलाशी से अजीत गुप्ता के कब्जे से 150 ग्राम स्मैक बरामद हुआ एवं कार की तलाशी से 1100 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे झारखण्ड से स्मैक खरीदकर उप्र के बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी में बेच देते हैं। आज उनकी बरेली की एक पार्टी से बात हुई थी जिसे स्मैक देने के लिये रायबरेली बुलाया था। भागने का कारण पूछने पर बताया कि उनके पास स्मैक होने के कारण मेन रोड न पकड़ कर सिंगल रोड से जा रहे थे। पुलिस की चेकिंग देखकर पकड़े जाने के डर से भाग रहे थे। स्मैक लाने व ले जाने के लिये बरामद इसी कार का प्रयोग करते है। पकड़े गये अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी उनके मूल निवास के थाने से की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# त्रिस्तरीय पंचायत की पुनरीक्षण कार्यक्रम संशोधित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

> ▸ निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 22 को

राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना (संशोधन) के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने बताया है कि पूर्व निर्गत सार्वजनिक सूचना (संशोधन) में आंशिक संशोधन करते हुए जनपद रायबरेली में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया है कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार 21 अप्रैल 2026 तक मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग आदि किया जायेगा।

22 अप्रैल 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने निर्देश दिये है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), रायबरेली, समस्त उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद रायबरेली एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी/समन्वयक अधिकारी, जनपद रायबरेली द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाए। निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

## गांजा की तस्करी में लिप्त महिला तस्कर गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना संग्रामपुर पुलिस ने शनिवार गांजा के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांजा की खरीद-फरोख्त में लिप्त एक महिला जिसके कब्जे से 1 किलो 625 ग्राम गांजा, बिक्री के 5,130 रुपये, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक तराजू और कांटा-बांट बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान सीता पत्नी गोविन्द कोरी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम टेंगहा थाना संग्रामपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह 100, 200 और 300 रुपये के छोटे-छोटे पैकेट बनाकर गांजा बेचती थी। पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जाता है कि अभियुक्ता के विरुद्ध पूर्व में भी वर्ष 2019 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल फरमान अली, महिला कांस्टेबल अंजली वर्मा एवं महिला कांस्टेबल प्रतिमा अग्रहरि शामिल रहीं।

## शूटिंग चैंपियनशिप प्रशिक्षण शुरू

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में 29वें यूपी प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2026 के अंतर्गत चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस खिलाड़ियों को शूटिंग की विभिन्न तकनीकों एवं आवश्यक कौशलों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण में एयर पिस्टल वर्ग के आठ बालक एवं एक बालिका तथा एयर राइफल वर्ग के पांच बालक एवं छह बालिकाएं शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं स्टेडियम कोच रुचि सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसमें उन्हें प्रतियोगिता के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण पॉपप्राप्त करने के उपरांत सभी खिलाड़ी आगामी 13 से 16 अप्रैल तक डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, अयोध्या में आयोजित होने वाली 29वीं यूपी प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल मे स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू महराजगंज रायबरेली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय समुदाय को निःशुल्क चिकित्सा जांच प्रदान करना और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूकता पैदा करना था।

यह स्वास्थ्य शिविर योग्य डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम द्वारा आयोजित किया गया जिनमें डॉ. इरशाद जनरल फिजिशियन, डॉ. आरती वर्मा गायनोलॉजिस्ट, डॉ. त्र्यंबिकेश (डेंटिस्ट), डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव (आई स्पेशलिस्ट) उपस्थित रहे, जिन्होंने रक्तचाप, दृष्टि, दंत स्वास्थ्य और सामान्य शारीरिक फिटनेस की जांच की गई। छात्र छात्राओं, शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों ने पूरे मन से इसमें भाग लिया। चिकित्सा जांच के साथ-साथ, टीम ने स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छता संबंधी जानकारी देने वाले पर्चे भी वितरित किए। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक बड़ी सफलता साबित हुआ क्योंकि इससे न केवल उपस्थित लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शीघ्र पहचान करने में मदद मिली बल्कि नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी बल दिया गया। इसने एक ऐसा वातावरण बनाया जो स्वस्थ जीवन की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्यरजनी श्रीवास्तव व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरिः सुनील सिंह

> ▸ पूर्णतया फिट प्राइवेट या स्कूली वाहनों से ही स्कूल बच्चे भेजने की अपील
>
> ▸ बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है

**लालगंज,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नए सत्र के शुरू होते ही अभिभावकों के सामने अपने बच्चों को समय पर विद्यालय भेजना एक चुनौती पूर्ण काम प्रतीत होता है इसलिए वे प्रायः प्राइवेट या स्कूल वाहनों का प्रयोग करते हैं। बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को स्कूल पहुंचाने के लिए जिन साधनों का उपयोग कर रहे हैं वाहनों की कंडीशन और ड्राइवर तथा हेल्पर के व्यवहार आदि सभी चीज देख कर ही अपने बच्चों को स्कूल भेजें। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है इसके लिए उन्होंने जिले भर के तमाम स्कूल प्रबंधकों से भी आग्रह किया है कि अपने स्कूल के वाहनों की फिटनेस और ड्राइवर और हेल्पर के व्यवहार पर विशेष ध्यान दें जिससे सुरक्षित तरीके से बच्चों को घर से स्कूल और स्कूल से घर पहुंचाया जा सके। अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों को चाहे प्राइवेट वाहनों से भेजें या स्कूल वाहनों से,गाड़ी की फिटनेस और ड्राइवर,हेल्पर के व्यवहार पर ध्यान देकर ही बच्चों को स्कूल भेजें। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज और उसकी सभी शाखाओं के वाहन पूरी तरह से सुरक्षित और मानकों के अनुरूप है तथा ड्राइवर और हेल्पर पूरी तरह से प्रशिक्षित हैं। आप निश्चिंत होकर अपने बच्चों को बीएमपीएस विद्यालय के वाहनों से सुरक्षित स्कूल भेज सकते हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-पिपराडाड वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर  दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपराडाड वि.ख.-सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा / वी.बी.राम.जी./15-16वां केन्द्रीय वित्त/पंचम छठम राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/आ.जी.एस.ए. योजनार्नतगत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर/आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, ईंटरलाकिंग ईंट, ब्रिक गिट्टी, स्टोन गिट्टी / सोलिंग, राउण्डेड स्टील बार, स्टील/ सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेंट, चूना, डिस्टेंम्पर, स्टील / एसबेस्टस, हयूम पाईप, मोरंग, मिक्स मैटेरियल/जी.एस.बी., बोल्डर, पटिया, गाटर, ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर, समर्सिबल, प्लास्टिक पानी टंकी, टाईल्स, कोटा स्टोन, प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री, पी.वी.सी. पाईप, लोहे फाईबर / एल्युमिनियम दरवाजा / खिड़की, पानी का टैंकर, टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट / सोलर लाईट, निर्माण संबधी उपकरण, बिजली उपकरण व अन्य सामग्री, जे.सी.बी. कम्प्रेशर / ब्राईब्रेटर / मिक्सर मशीन / रोलर का भाड़ा पर आपूर्ति, ट्राई साईकिल/ठेलिया रिक्शा / ई-रिक्शा, स्वच्छता संबंधी समस्त सामग्री, फागिंग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500/- रूपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते है वो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म को रुपया 5000/- का एन.एस.सी./एफ.डी.आर./ग्रा.पं. के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टेण्डर बिना बताये निविदा अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

लक्ष्मी देवी
ग्राम प्रधान-पिपराडाड
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

उदय राज
ग्राम सचिव-पिपराडाड
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत टेगराही वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर  दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टेगराही वि.ख.-सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा / वी.बी.राम.जी./15-16वां केन्द्रीय वित्त/पंचम छठम राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/आ.जी.एस.ए. योजनान्तगत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर / आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, ईंटरलाकिंग ईंट, ब्रिक गिट्टी, स्टोन गिट्टी / सोलिंग, राउण्डेड स्टील बार, स्टील/सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेंट, चूना, डिस्टेंम्पर, स्टील / एसबेस्टस, हयूम पाईप, मोरंग, मिक्स मैटेरियल / जी.एस.बी., बोल्डर, पटिया, गाटर, ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर, समर्सिबल, प्लास्टिक पानी टंकी, टाईल्स, कोटा स्टोन, प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री, पी.वी.सी. पाईप, लोहे/फाईबर / एल्युमिनियम दरवाजा / खिड़की, पानी का टैंकर, टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट / सोलर लाईट, निर्माण संबधी उपकरण, बिजली उपकरण व अन्य सामग्री, जे.सी.बी. कम्प्रेशर / ब्राईब्रेटर / मिक्सर मशीन / रोलर का भाड़ा पर आपूर्ति, ट्राई साईकिल / ठेलिया रिक्शा/ ई-रिक्शा, स्वच्छता संबंधी समस्त सामग्री, फागिंग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500/- रूपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते है वो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म को रुपया 5000/- का एन.एस.सी./एफ.डी.आर./ग्रा.पं. के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टेण्डर बिना बताये निविदा अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

संदीप कुमार
ग्राम प्रधान-टेगराही
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

प्रशान्त दूबे
ग्राम सचिव-टेगराही
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत-भेवर करमनपुर वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर  दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भेवर करमनपुर वि.ख.-सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा/ वी.बी.राम.जी./ 15-16 वां केन्द्रीय वित्त/पंचम छठम राज्य वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन/ आ.जी.एस.ए. योजनान्तगत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर / आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, इंटरलाकिंग ईंट, ब्रिक गिट्टी, स्टोन गिट्टी / सोलिंग, राउण्डेड स्टील बार, स्टील / सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेंट, चूना, डिस्टेंम्पर, स्टील / एसबेस्टस, हयूम पाईप, मोरंग, मिक्स मैटेरियल /जी.एस.बी., बोल्डर, पटिया, गाटर, ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर, समर्सिबल, प्लास्टिक पानी टंकी, टाईल्स, कोटा स्टोन, प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री, पी.वी.सी. पाईप, लोहे / फाईबर / एल्युमिनियम दरवाजा / खिड़की, पानी का टैंकर, टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट / सोलर लाईट, निर्माण संबधी उपकरण, बिजली उपकरण व अन्य सामग्री, जे.सी.बी. कम्प्रेशर / ब्राईब्रेटर / मिक्सर मशीन / रोलर का भाड़ा पर आपूर्ति, ट्राई साईकिल / ठेलिया रिक्शा ई-रिक्शा, स्वच्छता संबंधी समस्त सामग्री, फागिंग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार । इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500/- रूपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते है वो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म को रुपया 5000/- का एन.एस.सी./एफ.डी.आर./ ग्रा.पं. के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टेण्डर बिना बताये निविदा अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

विनोद कुमार मौर्या
ग्राम प्रधान-भेवर करमनपुर
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

प्रशान्त दूबे
ग्राम सचिव- भेवर करमनपुर
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत-देवापुर पचवल वि.ख.-सीटी मिर्जापुर

पत्रांक संख्या-01/26-27/टेण्डर  दिनांक 09/04/2026

**(निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवापुर पचवल वि.ख.-सीटी मीरजापुर द्वारा वर्ष 2026-27 में मनरेगा/वी.बी.राम.जी./15-16वां केन्द्रीय वित्त/ पंचम-छठम राज्य वित्त / स्वच्छ भारत मिशन / आ.जी.एस.ए. योजनान्तगत व ग्राम पंचायत को अन्य निधियों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर / आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों को निविदा प्रकाशन के माध्यम से निम्नवत सामग्री आपूर्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रकार के बालू, सीमेन्ट, ईंट, ईंटरलाकिंग ईंट, ब्रिक गिट्टी, स्टोन गिट्टी / सोलिंग, राउण्डेड स्टील बार, स्टील / सरिया, माइल्ड स्टील, प्राइमर व पेंट, चूना, डिस्टेंम्पर, स्टील / एसबेस्टस, हयूम पाईप, मोरंग, मिक्स मैटेरियल/जी.एस.बी., बोल्डर, पटिया, गाटर, ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी, हैण्डपम्प सामग्री व मशीन द्वारा हैण्डपम्प री-बोर, समर्सिबल, प्लास्टिक पानी टंकी, टाईल्स, कोटा स्टोन, प्लास्टिक शीट, स्टोन डस्ट, शौचालय सामग्री, पी.वी.सी. पाईप, लोहे / फाईबर / एल्युमिनियम दरवाजा / खिड़की, पानी का टैंकर, टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट / सोलर लाईट, निर्माण संबधी उपकरण, बिजली उपकरण व अन्य सामग्री, जे.सी.बी. कम्प्रेशर / ब्राईब्रेटर / मिक्सर मशीन / रोलर का भाड़ा पर आपूर्ति, ट्राई साईकिल / ठेलिया रिक्शा / ई-रिक्शा, स्वच्छता संबंधी समस्त सामग्री, फागिंग मशीन व अन्य सामग्री ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 500/- रूपया में प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ जमा करना होगा। टेण्डर नियत तिथि 16.04.2026 दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जायेगा। टेण्डरदाता जो उपस्थित रहना चाहते है वो रह सकते है। जिस फर्म का टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा तथा स्वीकृत फर्म को रुपया 5000/- का एन.एस.सी./एफ.डी.आर / ग्रा.पं. के खाता में नकद जमा करके जमा रसीद जो ग्राम पंचायत कार्यालय के पास के पक्ष में बंधक होगा उसे मूलरूप में जमा करना होगा। टेण्डर बिना बताये निविदा अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेण्डर संबंधित अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

हिरन
ग्राम प्रधान-देवापुर पचवल
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

प्रशान्त दूबे
ग्राम सचिव- देवापुर पचवल
वि.ख.-सीटी, मिर्जापुर

# व्यापारियों के सहयोग से बनेगा कान्हा गौशाला प्रवेश द्वार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे के कैंप कार्यालय में हुई बैठक में स्थानीय व्यापारियों ने कान्हा गौशाला के निर्माण में अपना योगदान देने का आश्वासन दिया। व्यापारी अपने खर्चे से गौशाला का भव्य प्रवेश द्वार ;गेटद्ध बनवाने को तैयार हो गए हैं।



फर्रूखाबाद रोड पर हाजी मुंशी जमील अहमद ईंट भट्ठा के पीछे 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से नई कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, लालू किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, आनंद गुप्ता ;महिंद्रा ट्रैक्टर्स, नरेश गुप्ता गोल्डी, सुभाष चंद्र दुबे गुड्डू और अजय मिश्रा सहित कई व्यापारियों ने भाग लिया। मनोज दुबे ने बताया कि गौशाला का 90 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। फर्रूखाबाद रोड से गौशाला तक खड़ंजा रोड का टेंडर इसी माह जारी किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे भव्य प्रवेश द्वार बनवाएं जिससे उनका संगठन प्रतिदिन हजारों लोगों की नजर में आएगा। व्यापारियों ने सहमति जताते हुए कहा कि एस्टीमेट बनवाकर बताएं वे आपस में धन एकत्र कर गेट का निर्माण कराएंगे। मनोज दुबे ने बताया गौशाला में 500 गोवंशों के लिए पांच शेड बनाए गए हैं। हर शेड में 23 सीलिंग फैन लगाए जाएंगे जिन पर दानदाताओं के नाम अंकित होंगे। गर्मी से बचाव के लिए फव्वारा सिस्टम भी दान से स्थापित किया जाएगा। बाउंड्री के किनारे सैकड़ों पौधे रोपे गए हैं। यह गौशाला सुविधाओं के मामले में पूरे कानपुर मंडल में अनूठी होगी। निर्माण पूरा होने के बाद पुरानी गौशाला ;आवास विकास कॉलोनी के सभी गोवंशों को यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा और खाली जगह में नगर पालिका के वाहन खड़े किए जाएंगे।

गौशाला से लगे पार्क में ओपन जिम और कबाड़ से बच्चों के झूले बनाने की भी योजना है। नगर में कोई श्मशान स्थल नहीं होने की बात पर मनोज दुबे ने कहा इसके लिए शासन से 50 लाख रुपए काफी पहले स्वीकृत हो चुका है। इसका निर्माण बहवलपुर में स्टेडियम के पीछे नगर पालिका की जमीन पर होना था लेकिन वहां तक पहुंच मार्ग नहीं होने से मामला टल गया।

अब इसके लिए सौरिख रोड पर ऐतिहासिक ककरारी तालाब के पीछे की जगह ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित करवा कर प्राप्त की जाएगी और वहां पर श्मशान स्थल का निर्माण कराया जाएगा। ककरारी तालाब की जगह ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित करवा कर पहले ही नगर पालिका को हस्तांतरित हो चुकी है। अब उस तालाब का भी सुंदरीकरण नगर पालिका करवाएगी।

# सेवानिवृत शिक्षकों का भव्य सम्मान, योग अपनाने की अपील



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम रिजॉर्ट गेस्ट हाउस में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकों सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को शाल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यराम यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा सेवानिवृत्ति के बाद जीवन के इस नए चरण में योग से जुड़ें। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुधारता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। नियमित योगाभ्यास से कई रोगों से मुक्ति मिलती है और जीवन सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। सभी सेवानिवृत्त साथी योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं। इस अवसर पर पूर्व सांसद राम बक्स वर्मा, श्रीपाल वर्मा, राम प्रकाश वर्मा, भारत सिंह वर्मा, डॉ. विजय यादव, कवि हरगोविंद शाक्य हरि, राजेश शर्मा, बालिस्टर सिंह यादव, प्रदीप गुप्ता, सतीश शर्मा, रणवीर सिंह यादव, जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को अग्निशमन के बारे में किया जागरूक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में सहायक उप निरीक्षक ओमवीर सिंह अग्निशमन अधिकारी रंधीरपुर फायर स्टेशन के नेतृत्व में अग्निशमन टीम ने छात्र-छात्राओं को अग्निशमन के बारे में जागरूक किया। टीम ने आग के विभिन्न प्रकार, आग लगने के कारण, आग बुझाने के तरीके तथा सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही व्यावहारिक प्रदर्शन कर बच्चों को आग बुझाने का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे मनोयोग से भाग लिया। विद्यालय की मिड-डे मील रसोइयों ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र के निर्देशन में एनसीसी मेजर संदीप कुमार, माधव, अजय कुमार चौरसिया, स्काउट मास्टर सत्य पाल सिंह, राम अवतार पासवान, हेम लता, कौशल नारायण सिंह, त्रिशला तिवारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सूरज सिंह ने डेकाथलॉन में जीता रजत पदक



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

24वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डेकाथलॉन इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने वाले स्थानीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी सूरज सिंह पुत्र अशोक कुमार को नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। यह प्रतियोगिता 8 एवं 9 अप्रैल को प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित हुई थी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के सैकड़ों युवा एथलीट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा, ÷सूरज सिंह ने न केवल छिबरामऊ बल्कि पूरे कन्नौज जिले और छिबरामऊ स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एकेडमी का नाम रोशन किया है। डेकाथलॉन दुनिया की सबसे कठिन एथलेटिक्स स्पर्धाओं में

**▸ नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने किया सम्मान**

से एक है, जिसमें दो दिनों में 10 अलग-अलग इवेंट्स शामिल होते हैं। इस उम्र में इतनी बड़ी सफलता पाना खिलाड़ी के अथक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है। सूरज ने कोच अमित राजपूत के मार्गदर्शन में सुबह-शाम कड़ी मेहनत की है। कोच अमित राजपूत और हर्षित यादव की मेहनत भी सराहनीय है। मैं सूरज सिंह को बधाई देता हूं और भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बड़ी सफलताएं हासिल करने की कामना करता हूं। नगरपालिका युवा खिलाड़ियों के विकास के लिए हर संभव सहयोग करेगी। खेल के क्षेत्र में ऐसे ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरें, यही हमारी प्राथमिकता है।

## स्कूल चलो अभियान में निकाली जागरूकता रैली, नौनिहालों को वितरित की गईं पुस्तकें



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नगला बंजारन में एआरपी राजेश गौतम के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के दौरान राजेश गौतम ने ग्रामीण क्षेत्रों में डोर-टू-डोर संपर्क कर अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया और अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का स्कूल जाना जरूरी है, तभी समाज का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत नौनिहालों को पुस्तकें भी वितरित की गईं। पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार दीक्षित, सहायक अध्यापक अर्चना यादव, प्रतिभा, शिक्षा मित्र संतोषी दुबे एवं अनु दुबे, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुनीता सहित नेहा, साधना, चांदनी, दीपक, अनूप, राज, रजनी और प्रांशु आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सौरिख रोड पर सेंट पॉल स्कूल के पास स्थित ब्रिजदयाल ऑर्थो केयर एंड मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण व केक काटकर धूमधाम से मनाई गई।

अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. एस. चंद्रा ने महात्मा फुले के महान कार्यों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक न्याय, समानता और महिला शिक्षा के प्रबल पुरोधा थे। उन्होंने जातिगत भेदभाव, छुआछूत और अंधविश्वासों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित कर उन्होंने महिलाओं के लिए पहला स्कूल खोला, जिससे हजारों लड़कियों को शिक्षा का अधिकार मिला। सत्यशोधक समाज की स्थापना कर उन्होंने शोषित वर्गों को संगठित किया और ब्राह्मणवादी वर्चस्व को चुनौती दी। आज भी उनके विचार समाज को समानता और न्याय की राह दिखाते हैं। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर सामाजिक भेदभाव मिटाने का संकल्प लेना चाहिए। क्रार्यक्रम में डॉ. अशोक तावरे, संजीव उर्फ टिंकल, जिला महासचिव तीर्थराज बौद्ध, कोषाध्यक्ष कमल कांत, उपाध्यक्ष प्रभात गौतम, वीरू खरे, उपसचिव सतेन्द्र बौद्ध, गुलाम वारिस, सूरज, ब्रजेश मौर्या, मीडिया प्रभारी अनुज गौतम सहित अनेक पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उधर शाक्य मुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में गौतम बुद्ध एजुकेशन सेन्टर, बड़ेपुर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां संस्था अध्यक्ष रमेश बाबू बौद्ध और प्रबंधक शिव प्रताप सिंह एडवोकेट ने फुले जी के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी शाक्य, राहुल शाक्य, अजीत सिंह शाक्य, विक्रम सिंह यादव, हिना, सुमन अशोक कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान नया सवेरा की हुई समीक्षा बैठक



**गुरसहायगंज/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देश पर स्कूल चलो अभियान-नया सवेरा के तहत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक प्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक में प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने शिक्षकों के साथ शिक्षण कार्य एवं नवीन प्रवेश के साथ स्वच्छता अभियान एवं निर्माण कार्य पर विस्तार से चर्चा की। शनिवार को बैठक के दौरान प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने नवीन नामांकन, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता तथा विद्यालय में अनुशासन व्यवस्था को लेकर शिक्षकों से वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें और विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। शिक्षक नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग टोली बनाकर नवीन प्रवेश के लिए जनसंपर्क अभियान तेज करें जिस विद्यालय मैं छात्रों की संख्या को बढ़ाया जा सके उन्होंने कहा कि विद्यालय में अन्य एक्टिविटी भी की जाएं खेल कूद में रुचि ली जाए प्रार्थना स्थल पर छात्र एवं छात्राओं को प्रतिदिन निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि अति शीघ्र जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ विद्यालय का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। इसके पश्चात प्रबंधक द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता तथा विद्यालय के परीक्षा प्रभारी व शिक्षको बोर्ड परीक्षा के सफल एवं कुशल संचालन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने कहा कि चलो अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के उज्वल भविष्य का आधार है। सभी शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें, ताकि हर बच्चा शिक्षा से जुड़ सके और विद्यालय की गुणवत्ता निरंतर बेहतर होती रहे।

# सी सर्टिफिकेट में स्वाती, बी में मुस्कान का रहा बेहतर प्रदर्शन



एनसीसी कैडेट्स स्वाती को बुक प्रदान कर सम्मानित करते प्राचार्य डॉ हरिओम

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

एनसीसी बी और सी सर्टिफिकेट परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही कैडेट्स में खुशी की लहर दौड़ गई। गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम इस बार बेहतर रहा, जिससे महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है। बताया गया कि यूपी 4 गर्ल्स बटालियन फतेहगढ़

**▸ एनसीसी बी व सी सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम घोषित, कैडेट्स में खुशी की लहर**

में सी सर्टिफिकेट परीक्षा में कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बी सर्टिफिकेट में चौथा स्थान हासिल किया, बीएससी 6 सेमेस्टर की छात्रा स्वाती ने सी सर्टिफिकेट और बीएससी 4 सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान ने बी सर्टिफिकेट में ए ग्रेड हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिओम ने सभी सफल कैडेट्स को बुकें प्रदान कर सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समर्पण के साथ किया गया प्रयास हमेशा सफलता दिलाता है। वहीं, महाविद्यालय के निदेशक राजीव कुमार ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता। निरंतर प्रयास करने से एक न एक दिन सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि एनसीसी सर्टिफिकेट का भविष्य में विशेष महत्व है, जो कैडेट्स के करियर को नई दिशा देने में सहायक साबित होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षक व स्टाफ ने भी कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं।



# राज्यमंत्री ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कृषक समृद्धि आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री व जिला प्रभारी कुलजीत सिंह ने नगर पंचायत सिकंदरपुर के सिंहपुर स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ गोवंशों का पूजन कर उन्हें गुड़ चना खिलाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में साफ-सफाई, चारे-पानी और चिकित्सा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.नेम कुमार सहित नगर पंचायत सिकंदरपुर के चेयरमैन ठाकुर हरिहर सिंह के अलावा सभी कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने गौशाला की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने का आश्वासन दिया।

# शिक्षा देती सही दिशा, स्वच्छता स्वस्थ समाज की आधारशिला: असीम

**ज्योतिबा फुले व कस्तूरबा गांधी जयंती पर पं0 दीनदयाल राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

महात्मा ज्योतिबा फुले एवं कस्तूरबा गांधी की जयंती के अवसर पर शनिवार को क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा में भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को हाथ जोड़ कर अभिवादन करते मंत्री असीम अरुण व अन्य

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्राची गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने भाषण, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दोनों महान विभूतियों के जीवन और आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि असीम अरुण ने अपने संबोधन में शिक्षा एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हु ए कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सही दिशा देती है, जबकि स्वच्छता स्वस्थ समाज की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, अनुशासन का पालन करने और कठिन परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देशन में तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दिल्ली से चोरी हुई बाइक समेत दो गिरफ्तार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

दिल्ली से चोरी की गई बाइक से वारदातों को अंजाम देने की फिराक में लगे दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ़्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, वाहन चेकिंग अभियान चला रही पुलिस को तिर्वा नगर में ही सफलता हांथ लगी। तिर्वा नगर के पॉलिटेक्निक बंबा रोड पर चेकिंग के दौरान संदेहास्पद अवस्था में बाइक सवार दो लोगों की टोकने पर बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान पीछा करते हुए पुलिस ने दोनों बाइक सवारों को कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। जांच पड़ताल में बाइक के कागजात और अन्य जानकारी पर बाइक सवार कोई जानकारी नहीं दे सके। इस दौरान पुलिस की जांच पड़ताल में सामने आया कि, जो बाइक बरामद हुईं है, चेचिस नंबर से उसका मालिक कोई और है। पूँछताँछ में पकड़े गए दोनो युवकों ने बताया कि, बाइक को दिल्ली से चुराकर लाए थे, और उसका इस्तेमाल कर रहे थे। बाइक कि नंबर प्लेट भी बदल दी थी। बाइक की जांच पड़ताल में दिल्ली की ही होने की जानकारी सामने आई है।पकड़े गए युवकों के नाम सदर कोतवाली कन्नौज के पाटानाला निवासी इमरान पुत्र इकलाख और कमर पुत्र अशरफ बताए गए हैं। कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला के मुताबिक मामले की जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज करके दोनों युवकों को जेल भेजा जा रहा है।

## पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल रेल प्रबंधक ने जारी किए दिशा निर्देश

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक सुश्री वीणा सिन्हा के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव 2र्मा के नेतृत्व में नियमित रुप से बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों तथा बिना बुक सामान के साथ यात्रा की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए टिकट जांच अभियान निरंतर चलता रहता है। इस मंडल पर टिकट जांच अभियान के तहत बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा एवं बिना बुक सामान के साथ यात्रा की प्रवृत्ति पर प्रभारी अंकुश लगाने के उद्देश्य से अप्रैल, 2025 से मार्च, 2026 के मध्य 150 बस रेड, 102 किलाबंदी, 144 ब्रांच लाइन, 348 स्पॉट तथा सेक्शनल चैक इत्यादि किए गए। जिसमें रेलवे प्रशासन को रेल राजस्व में वृद्धि करने में आशातीत सफलता मिली। टिकट जांच का प्रदर्शन भी वित वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट रहा है। जिसमें 3.52 लाख उच्च प्रभार के मामलों से रुपये 20.03 करोड़ की वसूली की गई।

## भागवत कथा के मंच से गूंजा भक्ति और ज्ञान का संदेश

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहता है । कथा वाचक रामानुज पाण्डेय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन लीला और रासलीला का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ कथा का आनंद लिया। आयोजन समिति के परीक्षित देवेंद्र गुप्ता व पूजा गुप्ता द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी, जिसमें बैठने, पेयजल और प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था शामिल रही।

# बिजली करेंट की चपेट में आया युवक, मौत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

हाईटेंशन बिजली लाइन के तार की चपेट में आकर एक 45 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज में युवक की डाक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी।

जानकारी के मुताबिक जिले के थाना तालग्राम क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी 45 वर्षीय सतेंद्र यादव गांव में अपनी भैंस को बांधने के बस वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान घर के निकट से गुजरी एलटी बिजली लाइन का तार टूट गया। बिजली तार के करेंट की चपेट में आकर सतेंद्र गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी पर परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में ग्रामीणों द्वारा संबंधित विद्युत उपकेंद्र पर सूचना



देकर विद्युत आपूर्ति को बंद करवाया गया। करेंट की चपेट में आकार गंभीर रूप से झुलसे सतेंद्र को उपचार हेतु परिजनों और ग्रामीणों द्वारा तिर्वा मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां डाक्टरों ने युवक की मौत की पुष्टि कर दी। सतेंद्र की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के रोने बिलखने का सिलसिला जारी था। परिजनों ने मामले को लेकर बताया कि, सतेंद्र की मौत बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुई है, कई बार सूचना दिए जाने के बाद भी गांव से गुजरी एलटी लाइन के ढीले तारों को सही कराने की शिकायत के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिसका खामियाजा आज परिजनों को उनके एक सदस्य की जान देकर चुकाना पड़ा। परिजनों ने विभागीय कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

मामले में जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सतेंद्र के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। पुलिस के मुताबिक परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## फूले जयंती पर माल्यार्पण, अम्बेडकर जयंती की तैयारियां तेज



**कन्नौज।** शनिवार को कार्यालय में समाज सुधारक ज्योतिबा फूले की जयंती उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। बैठक के दौरान 19 अप्रैल को संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम बूथ व सेक्टर स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत जलालाबाद क्षेत्र में राशिमा दोहरे व मनोज, गुगरापुर में मथुरा बोद्ध तथा उबर्दा/ब्यौर क्षेत्र में रमेश कठेरिया व सुनील दिवाकर को प्रभारी बनाया गया। बैठक में तय किया गया कि सभी सेक्टर व जोन प्रभारी के सहयोग से जयंती समारोह को व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कलीम खां ने की, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष पी.पी. सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, मुख्य प्रवक्ता विजय द्विवेदी समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उमेश कुमार बने बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी

**गुरसहायगंज,कन्नौज।** बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार यादव ने प्रदेश के पदाधिकारी की सूची जारी की है जिसमें जनपद कन्नौज के शिक्षक उमेश कुमार को संगठन का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सूची जारी करते ही नियुक्ति के बाद शिक्षकों में खुशी की लहर देखी जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों ने उमेश कुमार को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर उमेश कुमार ने कहा कि वह संगठन को मजबूती देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम VIVEKANAND S/O HOT CHANDRA SATYA था जो कि दिनांक 01/04/2026 को मैंने अपना नाम बदलकर VIVEK SATYA S/O HOT CHANDRA SATYA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। निवासी पुलिस लाइन रोड रायपुर राजा थाना कोतवाली देहात, जनपद बहराइच।





# तारों की चिंगारी से जली गेहूं की फसल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज के गांव नगला तेजा निवासी नेमसिंह का पड़ोसी गांव नगला छेदा के निकट स्थित आठ बीघा खेत में गेहूं की पकी फसल खड़ी है। शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे खेत के किनारे से निकली एचटी विद्युत लाइन के तारों में फाल्ट हो गया। जिससे निकली चिंगारी गेहूं की फसल में गिर गई। जिससे गेहूं की फसल में आग लग गई। खेत से आग की लपटे व धुआं निकलता देख लोग खेतों की ओर दौड़े। लोगों पानी मिट्टी आदि डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। जिससे खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग बुझाने के प्रयास में नरेश, नीरज व सतानों झुलस गई। लोगों ने बिजली घर फोन कर बिजली बंद कराई। सूचना पर राजस्व निरीक्षक शिवनारायण तिवारी व लेखपाल पवन सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। लेखपाल ने बताया कि आग से लगभग 5 बीघा फसल जली है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। **वहीं** गांव सितवनपुर पिथू निवासी जगदीश सिंह के 5 बीघा खेत में गेहूं की फसल खड़ी है। सुबह लगभग 11:30 बजे खेत के ऊपर से गुजरी एचटी विद्युत लाइन के तार आपस में भिड़ने से चिंगारी खेत में गिरी। जिससे गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगी देख लोगो ने मिट्टी पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग आग बुझाने में असफल रहे। आग से लगभग 5 बीघा खेत की फसल जल गई। साथ में पड़ोसी अमर सिंह की एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। घटना की सूचना पर यूपी 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घटना की सूचना लेखपाल को दी गई है। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि खेत में लगी आग की जांच कराई जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है। कि जिन खेतों के निकट विद्युत लाइन निकली है और ट्रांसफार्मर रखे है। उनके आसपास गेहूं को काटकर भंडारण न करे। तारों के नीचे खड़ी फसल को काट ले, ताकि इस तरह की घटना से बचा जा सके।



जांच पड़ताल करती पुलिस

## शार्ट सर्किट से लगी आग में नगदी व सामान जला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव गढ़िया बबना निवासी वीरसिंह के घर की छत पर बने कमरे में शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे बिजली का शार्ट सर्किट हो गया। जिससे कमरे में आग लग गई। कमरे में आग की लपटे निकलती देख लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन बिजली आपूर्ति होने के कारण लोगों ने बिजली घर फोन कर आपूर्ति बंद कराने का प्रयास किया। लगभग आधा घंटे बाद आपूर्ति बंद होने पर लोगों ने पानी मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया। इस दौरान कमरे में रखे लगभग 10 हजार रुपए, कुर्सी, मेज, कपड़े आदि घरेलू सामान जल गया। घटना की सूचना उप खण्ड अधिकारी को दी गई। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि घर में बिजली का शार्ट सर्किट हुआ है। कोई केबिल नहीं जली है। फिर भी जांच कराई जा रही है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग अनाज व सामान जलकर राख

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सामान व अनाज सहित अन्य समान जलकर राख हो गया। झोपड़ी में आराम कर रहे दंपति बाल-बाल बच गए।

क्षेत्र के गांव नुनेरा निवासी वरिष्ठ नागरिक दिव्यांग सुरेश कश्यप पत्नी सुनीता के साथ गांव के बाहर सड़क किनारे झोपड़ी डालकर रहते हैं। शनिवार दोपहर दंपति झोपड़ी में आराम कर रहे थे। उसी समय अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें निकलती देख दंपति ने भागकर जान बचाई। शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने पानी मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग से गृहस्थी का सामान, अनाज व अन्य समान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने मामले की सूचना तहसील प्रशासन को दी। पीड़ित के अनुसार आग से लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनका पुत्र हरियाणा में रहकर मजदूरी करता है।



## भैंस चोरी में एक नामजद सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** भैंस चोरी के मामले में एक नामजद सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम अलीदादपुर निवासी कौशलेन्द्र सिंह ने अपनी भैंस चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में एक नामजद आरोपी नरेंद्र उर्फकरू सहित तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफमुकदमा पंजीकृत किया है। गैसिंहपुर निवासी कौशलेन्द्र सिंह ने बताया कि 09 अप्रैल की रात को उनके यहां से भैंस चोरी हो गई थी। उन्होंने तुरंत इसकी खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान और कैमरा फुटेज की मदद से उन्हें पता चला कि नगला गढ़िया गणेशपुर थाना मोहम्मदाबाद निवासी नरेंद्र उर्फकरू पुत्र अखिलेश यादव ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उनकी भैंस चुराई है। चोरी हुई भैंस की कीमत करीब 1 लाख 5 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## कर्ज में डूबे आलू किसान ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** आलू की फसल में भारी नुकसान होने पर कर्ज में डूबे किसान ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाने के गांव नगला जोखा निवासी सुभाष जाटव ने 12 हजार रुपये बीघा उगाही पर 21 बीघा खेत लिया। उसने अपने छह बीघा में भी आलू किया। किसान ने अपने परिजनों के साथ दिनरात कड़ी मेहनत की। गड़ाई और खोदाई के लिए दो भैंसें भी बेंच दी। मगर अब खेत मालिक की रकम के साथ अन्य उधारी चुकता करने के लाले हैं। कर्ज के चलते किसा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पत्नी प्रियंका ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। सुभाष ने बताया कि उनके पास छह बीघा खेत है। अच्छी आमदनी के चक्कर में इस बार 12 हजार रुपये प्रति बीघा के हिसाब से 21 बीघा खेत उगाही पर लिया। उन्होंने 27 बीघा खेत में आलू किया। आलू गड़ाई के समय एक भैंस 65 हजार में बेच दी। खोदाई के समय मजदूरी देने की खातिर 75 हजार कीमत की भैंस 55 हजार में देनी पड़ी। जब आलू बेचने की नौबत आई, तो पिछले साल जो एक ट्राली आलू 16-17 हजार का होता था। वह पांच-छह हजार रुपये में बिका। पूरी फसल बर्बाद हो गई। खेत मालिक को 2.52 लाख रुपये देना है। वहीं खाद और बीज की एक लाख रुपये उधारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।



जानकारी देता सुभाष

# बिजली की चिंगारी से गेहूं की फसल राख

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरसिंहपुर में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते किसान की मेहनत पर पानी फिर गया। जर्जर और खुले बिजली के तारों के तेज हवा के चलते आपस में टकराने से निकली चिंगारी ने गेहूं के खेत में भीषण आग लगा दी। जिससे लगभग सवा बीघा फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। नरसिंहपुर निवासी पूर्व सैनिक अविनाश चंद्र गंगवार पुत्र स्वर्गीय सहदेव सिंह के खेत के ऊपर से बिजली विभाग की लाइन गुजर रही है।

शनिवार को तेज हवा के कारण खुले तार आपस में टकरा गए। तारों के टकराने से निकली चिंगारी सीधे खेत में खड़ी गेहूं की सूखी फसल पर जा गिरी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। अविनाश चंद्र गंगवार ने बताया कि आग लगने के कारण उनकी करीब सवा बीघा गेहूं की तैयार फसल जल गई है। जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने इस संबंध में कायमगंज थाना प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रीय किसानों में इस घटना को लेकर बिजली विभाग के प्रति गहरा रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि ढीले और खुले तारों की शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन विभाग की अनदेखी का खामियाजा गरीब किसानों को भुगतना पड़ रहा है।



जली पड़ी गेहूं की फसल मौजूद किसान

## ई-रिक्शा चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा की टक्कर से घायल हुए 65 वर्षीय भंवरपाल सिंह की इलाज के दौरान मौत के मामले में मृतक की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। 6 अक्टूबर 2025 को इटावा-बरेली मार्ग पर ग्राम तकीपुर के सामने हुई थी। पुलिस ने मृतक की बेटी संजू की तहरीर पर अज्ञात ई-रिक्शा चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। संजू ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पिता भंवरपाल सिंह निवासी असवपुर मैनपुरी 6 अक्टूबर 2025 को दोपहर करीब 1: 20 बजे अपनी मोटरसाइकिल से फर्रुखाबाद से अपने पैतृक गांव जा रहे थे। ग्राम तकीपुर के सामने एक अज्ञात ई.रिक्शा संख्या यूपी 76एटी/ 3710 चालक ने तेज और लापरवाही से चलाते हुए पीछे से उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गये। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान 13 अक्टूबर को उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# महिला ने लगाई फांसी, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र याकूतगंज निवासी मोहल्ला धोबियाना हरिशंकर की 22 वर्षीय पत्नी संध्या ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि याकूतगंज में दूसरी जगह मकान बन रहा है। परिजन सभी वहां पर मौजूद थे। घर पर संध्या अकेली थी। जब मेरी बेटी कोमल घर पहुंची तो उसने देखा कि संध्या फांसी के फंदे पर झूल रही है, तो उसने शोर मचाना शुरु कर दिया। आसपास के लोग एकत्र हो गये। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। हरिश्चन्द्र ने बताया कि वह चार भाई आदित्य, विवेक, रोहित के साथ गुजरात में काम करता है। घर पर उसकी पत्नी व मां-बहन रहती है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



मृतका का फाइल फोटो

# डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्यायें

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकांश शिकायतें जमीनी विवादों से संबंधित थीं। डीएम ने शिकायतों पर गंभीरता दिखाते हुए लेखपाल, कानूनगो और थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। गगनी गांव के देवेंद्र और देवकी ने भी अपने-अपने जमीनी विवादों को लेकर शिकायतें दर्ज कराई। प्रमोद पाठक ने शिकायत की। उन्होंने बताया कि एजेंसी के बाहर गैस वितरण अव्यवस्थित रहता है, जिससे उनकी बुक डिपो की दुकान पर ग्राहकों को परेशानी होती ह। डीएम ने डीएसओ को तत्काल जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। कस्वा निवासी रामदीन चौरसिया ने सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए जमीन की नाप कराने की मांग की। नसरतपुर निवासी अलाउद्दीन ने अपने मकान और भूखंड पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई।

नारायणपुर गढ़िया की 85 वर्षीय मुन्नी देवी ने एक प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि उनके चार बेटे है, लेकिन कोई उन्हें खाना नहीं देता और उनकी जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। मुन्नी देवी ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने मुन्नी देवी से सुबह के भोजन के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि उन्होंने पिछली रात की बची एक रोटी खाई थी। इस पर एसपी ने तत्काल उन्हें चाय पिलाने के निर्देश दिए और उनके बेटों को थाने बुलाकर कार्रवाई करने के आदेश दिया।

## ओवरलोड ट्रक सीज, लगा 1.01 लाख का जुर्माना



पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते एएसपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती के निर्देशन में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अभय वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रवर्तन टीम द्वारा दो ओवरलोड खनिज से लदे वाहन सीज किए गए। जिन पर 71000 जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य वाहन को सीज करते हुए 30000 जुर्माना लगाया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## डीएम-एसपी ने सरकारी मंडी समिति की भूमि का किया निरीक्षण

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज थाने के लिए वर्ष 2020 से नई जमीन की तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक उपयुक्त स्थान नहीं मिल पाया है। आजादी से पहले स्थापित यह थाना भवन जर्जर हालत में है। हाल ही में इसका आंशिक जीर्णोद्धार किया गया था, फिर भी यह भवन पूरी तरह से मानकों के अनुरूप नहीं है। शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कमालगंज की नवीन मंडी समिति का दौरा किया। उन्होंने वहां उपलब्ध लगभग 18 बीघा भूमि का निरीक्षण किया। जिस पर वर्तमान में सब्जी और गेहूं की आढ़तें संचालित हैं। मौजूद लोगों से थाना निर्माण की संभावनाओं पर चर्चा की। भूमि के वर्तमान उपयोग और स्वामित्व को देखते हुए इस स्थान पर सहमति नहीं बन पाई। डीएम ने स्पष्ट किया कि यह मंडी समिति की भूमि है, इसलिए यहां थाना बनाना उचित नहीं होगा। स्थानीय निवासियों के अनुसार, वर्तमान थाना भवन छोटा और असुविधाजनक है। जिससे फरियादियों और पुलिसकर्मियों दोनों को परेशानी होती है। क्षेत्र की बढ़ती आबादी और बढ़ते मामलों के मद्देनजर एक नए और विस्तृत थाना भवन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।



# जमदग्नि सुत, बल बुद्धियुक्त, गुण ज्ञान शील सुधाकरं



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया, जिस मृगु कुल के पाद-प्रहार को अपने वक्षः स्थल पर सहा। परशुराम का जन्म माता रेणुका और ऋषि जमदग्नि के घर प्रदोष काल में हुआ था उन्हें चिरंजीवी भी माना गया है। इसी दिन अक्षय तृतीया का त्योहार भी मनाया जाता है। इन योगों में परशुराम की पूजा से देवी लक्ष्मी की कृपा बरसेगी।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**



शरद बाजपेयी

नगर पालिका परिषद फर्रु0 के वरिष्ठ लिपिक **शरद बाजपेयी** ने बताया कि सभी अवतारों के विपरीत परशुराम जी वर्तमान में भी पृथ्वी पर ही निवास करते हैं। यही कारण है कि भगवान राम और श्री कृष्ण की तरह परशुराम की पूजा नहीं की जाती है। दक्षिण भारत में उडुपी के पास पवित्र स्थान पजाका में, एक परशुराम जी का मदिर भी है। कहा जाता है कि भगवान विष्णु के अंतिम अवतार कल्कि को शस्त्र विद्या प्रदान करने वाले गुरु होंगे।



शैलेश दुबे

रस्तोगी इं0का0 के प्रवक्ता **शैलेश दुबे** ने बताया कि पौराणिक वृत्तान्तों के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि द्वारा सम्पन्न पुत्रेष्टि गज से प्रसन्न देवराज इन्द्र के वरदान स्वरुप पत्नी रेणुका के गर्भ से वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को हुआ। वे धरती पर वैदिक संस्कृतिक का प्रचार-प्रसार करना चाहते थे। उन्होंने अहंकारी और भ्रष्ट हैहयवंशी आतताइयों का पृथ्वी से 21 बार संहार किया। वह न्याय प्रिय भी थे।



अतुल मिश्रा

**डीएन कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अतुल मिश्रा** ने बताया कि भगवान परशुराम अवशेष कार्यों में कल्कि अवतार होने पर उनका गुरुपाद ग्रहण कर उन्हें शस्त्र विद्या प्रदान करना भी बताया गया है। उनका भाव इस जीव सृष्टि को प्राकृति सौंदर्य सहित जीवंत बनाये रखना था। वह सदैव अपने गुरुजन व माता-पिता को आज्ञा का पालन करते थे। हम सब मिलकर उनका 19 अप्रैल को जन्मोत्सव मनायेंगे।

## जनसुनवाई में पहुंचे फरियादी, भूमि विवाद के मामलों में जांच के निर्देश

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को थाना अमृतपुर परिसर में उपजिलाधिकारी अमृतपुर संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 02 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें भूमि विवाद से जुड़े मामले प्रमुख रहे। प्राप्त प्रार्थनापत्रों में रविंद्र पुत्र फूल सिंह निवासी कुम्हरौर द्वारा भूमि विवाद के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई। वहीं, रीता देवी पत्नी स्व. कमलेश निवासी नवादा ने खेत में कब्जे को लेकर प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। उपजिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, दिनेश चंद्र, लेखपाल गौरव अवस्थी, ज्योति, वरुण तथा सावन यादव सहित अन्य कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग के कर्मचारी के घर चोरी का प्रयास

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संकिसा रोड स्थित पावर हाउस के पास बिजली विभाग के टीजी रामरतन राजपूत के बंद मकान में दिनदहाड़े चोरी का प्रयास किया गया। अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट और ऊपर के कमरे का ताला तोड़कर घर में घूसने की कोशिश की। राजपूत बिजली विभाग में टीजी के पद पर रामरतन कार्यरत हैं। वे सुबह लगभग 9:30 बजे अपने मकान में ताला लगाकर ड्यटी पर चले गए थे, दोपहर में जब उनके पत्र राजनेश गाड़ी लेने के लिए घर पहंचे, तो उन्होंने मख्य दरवाजा खुला पाया। उन्होंने अपने पिता को फोन कर गेट बंद न करने के बारे में पूछा जिस पर रामरतन ने बताया कि वे ताला लगाकर गए थे। राजनेश ने ऊपर के कमरों में जाकर देखा तो उनके ताले भी टूटे हुए थे। इसके अलावा, वे दो बैग, जिनका उपयोग रामरतन बिजली विभाग का कैश जमा करने के लिए करते थे, नीचे खुले पड़े मिले। रामरतन राजपूत ने बताया कि 1 अप्रैल से उनकी आर्डडी बंद हो गर्ड थी। जिसके कारण उनके पास कोर्ड कैश नहीं था। चोरों ने शायद कैश की तलाश में बैगों की तलाशी ली, लेकिन कुछ न मिलने पर वे भाग गए। रामरतन ने यह भी बताया कि उनका पूरा परिवार गांव के अदर बने दूसरे मकान में रहता ह जबाके वे डस मकान में अकेले रहते हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 1 12 पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

## पंचायत के दौरान फायरिंग से दशहत

कंपिल, समृद्धि न्यूज। रुपए के लेनदेन को लेकर चल रही पंचायत में दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। जिससे दहशत का माहौल हो गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव शंकरपुर हरहरपुर निवासी सरदार जुगेंद्र सिंह ने दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह दस बजे क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के साथ रुपए के लेनदेन को लेकर पंचायत में समझौते का प्रयास चल रहा था। पंचायत में आसपास गांव के अन्य लोग भी मौजूद थे। उसी समय दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

# संदिग्ध हालात में मिली बाइक, पुलिस ने की जांच

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र के बलीपट्टी रानी गांव में गंगा घाट के किनारे एक लावारिस बाइक मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी बाइक को देखकर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बाइक का नंबर यूपी 27वी/0338 है। पुलिस ने नंबर के आधार पर जांच की तो बाइक सुनील पुत्र नरेश निवासी खड़ार, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहांपुर के नाम दर्ज पाई गई। जांच के दौरान मामले में नया मोड़ सामने आया। जानकारी करने पर पता चला कि यह मोटरसाइकिल कस्बा अमृतपुर निवासी रमाकांत राठौर उर्फ सटलू के साले राजकुमार पुत्र रामावतार निवासी ग्राम गहौरा, थाना शाहाबाद, जिला हरदोई द्वारा 23 मार्च को उनके घर लाई गई थी। रमाकांत राठौर ने बताया कि उनके यहां अखण्ड पाठ के बाद दावत थी, जिसमें उनका साला राजकुमार और उनके साडू सुनील दोनों लोग 23 मार्च को आये थे। उनके यहाँ से बाइक चोरी हो गई थी और वह इसकी तलाश कर रहे थे, हालांकि अब तक इस संबंध में कोई कानूनी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। सुनील और रमाकांत राठौर आपस में साडू हैं, जबकि राजकुमार दोनों का साला है, जिससे मामला पारिवारिक रिश्तों से भी जुड़ा हुआ सामने आ रहा है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## कुम्हरौर में लगा फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप, 6 किसानों का हुआ पंजीकरण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील प्रशासन द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। तहसील अमृतपुर क्षेत्र के गांव कुम्हरौर में शनिवार को फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। कुल 6 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की गई। उपजिलाधिकारी अमृतपुर संजय कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए, ताकि किसी भी किसान को असुविधा न हो। अपील की कि सभी किसान अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री अवश्य करवाएं, ताकि उन्हें सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं और सुविधाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे। जिन किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री पूरी नहीं होगी, उन्हें 30 अप्रैल के बाद खाद उपलब्ध नहीं हो पाएगी। इसलिए किसानों से समय रहते पंजीकरण कराने की अपील की गई है।

# बाबा साहब ने समता, बंधुत्व, भाईचारा को ध्यान में रखते हुए लिखा संविधान



**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमरॉव अम्बेडकर का 135वां जन्मदिवस समारोह जनपद में धूमधाम से मनाया जायेगा। उनके पास नौ भाषाओं का ज्ञान था। 32 डिग्रियां थी, जो कि आज तक किसी ने प्राप्त नहीं कर पायी। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को द सिंबल ऑफ नॉलेज के नाम से भी जाना जाता है। बाबा साहब ने इंग्लैंड, आयरलैंड, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, रूस, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, जापान आदि 10 देशों का भ्रमण कर संविधान का अध्ययन किया था।



संतोष कुमार

किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदन गनेशपुर जहानगंज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि बाबा साहब डॉ. भीमरॉव अम्बेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के मऊ जिले में 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। उनके पिता सेना में सूबेदार थे। बाबा साहब ने गहन विचार करके देश में फैली कुरीतियों को मिटाया। उन्होंने समता, बंधुत्व, भाईचारा, न्याय को ध्यान में रखते हुए विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधान का लिखित रुप में निर्माण किया।



ले0 गिरिजा शंकर

म्युनिस्पिल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर ने बताया कि बाबा साहब एक महान कानूनविद् थे। उन्होंने समाज में कई प्रकार की कुरीतियां जैसै अश्पृश्यता, छुआछूत, असमानता, अंधविश्वास चरम सीमा पर था, उसे समाप्त करने का प्रयास किया। भारत का संविधान विश्व का नम्बर एक संविधान माना जाता है। हम उन्हें जयंती पर शत-शत नमन करते है और जयंती धूमधाम से 14 अप्रैल को मनायेंगे।



राजकुमार

पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद के प्रधानाध्यापक राजकुमार ने बताया कि बाबा साहब अम्बेडकर ने जातिवाद खत्म किया और समाज में फैली तमाम प्रकार की कुरीतियों का अंत किया। कठिन परिस्थितियों में रहते हुए भी गरीब तबके के लोगों को आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास किया। उन्होंने हम सबकों अपनी पहचान दिलाने का साहस दिलाया और हम सभी को वोट देने का भी अधिकार मिला।



विजय कनौजिया

उच्च प्राथमिक विद्यालय बाग लकूला के सहायक अध्यापक विजय कनौजिया ने कहा था कि जीवन लम्बा होने की बजाय महान होना चाहिए। जब तक आप समाजिक स्वतंत्रता नहीं हासिल कर लेते कानून आपको स्वतंत्रता देता है इसलिए हमें शिक्षित होना जरुरी है। बाबा साहब ने गरीब और असहाय बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए जो संकल्प लिया, उसे साकार करने में हम सब लोग अहम भूमिका निभा रहे है।

# घाट संचालन समिति का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


गोष्ठी में मौजूद लोग

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में जिलाधिकारी के निर्देशन में घाट संचालन समिति के द्वारा गंगा तट पांचाल घाट पर नाविक, गोताखोर, पंडित पुजारी दुकानदार इत्यादि का पंजीकरण प्रक्रिया के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के माध्यम से घाट संचालन समिति के सदस्यों द्वारा पंजीकरण से संबंधित दिशा निर्देशों को अवगत कराते हुए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि डीएम के निर्देशन में घाट संचालन समिति का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से घाट पर उपस्थित सभी पंडित पुजारी, नाविक, गोताखोर, दुकानदार इत्यादि का पंजीकरण कराया जाएगा। पंजीकरण से संबंधित सभी दिशा निर्देश जिसमें सभी को अपनी दुकानों पर अनिवार्य रूप से कूड़ादान रखना होगा। 18 साल से कम आयु के बच्चों को नाव चलाना वर्जित होगा। नाव पर अनिवार्य रूप से लाइव जैकेट रखना होगा। नाव में दस से अधिक सवारी बैठाने पर प्रतिबंध, दुकानदारों को पॉलीथिन के स्थान पर कागज के थैले का प्रयोग करना होगा। साथ ही अन्य नियम भी रखे गए हैं। इसके उपरांत सभी को परिचय पत्र दिया जाएगा एवं उनके बैठने का स्थान निर्धारित किया जाएगा। पंजीकरण कराने के उपरांत सभी की नाव पर दुकान पर संचालक का नाम पंजीकरण संख्या अंकित कराई जाएगी। सभी गोताखोरों का नाम एवं मोबाइल नंबर घाट पर अंकित कराए जाएंगे। जिससे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत उनसे संपर्क किया जा सकता है। घाट को व्यवस्थित रखने एवं घाट को साफसुथरा बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र ही पंजीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। एडीओ पंचायत ओम पांडे ने भी सभी को पंजीकरण कराने एवं घाट को साफसुथरा बनाने के लिए जागरूक किया। सभी पंजीकृत हुए लोगों के द्वारा गंगा के त्योहारों, स्नानो पर विशेष रूप से कार्य करते हुए घाट पर स्नान करने आये श्रद्धालुओं एवं अन्य लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जाएगा। सभी लोगों की इसके लिए जिम्मेदारी भी वितरित की जाएगी। इस अवसर रोजगार सेवक संजय कुमार, रामदास गुप्ता, राम रहीस कुशवाहा, अस्मित एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में थानाध्यक्ष ने जनता की सुनी समस्यायें


समस्यायें सुनते थानाध्यक्ष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** समाधान दिवस में थानाध्यक्ष ने जनता की समस्यायें सुनी। इस दौरान उन्होंने संबंधित को समस्याओं का समाधान करने के लिए निर्देशित किया। थाने में आयोजित समाधान दिवस में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान राजस्व संबंधी 5 शिकायतें आई। जिसमें किसी का भी निस्तारण नहीं किया जा सका। शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान बबना चौकी प्रभारी अभिलाख सिंह, कस्वा इंचार्ज गीतम सिंह, जगराम सिंह समेत पुलिसकर्मी व राजस्व कर्मी रहे।

# देश की अखण्डता व राष्ट्रवाद को मजबूत करना भाजपा का उद्देश्यः शिवमहेश दूबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम को संबोधित करते शिव महेश दुबे

शनिवार को भारतीय जानता पार्टी के प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत नीव करौली मंडल की प्रशिक्षण कार्यशाला संकिसा में आयोजित हुआ। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने की। संचालन राघवेन्द्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला संगठन प्रभारी शिवमहेश दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जानता पार्टी का संगठन कार्यकर्ता आधारित है। 1980 में भारतीय जानता पार्टी की स्थापना हुई। भारतीय जानता पार्टी की स्थापना के मुख्य उद्देश्य भारत की अखंडता और राष्ट्रवाद को मज़बूत करने की थी। देश में कांग्रेस के नेतृत्व की सरकार थी, लेकिन कांग्रेस के तुष्टिकरण एवं भ्रष्टाचार से देश त्रस्त था। 1996 में पहली बार प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश में सरकार बनी देश में एक विशाल परिवर्तन हुआ। आतंकवाद और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए आतंक को समूल विनाश के लिए परमाणु परीक्षण करके भारत की ताकत का एहसास कराया गया। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने संकल्प लेना होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मंडल प्रभारी कुलदीप दुबे, अतुल दीक्षित, जितेंद्र सिंह, राहुल राजपूत, शिवांग रस्तोगी, राम लड़ैते वर्मा, छात्र पाल सिंह, मनोज चतुर्वेदी, डॉ. अभिषेक ठाकुर, विकाश सिंह आदि मौजूद रहे।


शोभायात्रा में भाग लेते पदाधिकारी

## विहिप व बजरंग दल द्वारा निकाली गई रामोत्सव शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा रामोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शिव मंदिर सिरौली नबावगंज से यात्रा शुरु होकर गांव का भ्रमण करते हुए समापन हुई। जय श्रीराम उद्घोष के साथ केसरिया पताका लहराते हुए विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी चल रहे थे। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ। इस मौके पर विभाग संयोजक बजरंग दल अभिषेक, जिला मंत्री अखिलेश, जिला संयोजक बजरंग दल सुदीप, रोहन मिश्रा, सुरक्षा प्रमुख आकाश, मिलन केंद्र प्रमुख श्रवण, शिव, अंकुल, साहिल मिश्रा, प्रखंड संयोजक नवाबगंज रामदेव, प्रखंड मंत्री नवाबगंज शिवम गुप्ता एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक कुआं व सरकारी हैंडपंप को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**


हैंडपंप की जगह पर हो रहा निर्माण

नींव खुदवाकर निर्माण कार्य के जरिए ऐतिहासिक कुए तथा सरकारी हैंड पंप पर कब्जा करने लेने पर आक्रोशित लोगों नगर पंचायत अध्यक्ष शमशाबाद को शिकायती पत्र देकर ऐतिहासिक कुआं तथा हैंडपंप को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है। ऐतिहासिक कुआं मोहल्ले की पहचान हैंडपंप, सर्दी गर्मी वर्षा धूप हर मौसम में पेयजल का सहारा है।

शमशाबाद नगर क्षेत्र के मोहल्ला इमादपुर निवासी लगभग एक दर्जन लोगों में नरेंद्र सिंह, सुखलाल, विवेक कुमार, आदेश कुमार, उदयवीर, अनुज कुमार, रंजन सिंह, महेंद्र सिंह तथा राजेश कुमार आदि लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष शमशाबाद जोया शाह फारूकी को शिकायत पत्र देकर कहा मोहल्ले का ऐतिहासिक कुआं जो बस्तबिक मोहल्ले की पहचान है। साथ ही पास में लगा सरकारी हैंडपंप जिसके सहारे राजगीर ही प्यास नहीं बुझाते, बल्कि मोहल्ले के लोग भी प्यास बुझाते है। शिकायती पत्र के अनुसार यहां के रामसेवक पुत्र बेचेलाल तथा कन्हैयालाल द्वारा नींव खुदवाकर उसपर निर्माण कार्य कराकर कब्जा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप था अगर निर्माण के जरिए ऐतिहासिक कुआं तथा हैंडपंप पर कब्जा कर लिया गया तो आम लोगों के आगे पेयजल सम्बन्धी समस्याये बिकराल हो जाएगी। ऐतिहासिक कुआं तथा सरकारी हैंड पंप को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों की समस्या को गंभीरता से लेकर जांच जिम्मेदारों को पुलिस टीम के साथ कराने के आदेश दिये है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा मौके पर जांच पड़ताल की जाए, अगर वास्तविक ऐतिहासिक कुआं तथा सरकारी हैंड पंप पर कब्जा किया जा रहा हो तो तत्काल कब्जा रुकवाया जाए।

## अज्ञात वाहन चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासगंज के थाना दरियावगंज निवासी ईश्वर देवी ने दी तहरीर में बताया कि 27 मार्च को उनके पति रवि प्रकाश जनपद बदायूं के थाना उसहैत के गांव खेड़ा किशनी स्थित अपनी ससुराल में बच्चों को लेने बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह कंपिल अटैना मार्ग पर पुलिस चेकपोस्ट के निकट पहुंचे। सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्रथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर स्वजन उन्हें इलाज के लिए कानपुर ले जा रहे थे। जहां रास्ते में उनकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे बोर्ड के शिवेन्द्र मोहन अधिवक्ता नियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


अधिवक्ता शिवेन्द्र मोहन मिश्रा

भारत सरकार मिनिस्ट्री ऑफरेलवे बोर्ड द्वारा अधिवक्ता शिवेंद्र मोहन मिश्रा को पैनल एडवोकेट नियुक्त किया गया है।

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय द्वारा अधिवक्ता शिवेन्द्र मोहन मिश्रा को पैनल में शामिल किया गया है। अब वह अधिवक्ता रहते हुए रेलवे संबंधित मुकदमों का प्रबंधन करेंगे और सूचीबद्ध मामलों पर निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन के हितों में कार्य करेंगे। डीजीएम आलोक कुमार ने हस्ताक्षर कर अधिवक्ता शिवेन्द्र मोहन मिश्रा को रेलवे बोर्ड द्वारा पैनल एडवोकेट नियुक्त किया है। रेलवे बोर्ड पैनल एडवोकेट बनने पर शिवेन्द्र मोहन मिश्रा का फतेहगढ़ कचहरी प्रांगण में अधिवक्ताओं ने स्वागत किया और मिष्ठान खिलाकर बधाई दी।

> सूचीबद्ध मामलों पर निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन के हितों में कार्य करेंगे

# रामानंद बा.इं.का. के प्रवक्ता सुनील दीक्षित को दी विदाई


प्रवक्ता सुनील दीक्षित को सम्मानित करते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज के अंग्रेजी प्रवक्ता सुनील कुमार दीक्षित के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। रेलवे रोड स्थित स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज के प्रांगण में अंग्रेजी प्रवक्ता सुनील कुमार दीक्षित का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर प्रवक्ता सुनील कुमार दीक्षित व प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार सिंह रघुवंशी ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। शिक्षकों ने सुनील कुमार दीक्षित का माल्यार्पण कर स्वागत किया और शॉल ओड़ाकर व उपहार देकर उन्हें विदाई दी। सुनील कुमार दीक्षित ने कहा कि जीवन के 60 वर्ष पता ही नहीं चले और कब बीत गये। लोगों का प्यार मिला। विद्यालय के सभी लोगों ने मेरा हर कार्य में सहयोग किया। विद्यालय में पढ़ाते समय शिक्षकों के बीच एक परिवार जैसा रिश्ता बन गया और इस रिश्ते में बंधते चले गये। विदाई समारोह के दौरान शिक्षकों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। कई शिक्षक भावुक भी हुए। अध्यापक राजीव दीक्षित ने सुनील कुमार के साथ कुछ अनुभव साझा किये। प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर मनोज कुमार शुक्ला, मोहम्मद यूसुफ खान, अमित कुमार, नेहा मसीह, राहुल देव, राखी त्रिवेदी, सीमा कुमारी, के अलावा शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में ग्रामीणों को किया गया सम्मानित


कार्यक्रम को संबोधित करती मिथलेश अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित गांव/बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत अचरा मंडल के बेहटा मुरलीधर ग्राम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मिथलेश अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया और स्थापना दिवस के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। अचरा मण्डल अध्यक्ष कुनेन्द्र गंगवार ने ग्रामीणों को सम्मानित किया और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारियां दी गई। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष मुकेश दुबे, शक्ति केन्द्र संयोजक बालिस्टर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# 30 अप्रैल तक सभी किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवा लें: डीएम

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


ग्रामीणों को जानकारी देते डीएम

ग्राम पंचायत सिरौली में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने तथा भूमि अधिग्रहण के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, उप कृषि निदेशक, क्षेत्रीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। डीएम ने किसानों को बताया कि सभी किसान 30 अप्रैल तक अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य रूप से बनवा लें। अन्यथा की स्थिति में उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाएं भी बाधित हो जाएंगी। उर्वरक क्रय हेतु भी फार्मर रजिस्ट्री आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। डीएम ने सभी किसानों से अपील की कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने आसपास के अन्य किसानों की भी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री आईडी किसान अपने स्वयं के मोबाइल, जन सुविधा केंद्र अथवा क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों के माध्यम से बनवा सकते हैं। ग्राम पंचायत सिरौली में कुल 5600 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जानी है, जिसमें से अब तक 2900 किसानों की आईडी बनाई जा चुकी है। शेष किसानों की आईडी शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### वैदिक सत्संग व यज्ञ आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य समाज कमालगंज में 12 अप्रैल रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं वैदिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न होगा तथा सत्संग में धर्म, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों के साथ-साथ आध्यत्मिक विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। इस आयोजन में आर्य समाज के सदस्यगण, धर्मप्रेमी नागरिक एवं युवा वर्ग बढ-चढ़कर भाग लेंगे। यह जानकारी संदीप आर्य ने दी है।

### सपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक रविवार 12 अप्रैल प्रातः 11 बजे पार्टी कार्यालय आवास विकास पर सम्पन्न होगी। मुख्य उद्देश्य 2027 की विधानसभा चुनाव के बारे में चर्चा और अपने-अपने क्षेत्र के पूर्व सैनिकों एवं जनता के बीच जाकर समाजवादी सरकार के काम को अवगत कराना है। पदाधिकारियों को अनिवार्य रुप से बैठक में उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने दी है।

### किशोरी नगदी व जेवरात लेकर फरार

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 8 अप्रैल को एक 15 वर्षीय किशोरी घर से गायब हो गई। किशोरी अपने साथ घर में रखे जेवर और 10,000 रुपये नकद भी ले गई है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने बताया कि उनकी बेटी सुबह करीब 9 बजे गांव के डॉक्टर के पास दवा लेने गई थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। घर की तलाशी लेने पर पता चला कि किशोरी अपने साथ कानों के झाले, चांदी का बिछुआ, एक जोड़ी पायल, सोने की अंगूठी और घर में रखे 10,000 रुपये नकद भी ले गई है। उनकी बेटी किसी अज्ञात व्यक्ति से फोन पर बात करती थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामला पंजीकृत कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र मलिक द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### फर्जी वोटरों पर रोक के लिए जरूरी था एसआईआरः असीम अरुण

> बोले, शुद्ध मतदाता सूची से बढ़ेगी पारदर्शिता

**कन्नौज।** अखिलेश यादव के एसआईआर में वोट कटने वाले बयान पर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि फर्जी वोटरों को हटाने के लिए एसआईआर अभियान बेहद जरूरी था। मंत्री ने कहा कि पहले मतदाता सूची में गड़बड़ियों के कारण वोटिंग प्रतिशत प्रभावित होता था, लेकिन अब शुद्धिकरण के बाद स्थिति में सुधार आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसके वोटर घटेंगे या बढ़ेंगे, यह कहना अभी मुश्किल है, लेकिन यह निश्चित है कि जो मतदाता सूची में रहेंगे, वे वास्तविक होंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एसआईआर अभियान से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और घपलेबाजी की संभावना न के बराबर रह जाएगी।

# पीडीए समाज के महान पथ प्रदर्शक थे महात्मा ज्योतिबा राव फुले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


महात्मा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभी पदाधिकारियों ने महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन मूल्य एवं विचारों पर चर्चा की।

कार्यक्रम प्रभारी संतोष दिवाकर, एवं संचालन मुन्ना यादव ने किया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा महात्मा फुले का पूरा जीवन पीडीए समाज को समर्पित रहा है। उन्होंने समाज में समता की बात की। वह सदैव पाखंड और अज्ञानता के खिलाफ खड़े रहे। समाज में आज भी उन्हें बड़े समाज सुधारक और शैक्षिक क्रांति के योद्धा रूप में याद किया जाता है, पीडीए समाज के लिए उनके विचार आज भी बहुमूल्य हैं। सर्वेश अंबेडकर ने विचार व्यक्त किये। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष संतोष दिवाकर का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, निजाम अंसारी, राजपाल यादव, शिवम पटेल, जियाउल हक, सद्दाम हुसैन, बालिस्टर सिंह यादव, जितेंद्र सिंह यादव, नागेंद्र सिंह यादव, अशोक अंबेडकर, केशव पाल, विवेक भारद्वाज, राधेश्याम सविता आदि मौजूद रहे।

## भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में गांव चलो अभियान में विभिन्न वार्ड गंगा दरवाजा, दत्तू नगला, चिलौली, पृथ्वी दरवाजा, चिंलाका में चौपाल का आयोजन किया गया। दत्तू नगला की चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत उपस्थित रहे। चिलौली की चौपाल में ब्लॉक प्रमुख चाचा अरुण दुबे एवं अनुराधा दुबे की उपस्थिति रही। गंगा दरवाजा व पृथ्वी दरवाजा की चौपाल में पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य मिथिलेश अग्रवाल उपस्थिति रही। इस दौरान मनोज तिवारी, देवेंद्र दुबे, आरती कश्यप आदि उपस्थित रहे। वरिष्ठ जनों का स्वागत सम्मान किया गया। सभी कार्यकर्ता सभी पदाधिकारी ने संकल्प लिया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की जो भी धरातल पर योजनाएं चल रही है उनको जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक के रूप में सागर दुबे, रोहित गुप्ता, सुनील चक, अशोक वर्मा, सचिन शर्मा, सुनील गुप्ता, प्रदीप शाक्या, सागर गुप्ता, उत्तम कोरी, सचिन कोरी, अमर गुप्ता, अखिलेश शर्मा, बबीता वर्मा, अंबुज गंगवार, सचिन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कैंप का हुआ आयोजन 50 गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

> टीकाकरण करने वाली एएनएम को विशेष रूप से दिए गए निर्देश

राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत ग्राम अमृतपुर में आयुष्मान भारत योजना के तहत कैंप आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड (गोल्डन कार्ड) बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया गया है कि कैंप लगाकर प्रत्येक स्थान पर कम से कम 50 गोल्डन कार्ड बनाए जाएं। साथ ही टीकाकरण करने वाली एएनएम को विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं कि वे टीकाकरण स्थल पर ही उपस्थित लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को अलग से भटकना न पड़े। बीसीपीएम विनिता द्वारा कैंप की व्यवस्थाओं और प्रगति की जांच की गई। उन्होंने एएनएमए सीएचओ एवं संगिनी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाने और लक्ष्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। कैंप के दौरान एएनएम नम्रता, संगिनी पूजा, संगिनी सीता एवं आशा कार्यकत्री कुंती मौके पर मौजूद रही।

# प्रियांका कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने वार्षिकोत्सव में मचाया धमाल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**


छात्रा को सम्मानित करते ब्लाक प्रमुख

अमृतपुर स्थित प्रियांका कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, गीत एवं भाषण ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संचालन शिक्षक डॉ. अश्वनी मिश्रा एवं रागिनी बाजपेई ने किया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजेपुर पल्लव सोमवंशी एवं विशिष्ट अतिथि अनुराग सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य अविनाश कुमार पचौरी एवं डायरेक्टर अमित कुमर के कुशल निर्देशन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

बच्चों के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी शिक्षिका शिवानी एवं शैलजा द्वारा सुनियोजित रूप से कराई गई। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य नितिन कुमार, अजय नाथ, संजय शर्मा, सचिन बाजपेई, विट्ठलनाथ, सनी सिंह, राजेश यादव तथा शिक्षिकाओं में रचना, शिवा, अशी, मुस्कान, हिमांशी आदि मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े नाबालिग के कथित अपहरण से सनसनी

# कार्रवाई के बजाय दबाव के आरोप, मूड़ा चौकी पुलिस पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

लखीमपुर खीरी के कोतवाली गोला क्षेत्र की पुलिस चौकी मूड़ा इलाके में नाबालिग युवक के कथित अपहरण का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कार्रवाई करने के बजाय उन पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है।

एस पी को दी गई तहरीर के मुताबिक, ग्राम बख्शीसपुर मजरा रहीमनगर ग्रांट निवासी नीमा देवी पत्नी रामपाल का करीब 16 वर्षीय पुत्र 18 मार्च 2026 की शाम लगभग 6 बजे घर के बाहर खड़ा



था। इसी दौरान सफेद रंग की कार में सवार कुछ युवक पहुंचे और कथित तौर पर उसे जबरन वाहन में बैठाकर ले गए।

घटना के बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि अब तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उल्टा, पुलिस की ओर से समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे परिवार में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इस बीच पीड़िता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह पुलिस पर लापरवाही और आरोपियों को बचाने के आरोप लगाते हुए कुछ नामों का भी जिक्र कर रही है। वीडियो वायरल होने के बाद भी कार्रवाई न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पुलिस का पक्ष

मामले में जब गोला कोतवाली के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया, तो संबंधित चौकी इंचार्ज से बात करने की बात कही गई। वहीं संबंधित चौकी इंचार्ज सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से आपसी विवाद चल रहा है। उनका कहना है कि वर्तमान ग्राम प्रधान पर दबाव बनाने के उद्देश्य से यह तहरीर दी गई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किशोर नाराज होकर खुद ही घर से चला गया है, अपहरण जैसी कोई घटना नहीं हुई है।

# बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल गोला में किसानों को मिला आधुनिक आरएमडी कृषि यंत्र, पेड़ी प्रबंधन होगा आसान



▸ लेबर संकट का समाधान बनी नई मशीन, गन्ना उत्पादन बढ़ाने में मिलेगी बड़ी मदद

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, यूनिट गोला द्वारा अपने मिल परिक्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। मिल परिसर में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर की उपस्थिति में किसानों को पेड़ी प्रबंधन हेतु आरएमडी (रैटोन्स मैनेजमेंट डिवाइस) कृषि यंत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर आशुतोष मधुकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कई किसान पेड़ी गन्ने के खेतों में सिंचाई, गुड़ाई और अन्य आवश्यक कार्यों की उपेक्षा कर देते हैं और पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर रहते हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस आधुनिक यंत्र का उपयोग कर अपनी खेती को उन्नत बनाएं। वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी ने बताया कि यह आरएमडी मशीन किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। यह एक ही बार में पेड़ी प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य–जैसे ठूंठों की कटाई, पुरानी जड़ों को तोड़ना, कतारों के बीच गुड़ाई, उर्वरक डालना और ठूंठों पर स्प्रे–आसानी से कर देती है। इससे समय और श्रम दोनों की बचत होती है।

## गैस उपभोक्ता ने एजेंसी मालिक पर लगाया मारपीट का आरोप

**जंग बहादुर गंज खीरी।** गोविंदापुर भारत गैस एजेंसी पर गैस लेने आये उपभोक्ता के साथ गैस मालिक ने मारपीट कर दी जिसके बाद सूचना पर 112 पुलिस ने आकर मामला शांत कराया 112 टीम के राजू चौधरी ने बताया कि मामले की सूचना एसएचओ पसगवां जितेंद्र कुमार सिंह को दी गई है । गैस एजेंसी पर मौजूद उज्जबला गैस उपभोक्ता सूर्यदीप ने बताया वह अपने बटाईदार रामप्रसाद की गैस पासबुक पर गैस लेने भारत गैस एजेंसी पर गैस लेने आया था जिस पर कई महीनों से गैस नही ली गई थी आज जब गैस खत्म हुई तो बटाईदार ने छुट्टी मांगी खेत पर काम होने के चलते गैस पासबुक वह खुद ही लेकर गैस लेने आ गया । लेकिन गैस की पासबुक जैसे ही गैस एजेंसी पर मैनेजर ने ली तो तुरंत ही आज की इंट्री गैस लेने की चढ़ा दी।

## खबरें एक नजर में

### थ्रेसर पलटने से दो महिला मजदूर गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**समृद्धि न्यूज़, (निघासन खीरी)।** क्षेत्र के मंझली पुरवा गांव में शनिवार को गेहूं की कटाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। ट्रैक्टर से जुड़ा थ्रेसर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उस पर सवार दो महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मंझली पुरवा निवासी लज्जावती (पत्नी हेतराम) और मोहिनी (पत्नी मिहीलाल) खेत में मजदूरी के लिए जा रही थीं। दोनों महिलाएं पिंटू के ट्रैक्टर-थ्रेसर के पाटा पर बैठकर घनश्याम के खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान खेत पर पहुंचते ही थ्रेसर अचानक असंतुलित होकर पलट गया और दोनों महिलाएं उसके नीचे दब गईं। हादसे में लज्जावती का एक हाथ कट गया, जबकि मोहिनी का एक हाथ और एक पैर टूट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन पहुंचाया गया। सीएचसी में तैनात डॉ. मोहित वीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### देवीदीन पुरवा में भीषण आग से तबाही, पांच घर जलकर खाक

**निघासन खीरी।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरोठा के मजरा देवीदीन पुरवा में शनिवार दोपहर अचानक लगी भीषण आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और पांच घर पूरी तरह जलकर राख हो गए, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे बहादुर के घर से आग की शुरुआत हुई। देखते ही देखते आग ने बहादुर, राम खेलावन, दिनेश कुमार, सोबरन और विजय पाल के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। झंडी चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल जगदीश प्रसाद ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। आगजनी में सोबरन की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। इसके अलावा एक इंजन तथा राम खेलावन का इंजन भी आग की भेंट चढ़ गया। घरों में रखा नगदी, कपड़े, अनाज व अन्य घरेलू सामान जलने से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।

### उचौलिया के ग्रामीणों ने पीलीभीत डिपो की बसों के स्टापेज की मांग की

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पीलीभीत को पत्र भेजकर उचौलिया में पीलीभीत डिपो की बसों का स्टापेज करने की मांग की है। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने ए आर एम पीलीभीत को भेजें पत्र में बताया है कि उचौलिया से रोजाना दर्जनों यात्री लखनऊ,बरेली, दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर, लखनऊ, सीतापुर आदि जगहों के लिए यात्रा करते हैं। लेकिन पीलीभीत डिपो के परिचालक उचौलिया से टिकट नहीं बनाते हैं। यदि कोई यात्री उचौलिया से लखनऊ के लिए बैठता है तो परिचालक 21 किलोमीटर पीछे शाहजहांपुर से टिकट बनाताहै। वहीं अगर कोई यात्री दिल्ली बरेली या रामपुर के लिए बैठता है तो परिचालक 11 किलोमीटर पहले जंग बहादुर गंज से टिकट बनाते हैं जिससे यात्रियों को आर्थिक नुकसान होता हैं। कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया है कि यहां पर हापुड़, कौशांबी, बड़ौत, साहिबाबाद, लोनी, रामपुर, मुरादाबाद, पीतल नगरी, बरेली रोहिलखंड कैसरबाग रास्ती नगर बहराइच, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोला, आदि बसों का स्टॉपेज है। मांग करने वालों में श्यामवीर सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता, चंदन गुप्ता, अजय, अमरीश गुप्ता आदि दर्जनों लोग शामिल है।

### अधिवक्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**मिर्जापुर।** जिले के कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के कतवारूपुरा मोहल्ले मे प्रातः बाइक सवार बदमाशो ने अधिवक्ता राजीव उर्फ रिंकू सिंह 40 वर्ष की गोली मार कर हत्या कर दी गई। रिंकू सिंह विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के देवरी गांव के निवासी बताये गये हैं। इनकी पत्नी गांव की प्रधान है। बदमाश गांव का ही निवासी बताया जा रहा है। मृतक के परिजनो के तहरीर पर नामजद आरोपियो के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर पुलिस कार्यवाही में जुट गई है। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक मौके पर पहुँच गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अधिवक्ता की हत्या से आक्रोशित अधिवक्ताओ ने पोस्टमार्टम हाउस के पास जाम लगाकर आक्रोश जताया।

### सपा कार्यालय पर मनाई गई, ज्योतिबा फुले की जयंती

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर शनिवार को सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में सामाजिक चिंतक व समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं ने ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन किया। गोष्ठी का आयोजन कर वक्ताओं ने ज्योतिबा फुले के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर वक्ताओ ने कहा कि ज्योतिबा फुले महिलाओं, दलितों और शोषितों के लिए जीवनभर कार्यरत रहे। वह भारतीय सामाजिक क्रान्ति के जनक, महान विचारक, समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक थे। देश में व्याप्त छुआछूत को खत्म करने और समाज को सशक्त बनाने में ज्योतिबा फुले ने अहम भूमिका निभाई थी। उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे में हुआ था। उन दिनों महिलाओं की शिक्षा को लेकर लोग उदासीन थे। इन कुरीतियों से समाज को मुक्त करने के लिए उन्होंने बड़े पैमाने पर आंदोलन भी चलाया था। गोष्ठी में पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह पटेल, अशोक यादव, दामोदर प्रसाद मौर्या,आशीष यादव, विवेक कुशवाहा, राजेश भारती, संतोष गोयल, मेवालाल प्रजापति, रवि सोनकर, कल्लू यादव, संदेश यादव, विन्नम शर्मा, लकी यादव, डा0 शक्ति श्रीवास्तव, चिंतामणी यादव, आशीष कोल, जहाँ आरा, आजाद, मनोज चौहान, जीवनदास मौर्या, केशरीनंदन शर्मा, आकाश यादव, फैज अहमद, चंदन यादव, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

### स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली

**हलिया (मिर्जापुर)।** बेसिक शिक्षा विभाग कार्यालय हलिया द्वारा शनिवार 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों का भारी संख्या में नामांकन कराने के लिए स्कूल चलो अभियानश् रैली का आयोजन किया गया।

# ट्रांसफार्मर न हटने से हादसे का खतरा सड़क चौड़ीकरण कार्य भी बाधित

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।**

नगर के बाईपास रोड पर सड़क चौड़ीकरण कार्य के बीच विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है। मोहल्ला अहिरान-2 निवासी रमेशचन्द्र गुप्ता ने आरोप लगाया है कि उनके प्लॉट के सामने लगा विद्युत ट्रांसफार्मर न केवल दुर्घटना का कारण बन सकता है, बल्कि चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य में भी बाधा उत्पन्न कर रहा है। प्रार्थी के अनुसार उक्त ट्रांसफार्मर से 11 हजार वोल्ट की विद्युत आपूर्ति बाईपास रोड के दूसरी ओर स्थित होटल लैंडमार्क (प्रेम बर्फ मिल) को दी जा रही है, जबकि अन्य उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल रहा। ट्रांसफार्मर से जुड़ी केबिल सड़क के ऊपर काफी नीचे लटक रही है, जिससे प्रतिदिन गुजरने वाले भारी मालवाहक वाहनों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

रमेशचन्द्र गुप्ता ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि महेवागंज से बंशीनगर तक 10 मीटर सड़क चौड़ीकरण योजना के अंतर्गत विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मरों के शिफ्टिंग कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा विद्युत विभाग (द्वितीय गोला डिवीजन) को करीब 5 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसके बावजूद संबंधित ट्रांसफार्मर को अब तक स्थानांतरित नहीं किया गया है। वर्तमान में पलिया नगर में बाईपास रोड के दोनों ओर लगभग 2-2 मीटर चौड़ीकरण कार्य तेजी से चल रहा है।

# 27 साल बाद सजी यादों की महफिल: कुंवर खुशवक्त राय स्कूल में गुरु-शिष्य संगम बना मिसाल

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी।** शहर के प्रतिष्ठित कुंवर खुशवक्त राय विद्यालय का प्रांगण 27 वर्षों बाद एक बार फिर भावनाओं, यादों और सम्मान से सराबोर हो उठा। वर्ष 1998-99 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं ने ऐसा भव्य रीयूनियन आयोजित किया, जिसने इसे केवल मिलन समारोह नहीं बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा के जीवंत उत्सव में बदल दिया। इस विशेष अवसर की सबसे भावुक झलक तब देखने को मिली, जब पूर्व छात्रों ने करीब 50 से अधिक पुराने शिक्षकों को खोजकर उन्हें समारोह में आमंत्रित किया और सम्मानित किया। हरदोई, शाहजहांपुर, सीतापुर, लखनऊ और प्रयागराज जैसे शहरों



से पहुंचे शिक्षक अपने शिष्यों के बीच लौटकर भावुक हो उठे। विद्यालय की नींव रखने वाली सरोजिनी गुप्ता की दूरदर्शिता और संस्कारों की छाप आज भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। वर्तमान में विजय गुप्ता के प्रबंधन और प्रधानाचार्य भारती दीदी के नेतृत्व में विद्यालय लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और स्वागत के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला गया तथा दिवंगत शिक्षकों और साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन ने पुराने स्कूल जीवन की यादों को जीवंत कर दिया, जिससे पूरा माहौल भावुक हो गया। इस आयोजन की नींव 14 जनवरी को निहारिका और विशाल ने एक व्हाट्सएप समूह बनाकर रखी थी, जिसके माध्यम से 'ईच वन, रीच वन' के भाव से सभी साथियों को जोड़ा गया। आयोजन की जिम्मेदारी हरविंदर और स्वीटी ने संभाली, जबकि लवली, शुभा, नवीन, सौरभ, रजनी, दीप्ति, अनुज, सौम्या और नीतू सहित पूरी टीम ने विभिन्न व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक निभाया।

रीयूनियन में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं और सैकड़ों पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वर्षों बाद जब साथी एक-दूसरे से मिले, तो भावनाएं शब्दों से परे थीं–आंखें नम थीं, दिल खुश था और पुरानी यादें फिर से ताजा हो उठीं।

# समृद्ध लोगों को 'मजदूर' दिखाकर भुगतान का आरोप वजीरनगर पंचायत में घोटाले की आशंका

**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक बाँकेगंज की ग्राम पंचायत वजीरनगर में विकास कार्यों और मनरेगा के तहत बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में ऐसे लोगों को मजदूर दिखाकर भुगतान किया गया है, जो आर्थिक रूप से संपन्न हैं और जिनका वास्तविक रूप से मजदूरी कार्य से कोई संबंध नहीं है। इससे पूरे मामले में घोटाले की आशंका गहरा गई है। ग्रामीणों के मुताबिक, प्रधानी संचालन से जुड़े लोगों ने अपने करीबी और परिजनों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए उन्हें 'लेबर' के रूप में दर्ज कराया। आरोप है कि अंकित वर्मा



और द्रगपाल पुत्र श्याम गिरी जैसे नाम, जो प्रधान प्रतिनिधि के खास बताए जाते हैं, उन्हें अलग-अलग कार्यों में दर्ज कर भुगतान लिया गया। ग्रामीणों का दावा है कि ये लोग न तो जरूरतमंद हैं और न ही नियमित मजदूर, बल्कि आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग से आते हैं। मामले को और गंभीर बनाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि कुछ व्यक्तियों को एक ही समय में अलग-अलग भूमिकाओं में दिखाया गया। कहीं उन्हें मजदूर तो कहीं सफाई कर्मी के रूप में दर्ज कर भुगतान किया गया, जिससे यह संदेह और गहरा गया कि कागजी हेरफेर कर सरकारी धनराशि निकाली गई है। यह भी आरोप है कि मनरेगा जैसी योजना, जिसका उद्देश्य गरीबों को रोजगार देना है, उसमें भी फर्जी नामों के जरिए भुगतान किया गया। गांव में कराए गए विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में भले ही कार्य पूर्ण दिखाए गए हों, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका कोई ठोस प्रभाव नजर नहीं आता। ऐसे में यह संदेह और मजबूत हो जाता है कि धनराशि का सही उपयोग नहीं किया गया।

पूरे मामले में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना उनकी जानकारी और सहमति के इस तरह के भुगतान संभव नहीं हैं।

वहीं पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार सविता ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जिन लोगों ने काम किया है, उनका भुगतान किया गया है और कुछ कार्य निगरानी से जुड़े भी होते हैं। हालांकि, समृद्ध लोगों के नाम मजदूरी सूची में आने को लेकर उनका जवाब स्पष्ट नहीं माना जा रहा है।

### शैक्षिक संगोष्ठी में शिक्षकों का सम्मान, नई कार्यकारिणी का गठन

**समृद्धि न्यूज़ निघासन (खीरी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की निघासन ब्लॉक इकाई की ओर से शनिवार को ब्लॉक सभागार में शैक्षिक संगोष्ठी एवं सेवानिवृत्त व स्थानांतरित शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' रहे। समारोह में राममनोरथ, बलवीर सिंह, अपराजिता लाहिड़ी और विजय कुमार सहित कई शिक्षकों को माल्यार्पण, वेलकम बैज व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्थानांतरण पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रतीक दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद मिश्रा (फूलबेहड़ ब्लॉक) और हनुमतशरण तिवारी (नकहा ब्लॉक) को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन हनुमान शरण ने किया। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए उनके शैक्षिक योगदान को रेखांकित किया। बताया गया कि अपराजिता लाहिड़ी ने वर्ष 1986 में बहराइच जनपद से अपनी सेवा शुरू की थी, जबकि विजय कुमार और बलवीर सिंह ने 1991 में अध्यापक पद संभाला। राममनोरथ ने वर्ष 2009 में सेवाएं प्रारंभ कीं। मुख्य अतिथि अजय मिश्रा 'टेनी' ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं और उनके अनुभव से नई पीढ़ी को दिशा मिलती है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों से समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई, जिसमें सर्वसम्मति से राजीव पांडे को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष का मुख्य अतिथि सहित सभी शिक्षकों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## सहारनपुर के युवा अधिवक्ताओं ने किया उत्तराखंड वरिष्ठ बार सदस्यों का स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, सहारनपुर।** उत्तराखंड में हमारे अधिवक्ता गण के सामने काफ़ी चुनौतियां हैं, जब मैडम रज़िया बैग और राव मुँफैत खान बार संघ के सरपस्त रहे तो समय समय पर अधिवक्ता साथी सरलता पूर्वक प्रैक्टिस करते रहे।



किंतु कुछ समय से नए अधिवक्तागण को काफ़ी दुश्वारियों हैं। उनकी समस्याओं का समाधान अति आवश्यक है। राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व संयुक्त सचिव सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन जमाल साबरी एडवोकेट ने अपने अधिवक्ता साथियों जुबैर अली एडवोकेट,पुष्पेन्द्र कुमार, रूमन लाम्बा,मेघतेश्वर, हसरत, हसीन, अज़ीम रज़ा, एडवोकेट राहिल रज़ा के साथ कल देहरादून सिविल कोर्ट पहुंच कर उत्तरा खंड के नवनिर्वाचित सदस्यों को बुके भेंट कर अपने सभी वरिष्ठ अधिवक्तागण का स्वागत किया। जिसमे पूर्व चैयरमैन एवं नवनिर्वाचित सदस्या बार कॉउन्सिल ऑफ उत्तराखंड रज़िया बेग़ एवं पूर्व चैयरमेन व नवनिर्वाचित सदस्य बार कॉउन्सिल ऑफ उत्तराखंड मुन्फेत अली खान एवं राकेश गुप्ता को मिलकर सभी अधिवक्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि उत्तराखंड के नौजवान साथियों के चैंबर के साथ साथ उनकी दीगर समस्याओं का समाधान भी पहले की भांति सुनिश्चित किया जाएगा।

# गोला क्रिकेट अकादमी सेमीफाइनल में प्रेसिडेंट पार्क टाइगर्स को हराया

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज मैदान में आयोजित चैंपियंस कप सीजन-2 के मुकाबले लगातार रोमांचक होते जा रहे हैं। शनिवार को खेले गए पांचवें मैच में श्री कुंज पैथोलॉजी स्ट्राइकर ने मस्कुलर फिटनेस को एकतरफा मुकाबले में हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्ट्राइकर टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 199 रन बनाए। अभिनय ने 37 गेंदों पर 71 रन की शानदार पारी खेली, जबकि हार्दिक सैनी ने 45 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में मस्कुलर फिटनेस की टीम शुरुआत से ही दबाव में रही और मात्र 71 रन पर सिमट गई। हार्दिक सैनी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच चुने गए। छठे मैच में गोला क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रेसिडेंट पार्क टाइगर्स को हराकर



सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए अकादमी ने 162/3 रन बनाए, जिसमें राज जायसवाल (67) और अनुराग (39) की महत्वपूर्ण पारियां शामिल रहीं। लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर्स की टीम 100/8 रन ही बना सकी।

गोला की ओर से चित्रांश ने 3 और आलोक ने 2 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से दस किसानों का 22 बीघा गेंहू का बोझ जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डोहर गांव के सिवान स्थित खेत में शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से दस किसानों के बाइस बीघा दस विस्वा गेंहू का बोझ आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने आग पर बाल्टी डब्बा के पानी से काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफ्लता नहीं मिल पायी आगजनी की घटना से गेंहू का बोझ चलकर राख हो गया है । आग करीब आधा किलोमीटर तक फैल गई थी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष व राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर आगजनी से हुई क्षति का आकलन करते हुए फ्यर बिग्रेड को सूचना दिया मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से



काबू पाया है। क्षेत्र के डोहर गांव निवासी किसान श्याम सुंदर की आठ बीघा की फसल के बोझ में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई और सुरेश के चार बीघा व छोटेलाल का डेढ़ बीघा, गिरधारी का डेढ़ बीघा, महाजन का डेढ़ बीघा, लालचंद का डेढ़ बीघा, कमलाशंकर का डेढ़ बीघा, कृपा शंकर का डेढ़ बीघा, भाई लाल का एक बीघा, बसंन्तु का दस विस्वा गेंहू का बोझ जलकर राख हो गया। आग बिकराल रूप धारण कर तेजी से आगे बढ़ने लगी की ग्रामीणों ने बाल्टी डब्बा में पानी लेकर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफ्लता नहीं मिल पाई सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व राजस्व निरीक्षक प्रमोद सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल नवीन श्रीवास्तव, आशीष पाण्डेय व अमर बहादुर यादव ने मौके पर पहुंचकर आगजनी से हुई क्षति का आकलन करते हुए तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दिया जिला मुख्यालय से पहुंची फायर बिग्रेड वाहन के कर्मियों ने आग पर काबू पाया है आगजनी की घटना से किसानों की काफी क्षति हुई है। आगजनी से हुई क्षति की क्षतिपूर्ति के लिए मांग किया है।

## दुकान में रखा लाखो रुपए मूल्य का आभूषण चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर में बीती शुक्रवारध्शनिवार को आधी रात के बाद चोरों ने दुकान का शटर चाड़ कर दुकान में रखा लाखो रुपए मूल्य का आभूषण चोरी कर लिए। घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और सीसीटीवी कैमरे में देखें जा रहे चोरों को शिनाख्त में जूट गई हैं। लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत वाराणसी रीवा हाईवे के लहंगपुर ओवरब्रिज के पास बामी रोड पर शिवजी ज्वेलर्स की दुकान में बीते आधी रात के बाद करीब 1.45 बजे शटर चाड़कर भीतर दाखिल हुए चोरों ने तीन लाख मूल्य के करीब सवा किलो चांदी के आभूषण उठा ले गए। इसकी जानकारी शनिवार को सुबह आभूषण की दुकान के बगल में दुकान खोलने पहुंचे अन्य दुकानदारों ने देखा शटर चाड़ा गया है,यह देख मीरजापुर के नकहरा नई बस्ती निवासी आभूषण व्यवसायी मोहन सेठ को सूचित किए। मोहन सेठ आनन फानन में मौके पर पहुंचे तो दुकान का शटर चाड़ा देख उनके होश उड़ गए। शटर उठाकर दुकान में देखा तो चांदी के आभूषण गायब था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की।